# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: BHOPAL:** RENAULT Bhopal New Mob: +91 9289220870. **AGAR:** RENAULT Agar Mob: +91 9311700681. **ANUPPUR:** RENAULT Anuppur Mob: +91 9289357271. **BALAGHAT:** RENAULT Balaghat Mob: + 91 9667215170. **BETUL:** RENAULT Betul Mob: +91 9311700682. **CHHATARPUR:** RENAULT Chhatarpur Mob: +91 7603868297. **CHHINDWARA:** RENAULT Chhindwara Mob: +91 9667215285. **DAMOH:** RENAULT Damoh Mob: +91 9289263623. **DEWAS:** RENAULT Dewas Mob: + 91 9667214750. **GUNA:** RENAULT Guna Mob: +91 7838104991. **GWALIOR:** RENAULT Gwalior City Mob: +91 8448383235. **INDORE:** RENAULT Indore (Dewas Naka) Mob: +91 7428190241, RENAULT Indore East Mob: +91 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT Jabalpur (Karmeta) Mob: +91 7290014986, RENAULT Jabalpur West Mob: +91 7291980314. **KATNI:** RENAULT Katni Mob: +91 9289279578. **NARSINGHPUR:** RENAULT Narsinghpur Mob: +91 9667215199. **NEEMUCH:** RENAULT Neemuch Mob: +91 9667214785. **MANDSAUR:** RENAULT Mandsaur Mob: +91 9667214917. **REWA:** RENAULT Rewa Mob: +91 8376903071. **SAGAR:** RENAULT Sagar Mob: +91 9311340949. **SATNA:** RENAULT Satna Mob: +91 7290094892. **SHAHDOL:** RENAULT Shahdol Mob: +91 7029805696. **SIDHI:** RENAULT Sidhi Mob: +91 8376904710. **UJJAIN:** RENAULT Ujjain Mob: +91 9667214881.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023


**धार्मिक उत्सव की धूम...**



**तिरुवनंतपुरम।** सोमवार को तिरुवनंतपुरम के श्रीकांतेश्वरम मंदिर में वार्षिक उत्सव के ध्वजारोहण समारोह (कोडियेट्टम) का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की जगह 'भारतीय दूरसंचार विधेयक-2023' नया बिल पेश

# सिम कार्ड के लिए लगेगा 'अंगूठा', बिना सहमति नहीं भेज सकेंगे प्रोफेशनल मैसेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम को बदलने से संबंधित भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को सोमवार को लोकसभा में पेश किया। संचार, इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के जोरदार हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया। इस विधेयक के जरिये सरकार नया दूरसंचार कानून बनाने का प्रस्ताव कर रही है, जो टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की जगह लेगा। इस विधेयक को मंत्रिमंडल ने अगस्त में मंजूरी दी थी। इस मसौदा कानून के जरिये ▶▶ शेष पेज 4 पर

*केंद्र सरकार ने 138 साल पुराने इंडियन टेलीग्रॉफ एक्ट को बदलने के लिए लोकसभा में भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को पेश कर दिया है। नए कानून में सिम कार्ड के लिए बायोमैट्रिक जरूरी होगा। इसके अलावा आपात स्थिति में किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेक ओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने का अधिकार सरकार के पास होगा, वहीं कोई भी कंपनी ग्राहक की सहमति के बिना प्रोफेशनल मैसेज नहीं भेज सकेंगी।*

**उपभोक्ताओं को बेवजह विज्ञापन वाले मैसेज से मिलेगी राहत**

**नए बिल में क्या**

- सरकार के पास होगा अधिकार, पब्लिक सेफ्टी के लिए टेकओवर या सस्पेंड कर सकेगी मोबाइल नेटवर्क
- इंटरनेट आधारित कॉलिंग और मैसेजिंग सेवाओं के एक महत्वपूर्ण हिस्से को दूरसंचार नियमों के दायरे से मिल सकेगी छूट



**पहले ग्राहक की सहमति फिर विज्ञापन की...**

इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि कंज्यूमर्स को गुड्स, सर्विसेज के लिए विज्ञापन और प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले उनकी सहमति लेनी होगी। इसमें यह भी बताया गया है कि टेलीकॉम सर्विसेज देने वाली कंपनी को एक ऑनलाइन मैकेनिज्म बनाना होगा। जिससे यूजर्स अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सके।

**इन कंपनियों को फायदा**

*नए बिल में टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन को बायपास करने का भी प्रावधान है। नए बिल से रिलायंस जियो, भारती एयरटेल के वनवेब और एलन मस्क के स्टारलिंक जैसे प्लेयर्स को फायदा होगा।*

***अवैध फोन टैपिंग पर 3 साल की जेल, 2 करोड़ जुर्माना:*** *अवैध रूप से फोन संचार को बाधित करना, अनधिकृत डेटा स्थानांतरण या दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच हासिल करने का प्रयास करने पर जल्द ही तीन साल तक की कैद की सजा या दो करोड़ रुपए तक* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**...तो फिर सरकार का नियंत्रण**

टेलीकम्युनिकेशन बिल, 2023 के प्रावधानों के मुताबिक आपदा प्रबंधन या पब्लिक सेफ्टी के हित में किसी भी आपातकाल की घटना पर, केंद्र या राज्य सरकार का कोई भी अधिकृत अधिकारी किसी भी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस या टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क पर अस्थाई कब्जा ले सकता है। टेलीकम्यूनिकेशन बिल के तहत सरकार दूरसंचार विधेयक के मसौदे में यूजर्स की सेफ्टी को बढ़ाने के लिए ओवर-द-टॉप या इंटरनेट आधारित कॉलिंग एवं मैसेजिंग ऐप्स को दूरसंचार की परिभाषा के तहत लाने का प्रस्ताव है।

## खबर संक्षेप

### अयोध्याः 40 स्थानों पर भंडारा चाय-पानी का रहेगा इंतजाम



**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होना है। ऐसे में सारी तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रेस वार्ता कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी तमाम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी, 2024 को पीएम मोदी ठीक 11 बजे रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेंगे। फिर साढ़े 11 बजे तक भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचेंगे। उद्घाटन के अगले ही दिन यानी 23 जनवरी से ही जनता को भगवान राम के दर्शन की अनुमति दे दी जाएगी। तीन जगह पर रुकने की व्यवस्था राय के मुताबिक, अयोध्या के कारसेवकपुरम में 1000 लोगों के लिए रैनबसेरा टाइप रुकने की व्यवस्था होगी।

### बंगला खाली करने का नोटिस, कोर्ट पहुंचीं महुआ



**नई दिल्ली।** संसद से निलंबन के बाद महुआ मोइत्रा को बंगला खाली करने का नोटिस मिला है। इसको लेकर टीएमसी नेता ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। याचिका में महुआ ने दलील दी है कि उनकी सांसदी जाने का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में उन्हें तत्काल बंगला खाली करने बाध्य नहीं किया जाए। सांसद ने आग्रह किया है कि संपदा निदेशालय के आदेश को रद्द कर दिया जाए या फिर 2024 लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक वैकल्पिक रूप से आवास पर कब्जा बरकरार रहने दिया जाए। केस में मंगलवार को जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद सुनवाई करेंगे। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा को अनैतिक आचरण का दोषी पाए जाने पर 8 दिसंबर को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था।

### संसद में घुसपैठियों की करतूत के बाद विपक्ष लगातार कर रहा 'हंगामा,' सरकार से संसद में मांग रहा 'जवाब'

# अब तक '92'

**लोकसभा से पहले 14 और सोमवार को 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया**

## संसद में सेंध के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने पोस्टर लहराए, 78 सांसद निलंबित

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारी दो सिंपल और वास्तविक डिमांड हैं- पहली, गृह मंत्री संसद के दोनों सदनों में आकर इस मसले पर बयान दें। दूसरी, इस मसले पर डिटेल में चर्चा होनी चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव पर ये सभी सांसद किए गए निलंबित








भाजपा ने किया पलटवार, बोले किशन रेड्डी...

**11 सांसदों के मामले को प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया**



अधीर रंजन चौधरी



केसी वेणुगोपाल



रणजीत सुरजेवाला



टीआर बालू



सौगत रॉय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मामले को लेकर पोस्टर लेकर आए हंगामा काट रहे विपक्षी सांसदों पर गाज गिर गई।

सोमवार को लोकसभा से 33 व राज्यसभा से 45 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। यानी, दोनों सदनों से कुल 78 सांसद निलंबित किए गए। लोकसभा से पहले 14 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इस तरह अब तक कुल 92 सांसदों पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ये 34 पूरे सत्र के लिए बाहर**

जिन 34 सांसदों को पूरे सत्र से बाहर किया गया है, वे- प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, अमी याजनिक, नारणभाई जे. राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्तिसिंह गोहिल, केसी वेणुगोपाल, रजनी अशोकराव पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सुखेन्दु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, डॉ. शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम, एम. शनमुगम, एनआर एलंगो, डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू, आर. गिरिराजन, प्रो. मनोज कुमार झा, डॉ. फैयाज अहमद, डॉ. वी. सिवादासन, रामनाथ ठाकुर, अनिल प्रसाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना**

**कहा-न मोदी बोल रहे और शाह इसीलिए, संसद बार-बार स्थगित**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद सत्र चल रहा है। इंडिया गठबंधन की पार्टियां गृह मंत्री से घटनाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

**विपक्ष का ये पूरी तरह अभद्र व्यवहार**

लोकसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि विपक्ष ने अभद्र व्यवहार किया। विपक्ष असुरक्षित महसूस कर रहा है क्योंकि उनके पास पीएम मोदी की सरकार के खिलाफ कोई एजेंडा या मुद्दा नहीं है। अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित कर दिया है और हमने इसका समर्थन किया है।

### तो...करीब 80 लाख ड्राइवरों की चली जाएगी नौकरी

## मंत्री गडकरी ने कहा-भारत में नहीं आएंगी 'ड्राइवरलेस' कारें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर कहा है कि वह भारत में ड्राइवर रहित कारों की अनुमति नहीं देंगे।



उन्होंने कहा कि अगर देश में स्वायत्त वाहन लाए गए, तो 80 लाख ड्राइवर बेरोजगार हो जाएंगे। आईआईएम नागपुर में आयोजित जीरो माइल संवाद के दौरान देश में सड़क सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दुर्घटनाओं को कम करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार**

**टेस्ला इंक का स्वागत... पर चीन में निर्माण स्वीकार नहीं**

टेस्ला इंक के भारत में आने के सवाल पर, गडकरी ने कहा कि सरकार, भारत में अमेरिकी वाहन निर्माता का स्वागत करने के लिए तैयार है, लेकिन भारत में बिक्री के लिए चीन में निर्माण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। हाइड्रोजन को फ्यूचर ईंधन बताते हुए गडकरी ने बताया कि हम पब्लिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीजीआई में चल रही थी सर्जरी, फैला धुआं

## दम घुटने से महिला व बच्चे की मौत वेंटिलेटर फटने से आग की आशंका

**ओटी में स्पार्क से आग लगने की घटना, उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे में एक महिला व एक छोटे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। शहर के संजय गांधी ▶▶ शेष पेज 4 पर



**मुख्यमंत्री योगी ने लिया घटना का संज्ञान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है और वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गुजरात हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

## बलात्कार आखिर बलात्कार है चाहे पति ने ही क्यों न किया हो

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने कहा है कि बलात्कार आखिर बलात्कार होता है, भले ही यह किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ ही क्यों न किया गया हो। भारत में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर कायम चुप्पी को तोड़ने की जरूरत है। न्यायमूर्ति दिव्येश जोशी ने कहा कि भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की वास्तविक घटनाएं सामने आने वाले आंकड़ों से संभवतः



कहीं अधिक हैं। जहां यौन अपराधों को लड़के तो लड़के ही रहेंगे के चश्मे से देखा जाता है और अपराध को नज़रअंदाज़ किया जाता है, उसका पीड़ित लोगों पर एक स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

**क्या है आरोप**

आरोप है कि महिला के पति और बेटे ने बहू के साथ बलात्कार किया तथा पैसे कमाने के लालच में अश्लील साइट पर पोस्ट करने के लिए निर्वस्त्र अवस्था में उसके वीडियो बनाए। इसने कहा, ज्यादातर (महिला पर हमला या बलात्कार) मामलों में, सामान्य प्रथा यह है कि यदि पुरुष पति है, लेकिन वह पर पुरुष के समान आचरण करता है, तो उसे छूट दी जाती है।

# तमिलनाडु में बाढ़, 800 रेल यात्री फंसे, पटरियां डूबीं



**24 घंटे की अवधि के दौरान 95 सेंटीमीटर बारिश**

**खेत, सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न**

एजेंसी ▶▶ मदुरै

बाढ़ के कारण तमिलनाडु के तूत्तुक्कुडि जिले के श्रीवैकुंटम में लगभग 800 रेल यात्री फंस गए। मंदिर नगरी तिरुचेंदूर से चेन्नई जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री श्रीवैकुंटम में 20 घंटे फंसे हुए हैं, जो बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है। एक अधिकारी ने कहा कि फंसे यात्रियों को निकालने के लिए सभी प्रयास जारी हैं और एनडीआरएफ अधिकारियों को भी सतर्क कर दिया गया है। तिरुचेंदूर-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस 17 दिसंबर को रात आठ बजकर 25 मिनट पर तिरुचेंदूर से चेन्नई के लिए रवाना हुई।

**84** नौकाएं बचाव और राहत अभियान के लिए तैनात

**7,500** लोगों को इलाके से सुरक्षित निकाला गया

**62** लाख लोगों को एसएमएस से किया अलर्ट



**सड़कों पर पानी, उफान पर नदियां**

*मूसलाधार बारिश से दक्षिण तमिलनाडु के तिरुनेलवेली और थूथुकुडी सहित कई क्षेत्र जलमग्न हैं और यहां स्थित गांव, कस्बे, सड़कें और राजमार्ग में बाढ़ का पानी नदियों की तरह उफना रहा है। बाढ़ का पानी घुसने के कारण तिरुनेलवेली के सीवलापेरी इलाके में अनेक स्थानीय निवासियों ने दो मंजिला घरों की छत पर शरण ली है।*

### महिला ने पति की मांगी रिहाई

## हाईकोर्ट में याचिकाः मुझे संतान चाहिए, पति को जमानत दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट में संतान पैदा करने के लिए पति की रिहाई के लिए लगाई गई याचिका पर सुनवाई टल गई। सोमवार को लंच के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। शासन की ओर से पेश हुए वकील से महिला की मेडिकल रिपोर्ट मांगी गई।

- मेडिकल रिपोर्ट नहीं होने पर सुनवाई टली

फाइल में रिपोर्ट नहीं थी। इस पर जस्टिस विवेक अग्रवाल ने एक हफ्ते बाद मेडिकल रिपोर्ट के साथ पेश होने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले नवंबर में महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय के डीन को 5 डॉक्टरों की टीम गठित करने के आदेश दिए थे। कहा था कि मेडिकल टीम ये पता लगाए कि महिला गर्भधारण करने के लिए



फिट है या नहीं? अगली सुनवाई की तारीख 18 दिसंबर तय की थी। इस केस में सीनियर अधिवक्ता वसंत डैनियल के साथ शैफाली सराफ, दामिनी सिंह, बिलाल मंसूरी और गुंजन दुआ ने भी पैरवी की।

खंडवा की रहने वाली महिला ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि एक आपराधिक केस में दोषी पाए जाने पर पति को कारावास की सजा मिली है। मौजूदा समय में पति इंदौर जेल में बंद है। उसने इच्छा जाहिर की थी कि वह मातृत्व सुख पाना चाहती है, जिसके लिए पति को एक महीने के लिए अस्थाई जमानत दी जाए।

### कुलपति की जान बचाने जज की कार का इस्तेमाल करना अभाविप के दो नेताओं को पड़ा था भारी

इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीआईडी जांच के दिए हैं निर्देश

## आखिरकार, डकैती के केस में मानवीयता के आधार पर हाईकोर्ट से मिली 'जमानत'

*हाईकोर्ट ने माना कि इन दोनों द्वारा अपराध जरूर किया गया है, लेकिन नीयत अपराध की नहीं थी, बल्कि जान बचाने की थी। इसलिए, इन्हें जेल में रखा नहीं जा सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच से सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के पदाधिकारी हिमांशु श्रोती और सुकृत शर्मा को जमानत मिल गई है।

हाईकोर्ट ने माना कि इन दोनों द्वारा अपराध जरूर किया गया है, लेकिन नीयत अपराध की नहीं थी, बल्कि जान बचाने की थी। इसलिए, इन्हें जेल में रखा नहीं जा सकता है। इसलिए, कोर्ट ने दोनों छात्र नेताओं को मानवीयता के आधार पर जमानत दे दी है। वहीं, जमानत के बाद अभाविप और जेल में बंद हिमांशु व सुकृत के परिवार में उत्साह का माहौल है। हाई कोर्ट से सेंट्रल जेल में परवाना गया। देर रात तक हिमांशु और सुकृत शर्मा अपने घर पहुंच गए। दोनों छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के बाद लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ▶▶ शेष पेज 4 पर



संदीप वैष्णव प्रांत मंत्री अभाविप जानकारी देते हुए

**जिला न्यायालय ने जमानत कर दी थी निरस्त**

बुधवार शाम को ग्वालियर के जिला एवं सत्र न्यायालय में दोनों छात्रों की जमानत के लिए आवेदन लगाया गया था। यह जमानत आवेदन न्यायाधीश संजय गोयल की कोर्ट में पेश किया गया। यहां आवेदन निरस्त करते हुए जज संजय गोयल ने टिप्पणी की कि यह स्पष्ट है कि मदद मांगने का काम विनम्रतापूर्वक किया जाता है, न कि बलपूर्वक। जज गोयल ने अपने आदेश में लिखा कि पुलिस प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि रेलवे स्टेशन पर एंबुलेंस आ चुकी थी और किसी भी अस्वस्थ व्यक्ति या मरीज को ले जाने के लिए एंबुलेंस ही उपयुक्त माध्यम है। ऐसा भी पता लगा है कि दोनों छात्रों ने शासकीय वाहन के चालक से झूमाझटकी भी की है।

भोपाल
मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
अगहन मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 10, अंक : 272
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 11

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

*डॉक्टरों से कहा-सारे इंतजाम दुरुस्त रहें*



## सीएम यादव अचानक पहुंचे हमीदिया मरीजों से लिया इलाज का 'फीडबैक'

*मुख्यमंत्री ने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सुविधाओं और औषधियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।*



अस्पताल में मरीजों के परिजनों से बात करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देर शाम हमीदिया चिकित्सालय पहुंचकर उसका औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों को बेहतर सुविधाएं और समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर चिकित्सालय की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और औषधियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉ. यादव ने वहां मौजूद नागरिकों से आयुष्मान कार्ड तथा उस पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था। ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

### आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया

*डॉ. यादव ने हमीदिया चिकित्सालय के थर्ड फ्लोर स्थित एसएनसीयू एवं एमएनयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला पुरुष एवं बाह्य रोगी कक्ष का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, मरीजों को इलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्री-टर्म नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती महिला मरीजों से भी चर्चा की। नवजात शिशुओं को देखा।*

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दिग्विजय को राहत एफआईआर पर रोक



**भोपाल।** हाईकोर्ट ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर पर रोक लगाई है। पांच एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ हाईकोर्ट में सिंह ने याचिका दी थी। हाईकोर्ट ने केवल एक एफआईआर रोककर बाकी सभी पर राहत दे दी। गुरू गोलवलकर के विचारों को लेकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई थी। जिस पर भाजपा ने शिकायत की थी।

### अब विधायक का चुनाव नहीं लड़ेंगे डॉ. गोविंद सिंह



**भोपाल।** मप्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे कई दिग्गज भी इस चुनाव में अपनी सीट गंवा चुके हैं। इन्हीं में से सात बार के विधायक रहे डॉक्टर गोविंद सिंह ने अब विधायक का चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया है। समर्थकों के बीच पहुंचकर सिंह द्वारा इस बात की घोषणा की है।

### कोरोना से मौत के बाद अलर्ट मोड पर कर्नाटक



**कोडागु (कर्नाटक)।** पड़ोसी राज्य केरल में एक महिला में कोविड-19 का सब-वेरिएंट जेएन.1 पाए जाने के बाद कर्नाटक सरकार अलर्ट हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को मास्क पहनने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केरल में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है।

### 'बूढ़ा नहीं हूं... कुछ लोगों को सीधा कर सकता हूं'



**मुंबई।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बिना नाम लिए अपने भतीजे और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार पर निशाना साधा। उन्होंने अपने जन्मदिन पर पुणे में आयोजित एक बैलगाड़ी दौड़ कार्यक्रम में कहा कि अभी मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। अभी भी मुझमें कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इसे कटाक्ष के तौर पर देखा जा रहा है।

## बुधवार को भी एक संभावना : संभवत: आज नई दिल्ली में हो जाएगी सूची फाइनल

### पहली बार में करीब 20 विधायकों को मिलेगा मौका

# नाम तय होते ही मंत्रिमंडल का 'विस्तार' अब कभी भी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार अब कभी भी हो सकता है। नई दिल्ली से मंत्रियों के नाम को हरी झंडी मिलते ही शपथ दिला दी जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार अब कभी भी हो सकता है। नई दिल्ली से मंत्रियों के नाम को हरी झंडी मिलते ही शपथ दिला दी जाएगी। इस पर गहन मंथन चल रहा है। पहली बार में 20 विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री बनाया जा सकता है।

पहले प्रति लोकसभा क्षेत्र एक विधायक को मंत्री पद देने पर चर्चा हुई थी, किंतु इससे कई तरह के समीकरण बिगड़ रहे थे। ऐसे में विचार हुआ कि एक संभाग से दो विधायकों को मंत्री बनाया जाए। इस पर भी अभी कुछ तय नहीं हो पाया है। सारी कवायद लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर हो रही है। इससे पहले यह चर्चा शुरू हुई थी कि मंगलवार को देर शाम शपथ दिला दी जाएगी, किंतु नाम फाइनल नहीं होने की वजह से इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। अब एक संभावना बुधवार की बन रही है। पहले एक संभावना ▶▶शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा...

#### सरकार सकारात्मक व विकासात्मक कार्य करती रहेगी



शुभकामनाओं के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार सकारात्मक व विकासात्मक कार्य लगातार करती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष से उम्मीद करते हैं कि आपका सहयोग सदैव अपेक्षित ▶▶शेष पेज 4 पर

### शिवराज आज जाएंगे दिल्ली बड़ी जवाबदारी मिलने के आसार

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आखिरकर दिल्ली से बुलावा आ ही गया। वे मंगलवार को सुबह नई दिल्ली जाएंगे। उनकी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक होगी। यह भी आसार हैं कि पार्टी शिवराज को बड़ी जवाबदारी दे सकती है। इस बारे में हालांकि अभी कुछ तय नहीं है। वैसे, मंगलवार को सीएम यादव व दोनों डिप्टी सीएम भी दिल्ली पहुंचेंगे। ▶▶पढ़ें पेज 3 व 5 भी

### विधानसभा के 207 सदस्यों ने ली शपथ

# 12 विधायकों ने संस्कृत व एक-एक सदस्य ने उर्दू व अंग्रेजी में ली शपथ

### बाकी बचे 23 सदस्यों का शपथ ग्रहण आज

स्पीकर का चुनाव बुधवार को। निर्विरोध चुने जाएंगे तोमर



नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र विधानसभा सत्र के पहले ही दिन 230 में से 207 सदस्यों ने शपथ व प्रतिज्ञान ले लिया। इसमें से 12 सदस्यों ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की, जबकि एक सदस्य ने उर्दू व एक ने अंग्रेजी में शपथ ली। बाकी बचे 23 सदस्यों का शपथ ग्रहण दूसरे दिन मंगलवार को होगा।

सोमवार को सत्र के पहले दिन ही विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नव-निर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर ने नामांकन दाखिल किया है। उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के आसार बढ़ गए हैं। अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। विधानसभा सत्र के साथ ही विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार



को भी जारी रहेगी। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव बुधवार को होगा। इसके बाद सदन में राज्यपाल का अभिभाषण होगा। उधर, सोमवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11.09 बजे शुरू हुई। सबसे पहले राष्ट्रगीत का गायन हुआ।

इसके बाद नियमों के अनुसार एक सभी सदस्यों ने एक मिनट का मौन रखा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना अनुसार 16 वीं विधानसभा के निर्वाचित 230 विधायकों की सूची सदन के पटल ▶▶शेष पेज 4 पर

## दुनिया का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र



| 68000 | 07 | 4000 | 125 | 20000 |
|---|---|---|---|---|
| वर्ग फीट में फैला हुआ महामंदिर | मंजिला भव्य स्वर्वेद महामंदिर तैयार | वेदों के दोहे लिखे गए | पंखुड़ियों वाला कमल शिखर | लोग एक साथ कर सकेंगे ध्यान |



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यानथ के साथ ध्यान केंद्र का दौरा किया। ▶▶पढ़ें पेज 10 भी


### पुणे के अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर हादसा

# पिकअप और रिक्शे की भीषण टक्कर, 8 की मौत

एजेंसी ▶▶पुणे

■ रिक्शे में सवार सभी की मौत हुई, पांच एक ही परिवार के

महाराष्ट्र के पुणे के अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर सड़क हादसा हुआ है। रविवार देर रात एक पिकअप ट्रक की यात्री रिक्शे से टक्कर हो गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। यह घटना डिंगोर-पिंपलगांव की सीमा पर कल्याण हाईवे रोड के पास पेट्रोल पंप के



सामने हुई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। ओटूर से कल्याण की ओर से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप ट्रक और ▶▶शेष पेज 4 पर

### पूरे प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज

# बर्फीली हवाओं ने दिन और रात में बढ़ाई 'सर्दी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट रही। बर्फीली हवाओं के असर से कई जिलों में रात का पारा 3 से 5 डिग्री तक गिरा है। इस बीच हिल स्टेशन पचमढ़ी के साथ रीवा, सीधी में भी रात का पारा 6 डिग्री पर आने से पेड़ों की पत्तियों पर ओस जम गई। उज्जैन में 5, भोपाल, रतलाम, नर्मदापुरम, दमोह और जबलपुर में 3, 3 डिग्री रात का पारा गिर गया। सीधी,



शाम ढलते ही धुए और कोहरे के आगोश में बड़ी झील।

मलाजखंड, धार, उज्जैन में दिन के तापमान में दो 2 डिग्री की गिरावट रही। मौसम केंद्र के अनुसार 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में कुछ और गिरावट हो सकती है।

### 24 दिसंबर को नया विक्षोभ आएगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार डब्ल्यूडी का असर कम होने से हवाएं उत्तरी हुई हैं, जिससे तापमान में गिरावट रही। 24 दिसंबर को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे मौसम में बदलाव होगा। भोपाल, सागर, दमोह, जबलपुर, जबलपुर, सतना, सिवनी, उमरिया, नर्मदापुमर, रायसेन, राजगढ़, रतलाम में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट रही। सबसे ज्यादा कमी उज्जैन में 5 डिग्री की रही। यहां रात का पारा 10 डिग्री रहा।

केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलट का हिस्सा बनिए!
गर्व के साथ डिजिटल रुपया, भारत की अपनी सीबीडीसी का उपयोगकर्ता बनिए!



• भविष्य की मुद्रा को अपनाइए: डिजिटल रुपया के बारे में जानिए-जो कि आरबीआई द्वारा नकद राशि की तरह, सुविधाजनक डिजिटल रूप में जारी एक वैधानिक मुद्रा/करेन्सी है।
• आसानी से डिजिटल लेन-देन कीजिए: अपने फ़ोन में नकदी की सभी विशेषताएं पाइए, जिसका न तो खोने का डर है और न ही पूरे छुट्टे पैसे देने की चिंता! अब जेब को हल्की रखिए!
• सुरक्षित और सहज लेन-देन का अनुभव पाइए: देश भर में किसी भी व्यक्ति या व्यापारी के साथ, किसी भी यूपीआई QR कोड पर लेन-देन की शानदार सुविधाओं का लाभ उठाइए। बिना कोई लागत-खर्च किए व्यापारी तुरंत सीबीडीसी में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।
• डाउनलोड, रजिस्टर, लेन-देन! अपने पायलट बैंक के डिजिटल रुपया ऐप के साथ शुरू करिए, जो कि प्लेस्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।




अपने बैंक के ऐप को डाउनलोड करने तथा अधिक जानकारी के लिए, इस QR कोड को स्कैन करें
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
*पायलट बैंक: ऐक्सिस बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केनरा बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया तथा यस बैंक।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव अचानक निरीक्षण करने पहुंचे हमीदिया अस्पताल, मरीजों से की चर्चा

# बेटे के इलाज के लिए सीएम के सामने रोते हुए गिड़गिड़ाई मां मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए सभी इंतजाम करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में सोमवार रात आठ बजे डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिना सूचना दिए अचानक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री सबसे पहले शिशु वार्ड (सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट) पहुंचे। मुख्यमंत्री जब मरीज के परिजनों से बात कर रहे थे तो यहां भर्ती एक बच्चे की मां ज्योति बाई मुख्यमंत्री से बात करते हुए हाथ जोड़कर रोने लगी। मुख्यमंत्री ने पूछा तो महिला ने बताया उनका एक माह का बेटा कार्तिक भर्ती है। उसे सीवियर निमोनिया हुआ है। महिला की बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया को इलाज के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री आईसीयू पहुंचे और यहां मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**मरीजों से बातचीत कर शिशु वार्ड और आईसीयू का किया निरीक्षण**



### मरीज के परिजनों से बात कर लिया फीडबैक



हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अस्पताल की अलग-अलग बिल्डिंग के कॉरिडोर के पास मरीजों के परिजनों से चर्चा कर फीडबैक लिया। इसके बाद वे बच्चा रोग विभाग की पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) और सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में भर्ती एक हृदय रोगी और एक ब्रेन डिसीज से पीड़ित मरीज के परिजनों से बात की। दोनों मरीजों के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अपने-अपने मरीज के इलाज के लिए मदद मांगी थी। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों मरीजों के इलाज के लिए जरूरी मदद करने का आश्वासन दिया है।

### नायक के अंदाज में दिखे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही एमबीएम कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंच गए थे, सोमवार रात अचानक मुख्यमंत्री हमीदिया अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. मोहन यादव ने अलग-अलग विभागों में पहुंचकर डॉक्टर से बातचीत की साथ ही उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नायक अंदाज के बाद अब अलग-अलग विभागों में अधिकारी अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं।

---

सुबह छह से रात दस और रात दस से सुबह छह बजे तक आदेश रहेगा लागू

# अफसर करेंगे निगरानी: धार्मिक स्थलों पर लगेंगे दो चोंगे, शादियों में नहीं बजेंगे डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के धार्मिक स्थलों पर अब दो से अधिक चोंगे नहीं लगा सकेंगे, साथ ही निजी कार्यक्रमों में भी दो चोंगे या दो बॉक्स ही उपयोग में लाए जा सकेंगे। शादी समारोह में डीजे का उपयोग भी नहीं किया जा सकेगा।

सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने इस संबंध में धारा-144 के तहत प्रतिबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश के बाद मंगलवार से एसडीएम, थाना प्रभारी और प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी चोंगे और बॉक्स की आवाज की निगरानी करेंगे। इधर शादियों में डीजे भी नहीं बजाए जा सकेंगे। आदेश में औद्योगिक क्षेत्र में सुबह छह से रात दस बजे तक 75 डेसीबल, व्यवसायिक क्षेत्र 65, आवासीय 55 और शांत क्षेत्र में 50 डेसीबल की आवाज। रात दस से सुबह छह बजे की गाइडलाइन भी जारी की गई है। जिसमें दस डेसीबल तक कम आवाज होनी चाहिए। वहीं, 31 हॉस्पिटल के आसपास के एरिया को साइलेंट जोन किया गया है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने इसके लिए एक टीम बनाई है। यह आदेश 16 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा।

**कलेक्टर ने धारा-144 के तहत जारी किया आदेश**

**एसडीएम, थाना प्रभारी और पीसीबी करेगा निगरानी**





### शादियों में भी नहीं बजा सकेंगे डीजे

आदेश के तहत शादियों और बारात में डीजे नहीं बजाए जा सकेंगे। जारी आदेश में किसी भी लाउडस्पीकर और डीजे संचालक दो बॉक्स और दो चोंगे से अधिक किराए पर नहीं देगा। ऐसे में बारातों में बजने वाले डीजे भी पर यह आदेश लागू रहेगा।

### यह रहेंगे शांत क्षेत्र

आदेश में शांत क्षेत्रों को लेकर कहा गया है कि सौ मीटर दायरे में तय सीमा से अधिक आवाज में बॉक्स और चोंगे नहीं बजाए जाएंगे। जिसके तहत राजभवन, सीएम निवास, विधानसभा भवन, नर्मदा भवन, संभागायुक्त और कलेक्टोरेट कार्यालय, जिला न्यायालय, जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान, जिसमें स्कूल कॉलेज, अस्पताल आदि हैं।

### पंचायतों में नोटिस चस्पा होंगे

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ, नगर निगम कमिश्नर, नपा सीईओ और पंचायत सचिवों को भी आदेश जारी किए हैं। यहां कार्यालयों में नोटिस चस्पा करने को भी कहा गया है। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### राजधानी के हमीदिया समेत 31 अस्पतालों के आसपास साइलेंट जोन

हमीदिया हॉस्पिटल, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल मेमोरियल अस्पताल भानपुर, जेपी हॉस्पिटल, एम्स, कस्तूरबा हॉस्पिटल भेल, कैलाश नाथ काटजू अस्पताल, खुशीलाल आयुर्वेदिक अस्पताल, शासकीय होम्योपैथी हॉस्पिटल, पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, चिरायु हॉस्पिटल, बंसल हॉस्पिटल, जेके अस्पताल कोलार, एलबीएस हॉस्पिटल, नोबल अस्पताल, अपोलो हॉस्पिटल, नेशनल हॉस्पिटल, हजेला हॉस्पिटल, जवाहरलाल कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ईदगाह हिल्स, टीवी अस्पताल ईदगाह हिल्स, शाकिर अली खान अस्पताल, शासकीय लालचंद अस्पताल शाहजहांनाबाद, शासकीय युनानी अस्पताल, नर्मदा हॉस्पिटल आदि हैं।

### 15 जनवरी तक शहर से बाहर शिफ्ट होंगी डेयरी

*भोपाल। राजधानी में सात वर्ष बाद एक बार फिर डेयरी शिफ्टिंग को लेकर कवायद शुरू हुई है। इस बार 15 जनवरी 2024 तक नगर निगम ने शहर में संचालित डेयरियों को नगरीय सीमा से बाहर करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। यदि तय समय में पशु पालक डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट नहीं करते तो, उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम में अपर आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि डेयरी विस्थापन के लिए ग्राम दीपड़ी, परवलिया, अरवलिया, कालापानी, तूमड़ा, मुगालिया कोट और कालापानी में जगह चिन्हित की गई।*

#### यहां चल रही डेयरियां

*भेल, शाहपुरा, बैरागढ़, लाऊखेड़ी, बेहटा गांव, बरेला गांव, करोंद, भानपुर, पटेल नगर, कल्याण नगर, छोला, शिव नगर, नवीन नगर, हिनौतिया, सेमरा कला, नरेला शंकरी, विजय नगर, इंद्रपुरी, अर्जुन नगर, सोनागिरी, गोविंदपुरा सी सेक्टर, जंबूरी मैदान, कालीबाड़ी, चांदबाड़ी, बागमुगालिया आदि हैं।*

---

कोहरे का दिखने लगा ट्रेनों पर असर, समय-सारणी बिगड़ी

# केरल एक्सप्रेस साढ़े नौ घंटे, तो श्रीधाम एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से भोपाल पहुंची

**कोहरा शुरू होते ही ट्रेनों की लेटलतीफी शुरू, यात्रियों को होने लगी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली सहित उत्तर भारत में कोहरा शुरू हो गया है। इससे ट्रेनों की टाइमिंग गड़बड़ा गई है। पिछले तीन चार दिनों से ट्रेनों का देरी से आने का सिलसिला जारी है। सोमवार को भोपाल आने वाली करीब एक दर्जन ट्रेनें 30 मिनट से साढ़े 9 घंटे की देरी से आईं। जिसमें केरल एक्सप्रेस करीब साढ़े नौ घंटे, वहीं श्रीधाम एक्सप्रेस छह घंटे की देरी से राजधानी पहुंची। सोमवार को करीब 15 से अधिक ट्रेनें देरी से आईं। जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ट्रेनों की लेट-लतीफी के पीछे रेलवे अधिकारियों का मानना है कि कुछ जगहों पर ट्रैक मेंटेनेंस की वजह से ट्रेन लेट हो सकती है।

जानकारी के अनुसार अभी ठंड व कोहरे की शुरूआत ठीक तरह से हुई भी नहीं है, लेकिन भोपाल आने वाली ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि ट्रेन साढ़े नौ घंटे देरी से चल रही हैं। यह स्थिति पिछले चार दिनों से जारी है। इसमें शताब्दी एक्सप्रेस भी लगातार देरी से आ रही हैं। हालांकि सोमवार को यह ट्रेन मात्र 20 मिनट की देरी से ही आई। ट्रेन लेट के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### 18 दिसंबर को यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12625 केरल एक्सप्रेस 9 :25 घंटे की देरी आई
- 12191 श्रीधाम एक्स. 6 :00 घंटे देरी से आई
- पातालकोट एक्सप्रेस 4 :35 घंटे लोट आई
- कामायनी एक्स .3 :40 घंटे लेट
- स्वर्णजयंती एक्सप्रेस 2 :45 घंटे लेट आई
- विंध्याचल एक्स. 2 :05 घंटे लेट
- निजामुद्दीन यसवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 1 :15 घंटे देरी
- 12192 श्रीधाम एक्स. 1 :30 घंटे
- 11058 अमृतसर एक्स. 1 :25 घंटे
- 18238 छतीसगढ़ एक्स.1 :27 घंटे
- 12920 मालवा एक्स. 1 :00 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्स. 20 मिनट
- 12618 मंगला लक्ष्यदीप एक्सप्रेस 60 मिनट देरी से आई

### बैंगलुरु-दानापुर के बीच सिंगल ट्रिप स्पेशल

भोपाल। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से एसएमवी बैंगलुरु-दानापुर के मध्य एक तरफा स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ये स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी। 06597 एसएमवी बैंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 19 दिसंबर को एसएमवी बैंगलुरु स्टेशन से रात्रि 23:25 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन प्रातः 06:35 बजे इटारसी, जबलपुर 10:10 बजे, सतना दोपहर 13:05 बजे और रात्रि 23:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी बंगारपेट जंक्शन, जोल्लारपेट्टई, काटपाडी, पेर बूर, विजयवाडा, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्यय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

---

खुले बोर को कैप से कराया जाएगा बंद

# खुले बोरवेल छोड़ने वालों पर अब दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में अब यदि बोरवेल खुले मिले तो मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खुले बोरवेल चिन्हित कर उन्हें बंद कराने का जिम्मा एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ को सौंपा गया है। यह क्षेत्रों में भ्रमण कर ऐसे बोरवेल के मालिक से संपर्क कर उनको मजबूत कैप से बंद करवाएंगे।

बता दें कि कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। इनका उल्लंघन करने वाले के खिलाफ धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिले के सभी अनुपयोगी और खुले



नलकूप बोरवेल, ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप से बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। सभी खुले बोरों में बोर कैप संबंधित मकान मालिक, किसान, संस्था द्वारा लोहे के मजबूत ढक्कन, कैप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बंद किया जाएगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

# अब हमीदिया की तरह एम्स में शुरू हुई हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई

भोपाल। राजधानी के गांधी मेडिकल कॉजेल के बाद अब एम्स में भी मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराई जाएगी। सोमवार को एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने हिंदी में शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) पुस्तक का विमोचन किया। एम्स भोपाल के डॉ. वरुण मल्होत्रा, डॉ. आशीष कुमार दीक्षित, डॉ. दानिश जावेद और शारदा विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एम शोबिता द्वारा लिखित इस पुस्तक का उद्देश्य हिंदी मीडियम छात्रों की जरूरतों को पूरा करना है। डॉ. सिंह ने पुस्तक का अनावरण करते हुए कहा कि हिंदी में फिजियोलॉजी पुस्तक उपलब्ध होने पर हिंदी छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। पुस्तक का उद्देश्य छात्रों की फिजियोलॉजी की समझ को मजबूत करना, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और नैदानिक तर्क कौशल को मजबूत करना है।

- हिंदी के छात्रों के लिए अब हिंदी में उपलब्ध हुई फिजियोलॉजी पुस्तक

---

## इंडिगो की मुंबई उड़ान हुई कैंसिल, एक दिन पहले आई 4 घंटे लेट

# फ्लाइटों की लेटलतीफी, प्रबंधन बनाता बहाने, नाइट फ्लाइट 3 दिन से हो रही लेट

◆ पैसेंजरों के हंगामे के बाद भूखे प्यासे पैसेंजर को उपलब्ध कराया नाश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर फ्लाइटों की लेटलतीफी के कारण यात्री कई दिनों से परेशान हो रहे हैं। अधिक समय तक लेट होने के कारण यात्री हंगामा भी कर रहे हैं। सोमवार को भी इंडिगो एयरवेज की मुंबई उड़ान को अचानक कैंसिल कर दिया गया। उड़ानें लेट होने का कारण ऑपरेशन बताकर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि जिस रूट पर पैसेंजर कम होते हैं, वहां अंतिम समय में फ्लाइट लेट या कैंसिल कर दी जाती है। पिछले सात दिनों में फ्लाइटों के आवागमन पर नजर डाली जाए तो लगभग आए दिन कोई न कोई फ्लाइट लेट हुई है। पिछले तीन चार दिनों से इंडिगो एयरवेज की नाइट मुंबई उड़ान लगातार लेट हो



रही हैं। इसके अलावा कई फ्लाइट भी राजा भोज एयरपोर्ट पर देरी से पहुंची हैं। रविवार को भी मुंबई उड़ान को थोड़ा-थोड़ा लेट बताते हुए वह 4 घंटे देरी से भोपाल पहुंची, जिसके कारण यात्रियों ने हंगामा कर दिया। बड़ी मुश्किल से 4 घंटे बाद अब मुंबई उड़ान राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड हुई तो नाराज यात्रियों ने हंगामा कर दिया। अधिकारियों ने जैसे तैसे करके उन्हें समझा बुझाकर फ्लाइट में बिठाया। कई यात्रियों ने यात्रा टिकट कैंसिल करवा दिया। वहीं सोमवार को भी इंडिगो की मुंबई नाइट उड़ान संख्या 6 ई 5083 को अचानक कैंसिल किया गया। उड़ान कैंसिल होने से यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी तरह आए दिन उड़ानें लेट और कैंसिल होने से यात्री परेशान हो रहे हैं।

### दो घंटे पहले पहुंचना होता है पैसेंजर को

उल्लेखनीय है कि यात्रा करने से दो घंटे पहले बोर्डिंग पास की फॉर्मेलिटी कंपलीट करने के लिए पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पर पहुंचना होता है। बीते रविवार की ही बात की जाए तो इंडिगो की मुंबई उड़ान रात 9.30 बजे थी तो शाम को हल्का फुल्का नाश्ता कर फ्लाइट में मिलने वाले डिनर के भरोसे एयरपोर्ट पहुंच गए। लेकिन उड़ान लेट होते होते रात 1.30 बजे आई। ऐसे में पैसेंजर बगैर डिनर किए ही भूखे-प्यासे फ्लाइट का इंतजार करते रहे। हालांकि इंडिगो प्रबंधन ने इस बीच उन्हें हल्का ब्रेक फास्ट उपलब्ध कराया, लेकिन वो नाकाफी था।

### कभी कभार लेट हो जाती है

सामान्यत: उड़ानें तो टाइम पर आती हैं सेक्टर ऑपरेशन रीजन से कभी कभार फ्लाइट लेट हो जाती हैं जो कि जल्दी ही सामान्य हो जाएगी।

**रामजी अवस्थी,** डायरेक्टर, राजा भोज विमानतल

---

33 मीटर दायरे के अतिक्रमण होंगे चिन्हित, दूसरे चरण में होगी तोड़ने की कार्रवाई

# आठ साल बाद फिर होगा कलियासोत नदी के 36 किमी एरिया का सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलियासोत नदी के 36 किलोमीटर एरिया का आठ साल बाद फिर से सीमांकन होने जा रहा है। इसके पहले 2015 में जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमों ने बीस किलोमीटर एरिया का सीमांकन किया था। मुनारे लगाने के पहले ही काम रोक दिया गया। अब दोबारा से एनजीटी के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने चार टीमों को सीमांकन की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें कोलार की तीन और टीटी नगर की एक टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह टीमें मंगलवार से नदी किनारे से 33 मीटर दायरे का सीमांकन करेंगी, इस दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित भी किया जाएगा। प्राइवेट जमीन पर आने वाले निर्माणों को लेकर नगर निगम नोटिस जारी कर कार्रवाई करेगा, जबकि सरकारी जमीन के अतिक्रमण को एसडीएम स्तर पर निपटाया जाएगा। कलियासोत नदी का सीमांकन इससे पहले वर्ष 2015 में किया गया था। वहां लोगों ने नदी किनारे अतिक्रमण कर लिए हैं।

### खास बातें

- नगर निगम को सौंपा मुनारे लगाने का काम
- कोलार की तीन और टीटी नगर की एक टीम आज से करेगी सीमांकन
- एनजीटी के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने शुरू किया काम

### यह क्षेत्र हैं प्रभावित

*बाबड़ियाकलां, सलैया, चूनाभट्टी, शाहपुरा, दामखेड़ा, बंजारी, सनखेड़ी, नरेला हनुमंत, खड़बमुलिया, पिपलिया रानी, समरधा, हिनोतिया आलम, सुहागपुर, गुरारीघाट, कोड़ी शामिल हैं।*



### हटाए जाएंगे अतिक्रमण

टीम कलियासोत नदी से 33 मीटर को चिन्हित करेंगी। सीमांकन रिपोर्ट भी तैयार करेंगे

- नगर निगम नदी की सीमा तय कर वहां मुनारे लगाएगा
- निजी भूमि के निर्माण पर निगम के जेडओ नोटिस देकर कार्रवाई करेंगे
- सीमांकन की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी होगी

### कोलार की तीन, टीटी नगर की एक टीम

*टीम वनः दामखेड़ा पुल से सनखेड़ी, बंबाजरी और सलैया तक*

*टीम टूः बावड़िया वन*

*टीम थ्रीः बावड़िया 2 एवं कोलार क्षेत्र*

*टीम फोरः चंदनपुरा से दामखेड़ा पुल तक टीटी नगर क्षेत्र*

### सीमांकन के बाद लेंगे एक्शन

कलियासोत नदी का सीमांकन किया जाना है। इसके लिए राजस्व और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली गई थी। सीमांकन के लिए चार दल गठित किए गए हैं। मंगलवार से यह काम शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में सीमांकन, मुनारे लगाना और अतिक्रमण चिन्हित किए जाएंगे। अगले चरण में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रकाश सिंह चौहान,** एडीएम

# अब 21 को खोले जाएंगे चार लोकसेवा केंद्रों के नए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले के 4 लोकसेवा केंद्रों के लिए 21 दिसंबर को लाटरी से टेंडर खोले जाएंगे। जिला प्रशासन ने कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया के चारों केंद्रों के लिए तीन माह पहले टेंडर बुलाए थे। उस दौरान संबंधित एजेंसियों और लोगों ने 1627 टेंडर जमा किए थे। सोमवार को इन टेंडरों की वित्तीय निविदाएं खोली गई। इसमें सभी पात्र मिलीं। इधर, टेंडर भरने वाली एजेंसियां और संचालक अब पेशोपेश में है। असल में जिस समय टेंडर बुलाए गए थे, उस समय राजधानी सहित प्रदेश भर के सभी लोक सेवा केन्द्रों में जमा किए जाने वाले आवेदनों की प्रोसेसिंग फीस 40 रुपए थी। इन लोगों ने इसी हिसाब से भी 1627 टेंडर जमा किए थे। इस बीच ढाई माह पहले शासन ने प्रोसेसिंग फीस घटाकर 20 कर दी। इससे लोगों को राहत तो मिली, लेकिन केंद्र संचालकों की मुसीबत बढ़ गई है।

- बीस रुपए प्रति आवेदन लेना पड़ेगी फीस

1 सदन में जाते हुए तोमर



2 आइए...



3 सदन को नमन है...



4 हम साथ-साथ हैं...



# मप्र के सभी नव निर्वाचित विधायकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण ताकि अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावी तरीके से कर सकें

**प्रशासन का होगा विकेंद्रीकरण होगा, जिला, संभाग स्तर व प्रदेश स्तर पर होगा कार्य**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से विधानसभा परिसर में किया संवाद**



दो तस्वीरों में शिवराज...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका का अधिक और प्रभावी तरीके से निर्वहन कर सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। विधानसभा चुनाव में प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संवैधानिक संस्थाओं का मान और विश्वास बढ़ा है। हमारा प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई, संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

### मीडिया से अपेक्षा की कि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का स्वागत करते हुए मीडिया से अपेक्षा की कि मीडिया प्रतिनिधि रचनात्मक व सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे। विकास और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा समृद्ध विधायक समूह निर्वाचित होकर आया है, जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। इसकी घोषणा जल्द कर दी जाएगी।*

## मप्र संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटीः सीएम डॉ. यादव

# 20,000 करोड़ रुपए के निवेश से बनेगी अटल मेडिसिटी, हर संभाग में मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20,000 करोड़ रुपए के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जाएगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जाएगा। मप्र संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। मुख्यमंत्री ने संकल्प पत्र में दी गारंटी को पूरा करने के लिए सात दिन में रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

संकल्प पत्र के अनुसार प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पेलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के तहत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाए जाएंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जाएगा।

### हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं

*वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं। वर्ष 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 24 हो गए हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई हैं। साढ़े तीन वर्षों में 800 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2,000 से 42,000 हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11,000 से अधिक हेल्थ 'एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2,000 से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51,000 से अधिक की गई है।*

### आयुष्मान के पांच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से दिया जाएगा

*आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिये पांच लाख से ज्यादा खर्च होने पर अतिरिक्त खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जायेगा। निजी अस्पतालों में अत्यधिक चिकित्सा शुल्क को नियंत्रित करने के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की जाएगी। पूरे प्रदेश में 500 नए जन औषधि केंद्र शुरू किए जाएंगे। इनमें कम कीमत पर दवाइयां मिलेंगी। मेडिकल सीटों में 4,000 तक की बढ़ोतरी की गई है। अगले पांच सालों में 2,000 मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। मिशन मोड पर डॉक्टर, नर्स और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। रेयर डिजीज के रोगियों को केंद्र सरकार की ओर से दी गई 20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के अलावा भी वित्तीय सहायता दी जाएगी। वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त प्रदेश बनाया जायेगा। टीबी रोगियों को 1000 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जायेगी।*

## विदेश में होने से कमलनाथ बैठक में नहीं शामिल हुए

**नेता प्रतिपक्ष उमंग, सीएलपी सहित विधायक शामिल**

# सरकार को घेरने डिनर डिप्लोमेसी के साथ कांग्रेस विधायकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायकों को डिनर पर दावत दी है। इस बैठक में मुख्य रूप से एजेंडा सरकार को घेरने के लिए बनाया गया है। हालांकि कुछ विधायकों की मानें तो डिनर डिप्लोमेसी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई है। वहीं भाजपा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रेशर पालिटिक्स खेलने की तैयारी कांग्रेस विधायकों के साथ की गई है।

विधायकों ने स्पष्ट किया है कि भाजपा की सरकार है, सिर्फ सीएम ही बदले गए हैं। सिंघार के डिनर में हालांकि कई विधायक नहीं पहुंचे। इसका कारण कुछ भी हो सकता है, लेकिन चर्चा है कि कई सीनियर सिंघार के समर्थन में नहीं हैं। इसलिए डिनर में नहीं आने की वजह पारिवारिक कारणों का हवाला दिया गया है। डिप्टी नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि बैठक में विधायकों से मुद्दे लिए जाएंगे। क्या रणनीति रहेगी इस पर चर्चा होगी। सत्र के अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर भी रणनीति पर विधायकों से बात होगी। इसके हिसाब से रणनीति बनाई जाएगी। जमुना देवी और सत्यदेव कटारे की समय की बात करते हुए कहा कि आज फिर से इतिहास दोहराया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है।

## विधायक बोले-सरकार में सिर्फ सीएम बदला, पीएम,शाह और सीएम -नड्डा की घोषणाएं पूरी करने का उठाएंगे मुद्दा



### जिन्हें भोजन नहीं करना है, वो बैठक करेंगेः राजे

विधायक सुरेश राजे ने कहा कि डिनर डिप्लोमेसी कहना गलत है। पहली बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं। इसलिए मुलाकात हो रही है। जरूरी नहीं है कि सभी भोजन करेंगे। जिन्हें भोजन नहीं करना है, वो बैठक करेंगे। सदन में क्या और किस रणनीति से काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा होगी। सरकार भले ही बदल गई है लेकिन पार्टी वही है। जनता से किए वादों को याद दिलाया जाएगा। भले ही सीएम मोहन यादव बन गए हैं, लेकिन वादे पीएम और शिवराज सिंह चौहान ने किए थे। नड्डा और शाह ने भी वादा किया है। भाजपा को वादे तो पूरे करने पड़े। राजे ने कहा कि जब तक देश में ईवीएम रहेगी, ऐसे ही परिणाम आएंगे। यह जनता का जनादेश नहीं है।

### विधायक आए हैं तो भूखे पेट नहीं जाएंगेः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि जिलों की समस्या को लेकर विधायकों से चर्चा की जाएगी। बैठक में विधायक आए हैं तो भूखे पेट नहीं जाएंगे। कमलनाथ के बैठक में शामिल नहीं होने पर कहा कि विदेश प्रवास में है। यहां होते तो जरूर आते।






# हमीदिया अस्पताल से स्टेट बैंक चौराहे व बोर्ड ऑफिस से प्रगति पेट्रोल पंप तक घंटों लगा जाम, काफी देर तक फंसे रहे कई वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल के पास, मोती मजिस्द, सदर मंजिल रोड, रायल मार्केट आदि जगह पर आए दिन जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। सोमवार को शाम करीब 4 बजे भी हमीदिया से स्टेट बैंक चौराहे रोड तक जाम लगा गया। इससे घंटों तक वाहन चालक परेशान होते रहे। इसी तरह दोपहर में बोर्ड ऑफिस चौराहे से प्रगति पेट्रोल पंप तक जाम की स्थिति बन गई। इसके चलते वाहन चालक काफी देर तक जाम में फंसे रहे।



### ठेले-गुमठियों का अतिक्रमण बनी जाम की मुख्य वजह

*मोती मस्जिद चौराहे से रॉयल मार्केट तक के वन-वे मार्ग पर सबसे अधिक ठेले गुमठियों वालों का अतिक्रमण है। इससे सबसे अधिक दिक्कत हमीदिया अस्पताल के तीनों गेटों के आसपास जाम को लेकर हो रही है। कई बार तो एम्बुलेंस तक फंस जाती है। दो किमी के इस मार्ग पर हमीदिया अस्पताल, ननि का जोन-2 कार्यालय, सदर मंजिल से लगा शादी हॉल, फायर ब्रिगेड आदि हैं। अवैध रूप से सड़क पर लगने वाले फल-सब्जी के ठेले, खान-पान की दुकानें पूरे मार्ग पर लगती हैं। जिसमें लोड बढ़ने से जाम की स्थिति बन जाती है।*

### अस्पताल के तीनों गेटों के बाहर दुकानें

*हमीदिया अस्पताल का पुराना गेट बंद रहता है, लेकिन पैदल मरीजों व परिजनों का रास्ता खुला होने के कारण गेट के चारों ओर ठेले गुमठी वाले जमे रहते हैं। दूसरे गेट सिर्फ एम्बुलैंस के लिए है, लेकिन लोगों का आवागमन इस गेट से होने के चलते इसके बाहर लोगों ने दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। आम लोगों के लिए तीसरा गेट खुला रहता है। यहां अस्पताल के दीवार से लगे फुटपाथ से लेकर सड़क तक पर दुकानें लगती हैं।*

## 5 दिनी कार्यशाला: राजधानी में जुटे प्रदेश के 64 केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षक

# बच्चों को समय व भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना ही नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य: त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शिवाजी नगर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में क्षमता आधारित मूल्यांकन पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा। इस कार्यशाला में प्रदेश के 64 केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। सोमवार को कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अरविंदो सोसायटी दिल्ली की पाठ्यक्रम महाप्रबंधक सोनिका त्यागी ने कहा कि रोट लर्निंग के स्थान विषय, समाज और परिवेश की समझ के आधार पर मूल्यांकन करके बच्चों को समय और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना ही नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हमें विद्यार्थियों के सामने जो चुनौतियां हैं, उन्हें भी समझना होगा। शिक्षण के साथ मूल्यांकन के तरीके भी बदलने होंगे। हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को सही गलत का निर्णय करना सिखाएं। आज के बच्चों के सामने दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं पहली तेजी से बदलती तकनीक और दूसरी अनिश्चित भविष्य।





### विशेष सत्र भी होंगे

*कार्यशाला में केंद्रीय विद्यालय संगठन के भोपाल संभाग के 64 केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं। इसमें कॉमन सत्र के साथ-साथ प्रतिदिन हिंदी, इंग्लिश, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के लिए विशेष सत्र भी आयोजित होंगे।*

## ईवीएम के बजाय मतपत्र से ही होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव

**भोपाल।** भोपाल जिला अभिभाषक संघ के चुनाव अब ईवीएम के बजाय मतपत्र से ही होंगे। ईवीएम को लेकर उम्मीदवारों की ओर से लगातार आ रही आपत्तियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उम्मीदवारों की इन आपत्तियों पर चुनाव कमेटी और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने अधिवक्ता सभागार में बुलाई थी। आपत्ति आवेदनों पर गहन विमर्श किया गया। जिसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्णय लिया कि ईवीएम से चुनाव नहीं किया जाकर पूर्व की तरह मतपत्र से होगा। 19 दिसंबर को नामांकन फार्म की जांच होगी। 20 दिसम्बर को दोपहर 1 से 4 बजे शाम तक नाम वापसी का समय है। 22 दिसम्बर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 4 एवं 5 जनवरी को टेंडर वोट डाले जा सकते हैं। मतदान 8 जनवरी को सुबह 8 से शाम 5.30 तक होगा। मत गणना 9 जनवरी से होगी।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मेरे पक्षकार श्री मो इदरीस खां आयु-वयस्क आत्मज श्री मो अच्छे खां निवासी मकान नंबर डी-115 मयूर बिहार कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल म.प्र. ने अपने पुत्र आबिद आयु 27 वर्ष एवं पुत्रवधु श्रीमती यासमीन पत्नी आबिद आयु लगभग 25 वर्ष दोनो निवासी-भोपाल (म.प्र.) को उनके द्वारा मेरे पक्षकार का कहना नही मानने, अपनी मन मर्जी करने एवं मेरे पक्षकार तथा उसके अन्य परिजनों के साथ असभ्य आचरण करने, अभद्र व्यवहार करने और बदतमीजी करने के कारण उनसे अपने पुत्र एवं पुत्रवधु के रिश्ते समाप्त कर अपने पुत्र आबिद को पुत्र सम्बंधी अधिकारों से वंचित कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अर्थात आक कर दिया है। मेरे पक्षकार एवं उसके अन्य परिजनों का अब आबिद एवं उसकी पत्नी श्रीमती यासमीन से कोई सम्बंध नहीं रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था मेरे पक्षकार के पुत्र आबिद एवं पुत्रवधु श्रीमती यासमीन से कोई सम्बंध रखता है, संव्यवहार करता है या क्रय विक्रय करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा । पुलिस थाने की शिकायत एवं न्यायालय के प्रकरण से भी मेरे पक्षकार का कोई संबंध/ वास्ता नहीं रहेगा। सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार तथा जवाबदार होगा।

भवदीय,
**खालिद हफीज (एडवोकेट)**
कार्यालय-3, अहाता मनकशाह
पुल बोगदा, भोपाल
मो. 9300754326, 9993374688

## वार्ड-41 के पार्षद के लिए 22 तक नामांकन, पांच जनवरी को होगा मतदान

**भोपाल।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे मोहम्मद सगीर की मृत्यु के बाद निर्वाचन आयोग ने इस वार्ड में नए पार्षद के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया है। जिसके तहत 22 दिसंबर तक नामांकन जमा किए जा सकते हैं। नामांकन का समय सुबह साढ़े दस से दोपहर तीन बजे तक रखा गया है। यह सीट अनारक्षित मुक्त है, जिससे इसके लिए कोई भी नामांकन दाखिल कर सकता है। गोविंदपुरा एसडीएम दफ्तर में नामांकन फार्म जमा किए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि नगर निगम के वार्ड 41 में पार्षद पद के लिए 5 जनवरी को मतदान होगा। 9 जनवरी को काउंटिंग की जाएगी। 23 दिसंबर को 10.30 बजे से नामांकन फार्म की जांच की जाएगी। 26 दिसंबर 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 5 जनवरी सुबह 7 से 5 बजे तक होगा। मतगणना मंगलवार 9 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जाएगी। मालूम हो कि कांग्रेस नेता और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे मोहम्मद सगीर की अचानक मृत्यु के बाद पार्षद पद खाली हो गया था।

## गेहूं की कालाबाजारी करने वाले भाजपा नेता को 5 साल की जेल

**भोपाल।** मंदसौर के भाजपा नेता और उनकी सहित 11 लोगों को गेहूं और राशन की कालाबाजारी करने पर कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। इस मामले में भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह गौतम, उनकी पत्नी सहित 11 लोगों को कोर्ट ने दोषी पाया। इन 11 लोगों में महिला और पुरुष सभी शामिल हैं। पुरुषों को 5 साल और महिलाओं को 4 साल की सजा सुनाई गई है।

मंदसौर में भाजपा नेता राजेंद्र सिंह गौतम उनकी पत्नी योगेश देवी गौतम सहित 11 दोषियों को न्यायालय ने गरीबों के नाम पर मिलने वाले गेहूं और राशन की कालाबाजारी करने के मामले में दोषी पाया। मामला 2002 का है। वर्ष 2002 में सरकारी बाजार उपभोक्ता भंडार अध्यक्ष पद पर रहते हुए राजेंद्र सिंह गौतम, उनकी पत्नी योगेश देवी गौतम और अन्य आरोपियों ने मिलकर राशन का गेहूं, केरोसिन और अन्य सामान गरीबों को न देकर उसकी कालाबाजारी कर बाजार में बेच दिया।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा से चूके 653 बच्चे, वार्षिक परीक्षा के साथ करेंगे तैयारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज के चलते इस बार 653 विद्यार्थी अर्द्धवार्षिक परीक्षा नहीं दे पाए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय (सीपीआई) द्वारा इन विद्यार्थियों के लिए अब दोबारा परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। हालांकि इस निर्णय के बाद भी विद्यार्थियों पर परीक्षा का भार बढ़ गया है। इन विद्यार्थियों को अब अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी वार्षिक परीक्षा के साथ करनी होगी, क्योंकि वार्षिक परीक्षा के लिए भी सिर्फ दो माह बचे हैं।

दअरसल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 14-15 दिसंबर को अनुगूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे बच्चों में यह 653 विद्यार्थी भी शामिल थे। जो कार्यक्रम के चलते परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। इधर अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इन विद्यार्थियों के लिए अलग से परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसका कार्यक्रम भी जल्द जारी होगा।

## जैकेट का शेष

### सिम कार्ड के लिए लगेगा...

दूरसंचार कंपनियों के लिए कई अहम नियम सरल तो होंगे ही, इसके जरिये उपग्रह सेवाओं के लिए भी नये नियम लाये जाएंगे। विधेयक में दूरसंचार नियामक संस्था ट्राई के अधिकार क्षेत्र में फेरबदल के प्रावधान शामिल किये गये हैं।

दूरसंचार विधेयक के मसौदे में उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए ओवर-द-टॉप (ओटीटी) या इंटरनेट आधारित कॉलिंग एवं मैसेजिंग ऐप्स को दूरसंचार की परिभाषा के तहत लाने का प्रस्ताव दिया गया था। हालांकि, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद ऋतेश पांडेय ने विधेयक को 'मनी बिल' के रूप में पेश किये जाने का सदन में विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस विधेयक को राज्यसभा के सूक्ष्म परीक्षण से बचाने के लिए इसे 'मनी बिल' के रूप में पेश कर रही है।

**फीस माफ कर सकेगी सरकार:** नए बिल के ड्रॉफ्ट प्रावधानों के मुताबिक, सरकार के पास ये अधिकार होगा कि वे उपभोक्ताओं के हितों में एंट्री फीस, लाइसेंस फीस और पेनल्टी को माफ कर सकती है जिससे उपभोक्ताओं को टेलीकॉम सेवा मिलता रहे, साथ ही कंपनियों के लिए परमिट सरेंडर करने पर लाइसेंस के लिए फीस को वापस लेना आसान होगा।

### अवैध फोन टैपिंग पर 3 ....

*का जुर्माना या दोनों लागू हो सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के हित के खिलाफ काम करेगा तो कार्रवाई होगी। किसी भी तरह से काम करता है और अवैध रूप से दूरसंचार उपकरणों का उपयोग करता है, तो उसे तीन साल तक की कैद की सजा सुनाई जा सकती है या दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना लग सकता है या दोनों सजा दी जा सकती हैं। यदि केंद्र सरकार उचित समझती है तो ऐसे व्यक्ति की दूरसंचार सेवा निलंबित या समाप्त भी कर सकती है।*

### अब तक '92'...

निलंबन की गाज गिर चुकी है। 11 को प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया है। सोमवार को दोनों सदनों से सस्पेंड किए गए सांसदों में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, डीएमके के टीआर बालू और दयानिधि मारन और टीएमसी के सौगत रॉय का भी नाम शामिल है। अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सुरक्षा उल्लंघन के मुद्दे पर संसद में बोलने का आग्रह किया। इस दौरान सदन में काफी हंगामा भी देखा गया। ये कार्रवाई स्पीकर ओम बिरला ने की है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव पर ये सभी सांसद निलंबित किए गए हैं। ये सांसद लोकसभा में हुई सुरक्षा चूक को लेकर केंद्र सरकार को घेर रहे थे और गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग कर रहे थे। चौधरी ने रविवार को स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन के 13 विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया था। सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक रही है। पीएम की संसद के प्रति शून्य अकाउंटेबिलिटी बची है – जो भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। विपक्ष रहित संसद के साथ मोदी सरकार अब महत्वपूर्ण लंबित कानूनों को कुचल सकती है, किसी भी असहमति को बिना किसी बहस के कुचल सकती है।

**11 सांसद जिन्हें प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया:** प्रिविलेज कमेटी के पास भेजे गए सांसदों में जेबी माथेर हिशाम, डॉ. एल. हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जीसी चन्द्रशेखर, बिनॉय विश्वम, सन्दोश कुमार पी, एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, डॉ. जॉन ब्रिटास और एए रहीम हैं।

**स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर इन तीन सांसदों ने लगाए नारे:** लोकसभा से जिन 33 सासंदों को निलंबित किया गया है, उनमें के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक शामिल हैं। ये तीनों सांसद लोकसभा की कार्यवाही के दौरान स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारे लगा रहे थे। इन तीनों सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया है।

### ये 34 पूरे सत्र ...

हेगड़े, वंदनी चव्हाण, प्रो. रामगोपाल यादव, जावेद अली खान, महुआ माजी, जोस के. मणि, अजित कुमार भुइयां हैं।

### कहा-न मोदी बोल...

पर दोनों सदनों में बयान की मांग कर रही हैं। यह एक सरल, सीधी और वैध मांग है। लेकिन गृह मंत्री एक बयान देने से इनकार करते हैं जो उनका कर्तव्य और जिम्मेदारी है। यही कारण है कि संसद बार-बार स्थगित हो रही है।

### मंत्री गडकरी ने कहा...

संबोधित करते हुए गडकरी ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकारी उपायों के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया, जिसमें कारों में छह एयरबैग को शामिल करना, सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को कम करना और इलेक्ट्रिक मोटर्स अधिनियम के माध्यम से जुर्माना बढ़ाना शामिल है।

### टेस्ला इंक का...

इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में मदद के लिए सर्वोत्तम तकनीक लाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### महिला व बच्चे...

स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ओटी एक में अपराह्न 12.40 पर मॉनिटर में स्पॉर्क होने के कारण आग लग गई और पहले वर्क स्टेशन और फिर पूरी ओटी में फैल गई। ओटी में धुआं भर जाने से एक महिला रोगी, जिसकी एन्डोसर्जरी ओ टी में सर्जरी चल रही थी व एक बच्चे को जिसकी हृदय की सर्जरी हो रही थी की मौत हो गई। हालांकि, इस दौरान अन्य मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

**वेंटिलेटर के फटने से लगी आग:** बताया जा रहा है कि वेंटिलेटर के फटने से आग लगी. हालांकि इस बाबत कोई अधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। आग लगते ही अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस मामले पर कहा कि एसजी पीजीआई में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### मुख्यमंत्री योगी ने...

प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार का निर्देश दिया है और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### आखिरकार, डकैती...

छात्र मौन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करके न्याय की मांग कर रहे थे। घटना के ठीक 20 घंटे बाद 11 दिसंबर (सोमवार) को छात्रों के खिलाफ हाईकोर्ट जज के ड्राइवर की शिकायत पर डकैती का केस हुआ। छात्रों को पूछताछ करने के लिए बुलाकर गिरफ्तार कर लिया गया था।

## पेज एक का शेष

### नाम तय होते ही...

यह भी जताई जा रही थी कि विधानसभा सत्र के बाद यह विस्तार हो सकता है। यदि, सूची फाइनल होने में कोई अड़ंगा लगा तो संभव है यह विस्तार तभी हो।

### सरकार सकारात्मक...

रहेगा। इस बीच नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद व शुभकामना देते हुए विश्वास दिलाया कि वे सहयोग के साथ ही जनता के हित में सार्थक आवाज उठाते रहेंगे।

### 12 विधायकों ने...

पर रखी। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने सदन में मुख्य प्रतिपक्ष के सदस्यों की सबसे अधिक संख्या के हिसाब से कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल घोषित किया। इसके साथ ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के पद पर उमंग सिंघार के नाम की घोषणा की।

### पिकअप ट्रक की..

कल्याण से ओटूर आ रहे एक यात्री रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। पिकअप में चालक, उसकी पत्नी, 2 बच्चे और परिवार का एक और शख्स बैठा था। वहीं, रिक्शा में चालक समेत 2 यात्री थे। टक्कर इतनी जोरदार थी की सभी की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान गणेश मस्करे (30 साल), कोमल मस्करे ( 25 साल), हर्षद मस्करे ( 4 साल), काव्या मस्करे (6 साल), नरेश नामदेव दिवटे (66 साल) और अमोल मुकुंदा ठोखे के रूप में हुई है।अन्य दो लोगों के नाम का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही ओटूर पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पहुंची, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। गांव के स्थानीय लोग ने भी पुलिस की मदद की थी।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | विविध विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

## राशिफल

**मेष:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनावश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन:** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु:** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती है।

**मकर:** वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कवियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SHAHNAZ BEGUM अंकित है। जबकि मेरा नाम SHAHNAZ एवं सरनेम BEGUM है। अतः मुझे मेरे सही नाम SHAHNAZ एवं सरनेम BEGUM W/O ABDUL JABBAR KHAN से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 416, Congress Nagar, Opp. People General Hospital, Berasia road, Bhopal (M.P.) - 462001

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5368



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5367 का हल



## सुडोकु बवाल - 5378

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सुडोकु बवाल - 5377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# दिग्गजों को हराने वालों की खुलेगी किस्मत, मंत्रिमंडल में हो सकते हैं शामिल!

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अलग खबर

पीढ़ी परिवर्तन के इस दौर में भाजपा के उन विधायकों की किस्मत का ताला खुल सकता है, जो कांग्रेस के दिग्गजों को पराजित कर विधानसभा में पहुंचे हैं। ऐसे एक दर्जन से ज्यादा नामों पर दिल्ली की बैठक में विचार हुआ है। इनमें से आधा दर्जन से ज्यादा मंत्रिमंडल में जगह पा सकते हैं। हालांकि दिग्गजों को हराने वाले विधायकों की संख्या 13 से ज्यादा है लेकिन इन सभी को मंत्री नहीं बनाया जा सकता। सूत्रों के अनुसार पार्टी नेतृत्व इनमें से अधिकांश को अवसर देने के मूड में है ताकि कांग्रेस के दिग्गजों को भविष्य में भी जीत कर आने से रोका जा सके।

## ऐसे एक दर्जन से ज्यादा नामों पर हुआ विचार

## आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया जा सकता है



### चंबल-ग्वालियर, बुंदेलखंड अंचल से ये चर्चा में

आधा दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं न चंबल-ग्वालियर और बुंदेलखंड अंचल में कांग्रेस के दिग्गजों को धूल चटाई है। इनमें भिंड की लहार सीट में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को अंबरीश शर्मा और भिंड में चौधरी राकेश सिंह को नरेंद्र सिंह कुशवाह ने हराया है। शिवपुरी में केपी सिंह को देवेंद्र कुमार जैन, चाचौड़ा में लक्ष्मण सिंह को प्रियंका मीणा और सेवढ़ा में घनश्याम सिंह को प्रदीप अग्रवाल ने शिकस्त दी है। इसी प्रकार बुंदेलखंड के छतरपुर में आलोक चतुर्वेदी पज्जन को ललिता यादव और पन्ना जिले में मुकेश नायक को प्रहलाद लोधी ने लगातार दूसरी बार हराया है। मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए इन 6 नामों पर विचार हुआ है।

### विंध्य, महाकौशल के 4 ने दिग्गजों को हराया

*प्रदेश के विंध्य और महाकौशल अंचल के चार नेताओं ने भी कांग्रेस के दिग्गजों को हराया है। हालांकि जबलपुर पश्चिम में कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री रहे तरुण भनोट को हराने वाले राकेश सिंह खुद भाजपा के दिग्गज हैं। इनके अलावा मैहर में नारायण त्रिपाठी को हराने वाले श्रीकांत चतुर्वेदी, सिंहावल में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को मात देने वाले विश्वामित्र पाठक और लांजी में हिना कांवरे को शिकस्त देने वाले राजकुमार कर्राए को मंत्री बनाए जाने के लिए दिल्ली की बैठक में विचार किए जाने की सूचना है।*

### भोपाल के आसपास से इन नामों की चर्चा

भोपाल दक्षिण पश्चिम से भगवानदास सबनानी और भोजपुर से जीते सुरेंद्र पटवा ने भी कांग्रेस के दिग्गजों को हराया है। सबनानी ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को शिकस्त दी है जबकि पटवा ने पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को, इसलिए मंत्री बनने के लिए इनके नाम चर्चा में हैं। इसके अलावा भोपाल में इस बार रामेश्वर शर्मा और कृष्णा गौर ने रिकार्ड मतों के अंतर से जीत दर्ज की है।

**मालवा के 4 नेताओं के नाम भी कतार में:** मालवा-निमाड़ अंचल के 4 भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के दिग्गजों को हराया है। इनमें सोनकच्छ में सज्जन सिंह वर्मा को राजेश सोनकर, महेश्वर में विजयलक्ष्मी साधौ को राजकुमार मेव, राऊ में जीतू पटवारी को मधु वर्मा और दीपक जोशी को आशीष गोविंद शर्मा ने मात दी है। इनमें से भी कुछ मंत्रिमंडल में जगह पा सकते हैं।

# जीतू पटवारी पहले करेंगे महाकाल को नमन, फिर संभालेंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का दारोमदार

**पीसीसी में स्वागत गेट बनाया और केबिन भी हुआ तैयार, कार्यकर्ता शहर में कई जगह करेंगे स्वागत**

*आज दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पटवारी*



कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के स्वागत में शहर के कई प्रमुख स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पोस्टर चस्पा किए हैं।

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवागत प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी 19 दिसंबर मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के पहले बाबा महाकाल के दरबार उज्जैन पहुंचेंगे जहां में बाबा महाकाल का पूजन अर्चन करने के बाद उनका आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद एक रैली के रूप में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय भोपाल पहुंचेंगे और पदभार ग्रहण करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विवेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार, 19 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय भोपाल पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे। जिसके पहले जीतू पटवारी सुबह 9 बजे इंदौर से कार द्वारा उज्जैन पहुंचेंगे और यहां विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन एवं पूजा अर्चन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

पटवारी 11 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर 11:30 बजे देवास पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। गुप्ता ने बताया कि पटवारी 12:30 बजे देवास से सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर बायपास मार्ग से होते हुए दोपहर 2 बजे बैरागढ़ पहुंचेंगे। इसके बाद पटवारी बैरागढ़ से रैली के रूप में इमामी गेट, बुधवारा, लिली टॉकीज चौराहा, रोशनपुरा, लिंक रोड होते हुए दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेसजनों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करेंगे।

## पीसीसी में खास तैयारी

इधर, पीसीसी में भी खास तैयारी की गई है। पटवारी के स्वागत के लिए दफ्तर के बाहर टेंट लगाया गया है। तीसरी मंजिल में केबिन को भी तैयार किया गया है। नाथ की जगह पर जीतू पटवारी अब अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी को निभाएंगे।

## विधानसभा में बोले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज

# पीढ़ी परिवर्तन स्वाभाविक प्रक्रिया जो दोनों पक्षों में देखने को मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नई विधानसभा में अनुभवी एवं नई पीढ़ी का पर्याप्त समावेश है। मैं अपने सभी नवनिर्वाचित विधायक मित्रों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जहां एक तरफ पुराने और अनुभवी साथी भी विधायक चुनकर आए हैं, वहीं नई पीढ़ी का भी पर्याप्त समावेश है। शिवराज ने कहा कि पीढ़ी परिवर्तन एक स्वभाविक प्रक्रिया है। एक और आनंद का विषय है पीढ़ी परिवर्तन भी हुआ है। मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं, तो नेता प्रतिपक्ष भी उमंग सिंगार हैं। पीढ़ी परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, दोनों पक्षों में देखने मिल रही है। इसे हमको बहुत सकारात्मक रूप से लेना चाहिए।



### सकारात्मक और सक्रिय सहयोग रहेगा

*चौहान ने कहा कि उनका सकारात्मक और सक्रिय सहयोग रहेगा। मैं मोहन यादव, राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा को और आने वाले मंत्रिमंडल को न केवल शुभकामनाएं देता हूं, बल्कि सकारात्मक और सक्रिय सहयोग करूंगा। विधायक दल के नेता के नाते वह हमारे भी नेता है। मोहन जी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां छुएगा प्रदेश मुझे पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयां छुएगा।*

### मुझसे बेहतर काम हो

उन्होंने कहा कि मुझे गर्व भी है, और संतोष भी है कि मैंने लगभग 17 साल प्रदेश की जनता की सेवा की है। मुझे आत्मसंतोष और गर्व भी है कि प्रदेश के लिए बहुत काम कर पाया। लेकिन एक राज्य के नागरिक के नाते मेरी यही इच्छा है कि मोहन यादव के नेतृत्व में मुझसे बेहतर काम हो।

# सूट-बूट में दिखे बाइक वाले विधायक डोडियार, परिवार संग पहुंचे लेने शपथ

**कार से पहुंचे विधानसभा, कहा-सैलरी से चुकाउंगा कर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाइक से रतलाम जिले के सैलाना से भोपाल की 350 किलोमीटर दूरी तय करके चर्चाओं में आए विधायक कमलेश्वर डोडियार एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उनकी चर्चा उनके पहनावे को लेकर है। बाप पार्टी से विधायक बने कमलेश्वर सोमवार को विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए भोपाल पहुंचे थे।

वे विधानसभा में सूट-बूट में नजर आए। उनके पहनावे को देखकर सभी चकित थे। इससे पहले जब वे कागजी कार्यवाही के लिए विधानसभा पहुंचे थे तो वे साधारण शर्ट पैंट और चप्पल में थे, लेकिन इस बार वे बंद गले के कोट में दिखाई दिए। इतना ही नहीं, इस बार वे बाइक की जगह कार से विधानसभा पहुंचे। उनका परिवार भी उनके साथ मौजूद रहा। बता दें, कमलेश्वर डोडियार निर्वाचित होने के बाद विधानसभा की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अपने मित्र के साथ बाइक से भोपाल पहुंचे थे। उन्होंने करीब 9 घंटे में यह सफर पूरा किया था। हवाई जहाज में सफर करते उनके फोटो वायरल होने पर भी कमलेश्वर चर्चा का विषय बन गए थे। हरिभूमि संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि विधायक बन गए हैं। सैलरी से साराकर्ज चुका देंगे।



### मंत्री बनने की जताई थी इच्छा

कमलेश्वर ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करके वन मंत्री बनने की इच्छा भी जताई थी। उनका कहना था कि उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाए। इसके साथ ही उन्हें वन मंत्रालय दिया जाए। इसके पीछे उनका तर्क था कि वे वनवासी हैं और वे वनवासियों की समस्याओं को बहुत अच्छे समझते हैं।

### ये है विधायक कमलेश्वर का बैक ग्राउंड

*कमलेश्वर ने शुरू में अपनी पढ़ाई उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय से की। इसके बाद उन्होंने वकालत दिल्ली यूनिवर्सिटी से की है। वे एक गरीब परिवार से आते हैं। उनकी पूरी फैमली सैलाना के गांव राधाकुंवा में एक छोटी सी झोपडी में रहती है। तंग हाल कमलेश्वर के पास चुनाव लड़ने तक के पैसे नहीं थे तो उन्होंने 12 लाख रुपए का कर्ज लेकर ये चुनाव लड़ा है। 33 साल के कमलेश्वर के माता पिता मजदूरी करते हैं। उन्होंने खुद लोगों के घर झूठे बर्तन साफ किए हैं।*





# नाम, नमक और निशान के लिए जीते हैं सैनिक : सेवानिवृत्त मेजर आर्य

रवींद्र भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला के दूसरे दिन 'भारत कल, आज और कल' विषय पर युवाओं के साथ किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोगों को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि 40-50 हजार की सैलरी के लिए सैनिक दुश्मनों से भिड़ जाता हैं। यह काम कोई और कर सकता है क्या? सैनिक देश के प्रति अपने कर्तव्य के लिए जीते हैं, इसलिए अपने प्राणों की चिंता नहीं करते। सेना में कहा जाता है कि हम नाम, नमक और निशान के लिए जीते हैं। यानी सैनिक किसी तनख्वाह के लिए नहीं, बल्कि नाम, नमक और निशान के लिए कठिनतम लड़ाई में उतर जाते हैं।

ये विचार प्रख्यात वक्ता एवं लेखक सेवानिवृत्त मेजर गौरव आर्य ने 'भारत, कल, आज और कल' विषय पर व्यक्त किए। वे भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के राज्य समन्वयक नितिन चंदसोरिया ने की। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के संघचालक एवं न्यास के अध्यक्ष अशोक पांडेय भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लेखक, पत्रकार एवं मीडिया शिक्षक लोकेंद्र सिंह की पुस्तक 'राष्ट्रध्वज और आरएसएस' का विमोचन भी किया गया। लेखक ने पुस्तक में राष्ट्रध्वज तिरंगा, सांस्कृतिक ध्वज भगवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्संबंधों का विश्लेषण किया है।




### दुश्मन की हिम्मत नहीं हमला करे

मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त मेजर गौरव आर्य ने कहा कि हमने ज्यादातर जवाबी कार्यवाहियां की हैं। इसलिए ही हमें कई लोग कमजोर समझते हैं। हमने बाद में सर्जिकल स्ट्राइक की। यदि हम पहले ही सर्जिकल स्ट्राइक कर दें तो दुश्मन की हिम्मत ही नहीं होगी कि वह हम पर हमला कर सके।

### सैन्य कूटनीति का महत्व बढ़ जाएगा

उन्होंने कहा कि थल सेना, जल सेना और वायु सेना ने पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से अपनी क्षमता को बढ़ाता है, वह बहुत महत्व का है। याद रखें कि भारत के आनेवाले कल में सैन्य कूटनीति का महत्व बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आर्मी सांप है। भारत का वास्तवित दुश्मन आतंकवाद नहीं अपितु पाकिस्तान की सेना है क्योंकि आतंकवाद वही पैदा करती है। पाकिस्तान की सेना लड़ने नहीं आती, वह आतंकियों को भेजती है।

### भारत ने दुनिया में फहराया अपना परचम

मेजर आर्य ने कहा कि हमें बच्चों को बताना चाहिए कि भारत ने दुनिया के कई हिस्सों को जीता था। रणजीत सिंह के नेतृत्व में अफगानिस्तान तक भारत का ध्वज फहराया था। डोगरा सेना तिब्बत तक पहुंची। चोल साम्राज्य ने थाईलैंड सहित आसपास के कई देशों में भारत का परचम फहराया। थाईलैंड की पुरानी राजधानी का नाम आज भी अयोध्या है। उन्होंने रेजांगला और हाइफा के युद्ध का भी उल्लेख किया। मेजर आर्य ने कहा कि हमें अपने बच्चों को बताना चाहिए कि भारत की स्वतंत्रता में महात्मा गांधीजी का योगदान था तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भी बहुत योगदान था। आजाद हिंद फौज के 40 हजार सैनिकों का बलिदान हुआ, उनके नाम भी हमें नहीं पता हैं। अंग्रेज भारत से इसलिए गए क्योंकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में 30 लाख प्रशिक्षित सैनिक भारत में घूम रहे थे।

---

## मेकअप आर्टिस्ट अकादमी में नि:शुल्क मेकअप वर्कशॉप, विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

# जल्दबाजी में किया मेकअप आपका चेहरा खराब कर सकता है: तान्या

*त्रिलंगा स्थित तान्या हर्षा मेकअप आर्टिस्ट अकादमी में आयोजित वर्कशॉप में मेकअप आर्टिस्ट तान्या हर्षा ने महिलाओं और छात्रों को बताया कि 10 मिनट में कैसे बेहतर और अच्छा मेकअप करें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद के लिए समय निकालना मुश्किल है। इन व्यस्तताओं की वजह से महिलाओं के लिए मेकअप करना भी एक बड़ा काम हो गया है। ऐसे में जल्दबाजी में किया गया मेकअप कई बार आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने की बजाय बिगाड़ ही देता है।

यह कहना है मेकअप आर्टिस्ट तान्या हर्षा का। तान्या ने सोमवार को त्रिलंगा स्थित तान्या हर्षा मेकअप आर्टिस्ट अकादमी में आयोजित निःशुल्क मेकअप वर्कशॉप में महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स को मेकअप की बारीकियों के बारे में बताया। इस दौरान मेकअप आर्टिस्ट ने 10 मिनट में कैसे बेहतर और अच्छा मेकअप करें इसके टिप्स भी दिए। तान्या हर्षा ने बताया कि मेकअप में कई स्टेप्स फॉलो करने होते हैं और हर स्टेप को निश्चित समय देना पड़ता है। ऐसे में कई बार जल्दी-जल्दी में किया गया मेकअप खराब हो जाता है और परफेक्ट लुक नहीं मिलता।





*महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स को मेकअप की बारीकियों के बारे में बताया*

### स्किन टोन से मैच करता फाउंडेशन करें अप्लाई

उन्होंने बताया कि इसके बाद स्किन टोन से मैच करता फाउंडेशन अप्लाई करें, और कॉम्पेक्ट पाउडर से इसे सेट कर लें। चेहरे का बेस तैयार होने के बाद ही आंखों का मेकअप और लिपस्टिक करें अप्लाई।

### लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए पहले लगाएं आइस

लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए मेकअप से पहले चेहरे पर अच्छी तरह आइस से मसाज जरूर करें। ऐसा करने से स्किन पर खुले हुए ओपन पोर्स छोटे हो जाते हैं और पसीना भी नहीं निकलता, जिससे स्किन पर मेकअप लंबे समय तक ठहरा रहता है। इसके बाद स्किन पर टोनर अप्लाई करें, जिसका चयन हमेशा स्किन टाइप के मुताबिक ही करें, इसकी जगह गुलाब जल का भी प्रयोग कर सकती हैं।

---

होटल पलाश में विश्वरंग-2023 की प्रेस वार्ता में चौबे ने कहा-

# भाषा, साहित्य और संस्कृति से महकेगा विश्वरंग-2023

**50 देश, 50 सत्र और 500 प्रतिभागी होंगे शामिल**

भारतीय भाषाओं के बीच एक बड़े सांस्कृतिक संवाद का मंच बनेगा

21 से 24 दिसंबर तक रबींद्रनाथ टैगोर विवि प्रागंण में होगा आयोजन

54 देशों पर आधारित विश्व हिंदी रिपोर्ट का लोकार्पण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वरंग महोत्सव-2023 अपनी व्यापक गतिविधियों के बीच 21 से 24 दिसंबर के दरमियान आयोजित किया जा रहा है। रबीन्द्रनाथटैगोर विवि की मेजबानी में होने वाले इस विराट समागम में भारत सहित दुनिया के पचास से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के विशाल प्रांगण में आयोजित होने वाला विश्वरंग इस बार हिंदी अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की पड़ताल करता अन्य भारतीय भाषाओं के बीच एक बड़े सांस्कृतिक संवाद का मंच बनेगा। कथाकार एवं पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक समारोह का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, विश्व हिंदी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी तथा वैश्विक हिंदी संसार के अध्यक्ष अनिल जोशी सहित देश-विदेश की अनेक गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति इस अवसर को गरिमा प्रदान करेगी। 54 देशों पर आधारित विश्व हिंदी रिपोर्ट का लोकार्पण होगा। यह जानकारी विश्वरंग के महानिदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे ने दी।



### विश्व का यह अनूठा सांस्कृतिक महोत्सव

संतोष चौबे ने बताया कि भाषा, साहित्य और कलाओं के साथ ही विज्ञान तथा तकनीक से जुड़े सभी अनुशासनों पर केंद्रित विषयों के करीब 50 सत्र शामिल करते हुए रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय, वनमाली सृजनपीठ और टैगोर विश्वकला एवं संस्कृति केंद्र सहित सौ से भी अधिक साहित्यिक- सांस्कृतिक संस्थाओं के संयुक्त संयोजन में विश्वरंग ने हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच वैचारिक संवाद स्थापित किया। किसी निजी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाने वाला विश्व का यह अनूठा सांस्कृतिक महोत्सव बन पड़ा है।

### विश्व में हिंदी भाषा का शिक्षण पर होगा जोर

सत्रों में एक पूरा दिन 22 दिसंबर हिंदी भाषा और शिक्षण पर होगा। जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद् बाचचीत करेंगे। विदेशों में हिंदी शिक्षण के अनुसार हिंदी भाषा शिल्प में साहित्य की भूमिका, हिंदी भाषा शिक्षण में कलाओं और फिल्मों की भूमिका, विश्वविद्यालयों में हिन्दी शिक्षण की चुनौतियां जैसे विषयों पर बातचीत होगी।

---

## केंद्रीय संस्कृत विवि में राष्ट्रीय कार्यशाला

# देशभर के शोधकर्ता भोपाल में शोध के मानदंडों से होंगे रुबरू

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के शोधकेंद्र के द्वारा सप्ताह व्यापिनी राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. सुबोध शर्मा ने की तथा आतिथ्य प्रो. डीएन सनसनवाल का रहा। प्रो. करुणेश कुमार शुक्ल ने बताया कि शोध करना भारतीय परंपरा का बड़ा गुण है। विनम्रतापूर्वक शोधकार्य में दृढ़ विश्वास के साथ निरन्तर अनुसंधान धारा को गंगा की तरह सतत प्रवाहमान बनाना होगा।



### शोध परंपरा को आगे ले जाना चाहिए

प्रो. डीएन सनसनवाल ने बताया कि एक आदर्श शोधकर्ता को शोध की सीमा, अवसर, भावी परिणाम तथा शोध की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर शोध परंपरा को आगे ले जाना चाहिए।

## भोपाल की शोखी श्रीवास्तव को बीएचयू में मिले दो स्वर्ण पदक



**भोपाल।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय का 103वां दीक्षांत समारोह हाल ही में संपन्न हुआ, जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के छात्र छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं डिग्रियों से सम्मानित किया गया। यहां मनोविज्ञान विभाग की छात्रा, भोपाल के कोलार निवासी शोखी श्रीवास्तव को स्नातक वर्ग में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया।

# वरिष्ठ व्यंग्यकार मलय जैन, इंद्रजीत कौर को मिला राष्ट्रीय डॉ.ज्ञान चतुर्वेदी व्यंग्य सम्मान

**व्यंग्य लेखन अन्य विधाओं की तुलना में कठिन रचनात्मकता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय भोपाल के सभागार में आयोजित व्यंग्य लेखक समिति के वार्षिक आयोजन तथा विश्वरंग के व्यंग्य समागम अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए व्यंग्यकारों को नसीहत देते हुए पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी ने कहा- व्यंग्य लेखन अन्य विधाओं की तुलना में कठिन रचनात्मकता है।

किसी स्तम्भ में प्रकाशित होने के लिए व्यंग्य लेखन को लक्ष्य नहीं बनाना चाहिये। राजमार्ग से भी आगे व्यंग्य लेखन के रास्ते हैं। आलोचना की परवाह किए बगैर लिखते रहें। व्यंग्य में दोहराव से बचें। इस अवसर पर वलेस की ओर से मलय जैन (भोपाल) व इंद्रजीत कौर(लखनऊ) को वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय ज्ञान चतुर्वेदी व्यंग्य सम्मान से सम्मानित किया गया।



## राष्ट्रीय बाल रंग महोत्सव का शुभारंभ कल से

# 22 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए करीब 450 बच्चे करेंगे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल रंग महोत्सव का आयोजन 20, 21 दिसंबर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में आयोजित की किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में भारत के 22 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए करीब 450 बच्चे सहभागिता करेंगे। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नौ संभागों के लगभग 1200 विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इस सिलसिले में सोमवार को एक निजी रेस्टोरेंट में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें अरविंद कुमार ने यह जानकारी दी।



---

## राजधानी

### खबर संक्षेप

#### साईंधाम न्यास की बैठक मनेगा स्थापना दिवस

**भोपाल।** साईंकृपा सेवा समिति एवं न्यास साईं धाम नेहरू नगर की एक महत्वपूर्ण बैठक मंदिर परिसर में सोमवार को संपन्न हुई, जिसमें आगामी 27 दिसंबर को 30 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने एवं न्यास के दो सदस्यों के ब्रह्मलीन होने पर नए सदस्यों का निर्वाचन तथा अगले वर्ष न्यास के नए चुनाव कराने पर चर्चा हुई। वर्तमान संस्थापिका कृष्णा सोनी को जीवन पर्यंत संस्थापक बनाने पर भी विचार हुआ । इसके साथ ही विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ।

#### बीयू में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। बीयू के रजिस्ट्रार डॉ.आईके मंसूरी ने बताया कि अब इस प्रकोष्ठ की संयोजक भौतिक विभाग की प्राध्यापक प्रो. साधना सिंह है। प्रो. अनिता धुर्वे, डॉ. पिंकी गोखले, डॉ. आरती डावर, डॉ. सुनील स्नेही को सदस्य एवं सहायक कुलसचिव शरद पटेल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## राज्यसभा सदस्य डॉ. सोनल और नृंत्यागना अनुराधा ने दिया प्रेरणादायक उद्बोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रविवार को रविंद्र भवन में राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान माला रखा में मुख्य वक्ता राज्य सभा सदस्य डॉ. सोनल मानसिंह और अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना अनुराधा सिंह ने उद्बोधन दिया। दोनों का उद्बोधन सभी को प्रेरणा दायक और अपने जीवन के करीब लगा। इस कार्यक्रम में विविध संगठनों के मातृ शक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थी।

# डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी व सीमा ने स्टॉल लगाकर किया स्वदेशी जन जागरण

*मातृशक्तियों को भेंट किए स्वावलंबी भारत अभियान के पत्रक*

### स्टॉल से खरीद कर बहनों का उत्साह वर्धन किया



स्वावलंबी भारत अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी और सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने स्वदेशी स्टॉल भी लगाए और स्वदेशी जन जागरण किया। इसके साथ ही स्वावलंबी भारत अभियान के पत्रक और पुस्तकें सभी मातृ शक्तियों को भेंट की गईं। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गौर, एडीजीपी सुषमा सिंह, प्रतिभा सिंह, किरण नेगी, माधवी शर्मा, अनिता मिश्रा, दीपा शर्मा, उमा शर्मा, सुरेखा मालवीय, ऋचा, सुषमा कुलश्रेष्ठ, ज्योति वर्मा, सुशीला शुक्ला, पूर्णिया वर्मा, बीनू धीर, सुनीता जैन, वंदना गांधी, नेहा सेठा, सरिता चौबे, नॉमिता, जया, मंजुलता शर्मा, आभा पांडेय, ममता उपमन्यु आदि विशेष रूप से उपस्थित थीं। व्याख्यान माला में बहनों से स्वदेशी स्टॉल से स्वदेशी उत्पाद भी खरीद कर बहनों का उत्साह वर्धन किया।

आनंदम केंद्र में लगी हेमंत की पोएट्री क्लास

# ताली बजी-खट, दरवाजा खुला सट और गुब्बारा गया-फट...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौन नारियल के पेड़ों पर जादू सा कर जाता है, बन्द कटोरी में मीठा जल चुपके से भर जाता है। कविता रचने के लिए सबसे पहले ढेरों कविताएं पढ़ना जरूरी है। पहले छोटी-छोटी कविताएं बनाएं। अपने आस-पास की चीजों को ध्यान से देखें, उन्हें महसूस करें जैसे अपनी किताबें, अपना बस्ता, पेंसिल, आसपास रखी कुर्सियां, ब्लेक बोर्ड, पेड़-पौधे। यह पते की बात प्रसिद्ध कवि एवं रंगकर्मी हेमंत देवलेकर ने आनंदम केंद्र में बच्चों को समझाई।

हैल्पबॉक्स फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क आनंदम केंद्र की रचनात्मक श्रृंखला के तहत बच्चों की पहली पोएट्री वर्कशॉप का आयोजन किया गया। बच्चों को तब बहुत आनंद आया जब उनसे एनर्जेटिक एक्सरसाइज करवाई। बच्चे हाथों के विभिन्न एक्शन के साथ रह ताली बज- खट, दरवाजा खुला- सट, गुब्बारा गया-फट।




बजारों में क्रिसमस पर्व को लेकर दिखने लगी रौनक

# सेंट जोंस चर्च में विशेष आयोजन शुरू घर-घर जा कर सुनाने लगे कैरोल सांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में इन दिनों क्रिसमस की तैयारी जोरों पर चल रही है। गिरजाघरों से लेकर बजारों में क्रिसमस पर्व को लेकर रौनक दिख रही है।

ईसाई समुदाय के लोगों को घरों में कैरोल सांग सुनाने संता क्लाज बनकर लोग जा रहे हैं। गोविंदपुरा सेंटर जोंस चर्च में विशेष आयोजन शुरू हो चुके हैं। हर रविवार को प्रार्थनाएं हो रही हैं।



### चर्चों में की सजावट

प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के लिए चर्चों को सजाया गया है। प्रभु के जन्म लिए क्रिसमस ट्री, सितारों से सजाकर एक झोपड़ी बनाई गई, जिसकी चारों तरफ से विद्युत साज-सज्जा की गई है। प्रभु यीशु के आगमन का संदेश देने के लिए घर-घर कैरोल सिंगिंग का दौर चल रहा है।

# श्रीजी मंदिर में 50 साल पूरे होने पर छप्पन भोग महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर के 50 वर्ष पूरे होने पर सोमवार से छप्पन भोग महोत्सव शुरू हुआ। पहले दिन श्री यमुना जी का कुंडवाड़ा, यमुनाष्टक के पाठ किया गया। इसमें शहर भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने भगवान श्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की।

मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने श्रद्धालुओं को वैष्णव, राधा वल्लभ सहित विभिन्न संप्रदाय में भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने के पौराणिक कथा के अनुसार अन्नकूट में 56 भोग लगाने के बारे में बतया। वहीं पुष्टि संप्रदाय छप्पन भोग का उत्सव अलग मान्यता को समझाया। मंदिर प्रांगण में प्रभ श्रीनाथ जी का फूलों से श्रृंगार किया गया। भजन व आरती के आयोजन में महिलाएं भी शामिल हुईं। देर रात तक मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। प्रसादी का भी वितरण किया गया।



### निकाली जाएगी 21 दिसंबर को शोभायात्रा

21 दिसंबर को बरात शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर लखेरापुरा, राजा कंपलेक्स ,भवानी चौक सोमवार, सिंधी मार्केट, जनकपुरी, छोटे भैया कार्नर, जुमराती लोहा बाजार, सावरकर चौक, पीपल चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। जहां पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। 22 दिसंबर चवरी मनोरथ उत्सव दर्शन, 23 दिसंबर मेवा का बंगला व कीर्तन, 24 दिसंबर अलौकिक छप्पन भोग उत्सव मनाया जाएगा।

मिसरोद थाना क्षेत्र के होशंगाबाद रोड पर हुआ हादसा

# सड़क पार कर रहीं मां बेटी को बाइक सवार ने मारी टक्कर, पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित होशंगाबाद रोड पर रविवार रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पार कर रही मां बेटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में मां बेटी को गंभीर चोट आई है। चलती बाइक से गिरने के कारण बाइक सवार भी घायल हुए है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार लब कटारे पिता सीताचरण कटारे (46) एचआईजी 62, श्री कृष्णपुरम मिसरोद में रहते है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे भोपाल से मेला देखकर वे अपनी पती अर्चना और बेटी मोनालिका के साथ सिटी बस से राधापुरम बस स्टाप पर उतरे थे। वे आगे चल रहे थे, जबकि उनकी पत्नी अर्चना और बेटी मोनालिका पीछे चल रहीं थी। पत्नी और बेटी होशंगाबाद रोड पार कर रही थी, तभी मंडीदीप की तरफ से आ रही बाइक के चालक तेजी एवं लापरवाही से पत्नी और बेटी को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मेरी पत्नी और बेटी दोनो सड़क पर गिर गए। साथ ही बाइक वाले भी गिर गए थे। टक्कर लगने से पत्नी को पैर हाथ व सिर और उनकी बेटी को सिर और नाक में गंभीर चोट आई है। वे दोनों को निरामय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा है।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

*भोपाल। ईंटखेड़ी इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सामने से आ रही मोटर साइकिल को टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर लगने से मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल युवक की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आजाद खान ( 29 ) ग्राम बेरखेड़ी कला थाना गुनगा में रहता है और ड्राइवरी करता है। शुक्रवार को वह अपने रिश्तेदार इस्तियाक खान के साथ गाड़ी भरने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर गया था। रात को काम खत्म होने के बाद दोनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक इस्तियाक चला रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे दोनों जैसे ही निपानिया जाट के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और वहां से भाग निकला। इस हादसे में इस्तियाक सिर और चेहरा समेत शरीर में गंभीर चोट आई, जबकि आजाद के हाथ- पैर और कंधे में चोट लगी।*

### बाइक सवार भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर

भोपाल। बिलखिरिया इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। बाइक चला रहे बड़े भाई को गंभीर चोट आई है। हादसे के समय दोनों काम से घर लौट रहे थे। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक माखन भाट (35) पीरिया मोहल्ला बिलखिरिया में रहता है और मजदूरी करता है। उसका बड़ा भाई सुंदरलाल भाट (45) भी मजदूरी करता है। शनिवार रात दोनों भाई कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में काम करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वह कोकता चौराहे पर पहुंचे, तभी कोकता से मिसरोद की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में माखन को कम चोट आई, जबकि सुंदरलाल के सिर, हाथ-पैर और सीने में गंभीर चोट आई है।

# कारोबारी परिवार पर हमला करने वाले बदमाशों को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

## पुलिस ने चौथे आरोपी को भी हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया इलाके में विदिशा के कारोबारी परिवार के साथ मारपीट, अड़ीबाजी, छेड़छाड़ और स्कार्पियो में तोड़फोड़ करने वाले तीनों बदमाश को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद से फरार चल रहे चौथे आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना के वीडियो और फुटेज देखने तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक विदिशा निवासी 21 वर्षीय युवती शनिवार को अपने परिवार के साथ कुलदेवी के मंदिर दर्शन करने तरावली बैरसिया जा रही थी। रास्ते में बाइक और ऑल्टो सवार कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा कर शमशाबाद चौराहे के पास सामने से आए मैजिक वाहन ने उनकी स्कार्पियो को रोक लिया।

### अड़ीबाजी कर मांग रहे थे दस हजार रुपए

*मैजिक से उतरे लड़कों ने युवती के पिता पर बाइक को कट मारने का आरोप लगाते हुए दस हजार रुपए की मांग करने लगे। पिता ने जब किसी को कट मारने से इंकार किया तो बदमाशों ने युवती को स्कार्पियो से बाहर खींच लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। युवती के माता-पिता और भाई ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने लाठी-डंडों से सभी के साथ मारपीट की और स्कार्पियो में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन बदमाशों धर्मेंद्र ठाकुर, दीपक ठाकुर और राजा ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक आरोपी रवि ठाकुर मौके से भाग निकला था। रविवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।*

## खबर संक्षेप

### कमरे में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

भोपाल। शाहपुरा इलाके में रहने वाले युवक ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह परिजनों ने युवक की मौत के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मर्ग कायम कर जान शुरू कर दी है। शाहपुरा टीआई ने बताया कि ईश्वर नगर इलाके में 26 वर्षीय शैलेंद्र राजपूत ने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजनों से शुरुआती पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि वह नशे का आदी था। शादी के बाद पत्नी को भी घर से भगा दिया। शैलेंद्र मजदूरी का काम करके गुजर बसर करता था। फिलहाल पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही सुसाइड के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### युवक की संदिग्ध मौत हार्ट अटैक की आशंका

भोपाल। बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासइया में बीती रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे उसका भाई बेहोशी की हालत में घर के सामने से उठाकर अस्पताल ले गया था। पुलिस के अनुसार लखन सिंह ठाकुर पिता गंगाराम ठाकुर (35) कान्हासईया बिलखिरिया में रहता था। वह खेती किसानी के साथ प्राइवेट काम करता था। रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर के सामने खड़ा था। बेहोशी की हालत में भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया है।

### लाल बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

भोपाल। एमपी नगर इलाके में लालबस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक यूनुस खान (42) बुधवारा तलैया में रहता है और ट्रैवल्स की यात्रीबस में कंडक्टरी करता है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह एमपी नगर से बुधवारा लौट रहा था। रोटरी चौराहे पर पीछे से आ रही लालबस के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे यूनुस बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हाथ-पैर में चोट लगने के साथ ही उसकी बाइक में काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने घायल का इलाज करवाने के बाद टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन 25 को

भोपाल। भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन 25 दिसंबर को 9 मसाला रेस्तरां में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन, समाज के वरिष्ठ सदस्यों व प्रतिभावान प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। समाज के सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि वार्षिक सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सफल हस्तियों द्वारा समाज के युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। ताकि वे भी प्रेरित होकर अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करे। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ के पास हुआ हादसा

# स्कूटी को ट्रॉले ने पीछे से मारी टक्कर बीएसएफ जवान की पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रॉले ने स्कूटर सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटर सवार बी ए स ए फ जवान घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि हादसे के समय



स्कूटर बीएसएफ जवान की पत्नी चला रही थी, जबकि वह पीछे बैठे हुए थे। हादसे में उन्हें भी चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। सोमवार को पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। पुलिस ने ट्रॉला जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रूपा देवी पति रंजीत कुमार राव (37) मकान नंबर, 26, फेस थ्री, छत्रसाल नगर, अयोध्या नगर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति रंजीत कुमार राव बीएसएफ में जवान हैं। उनकी पोस्टिंग दिल्ली के टिगरी कैंप में है। रंजीत कुमार कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर आए हुए हैं। रविवार को वह पत्नी रूपा देवी के साथ भोजपुर मंदिर घूमने जा रहे थे। उनके जीजा का परिवार कार में आगे था, जबकि रूपादेवी के साथवह सकूटर से जा रहे थे।

### ट्रॉले के नीचे आ गई थी महिला

रंजीत कुमार ने बताया कि रूपादेवी ने रापडिया तिराहा से बंगरसिया तरफ मुड़ने लगी थी। मुड़ते ही सामने से आ रहे ट्रॉले के चालक ने स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रूपा देवी ट्राले के नीचे आ गई और घिसटते हुए चली गई। हादसे में टक्कर लगने के बाद रंजीत सिंह दूर जा गिरे थे। घटना के समय आगे चल रहे रंजीत के जीजा सतीष कुमार अपनी फैमिली के साथ कार से तत्काल लौटे और रूपा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही रूपा को मृत घोषित कर दिया।

*पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश में जुटी*

*हादसे में ट्रॉले के साथ करीब 20 मीटर तक घिसटी महिला*

### मकान पर काम कर रहे मजदूर को लगा करंट, अस्पताल में मौत

भोपाल। रातीबड़ इलाके में निजी मकान में काम कर रहे मजदूर को करंट लग गया। मजदूर के भाई ने गंभीर अवस्था में जेपी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। मरीज की हालत गंभीर देखते हुए अस्पताल में इलाज शुरू किया। इसी दौरान मजदूर की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। रातीबड़ पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे जेपी अस्पताल की ओर से सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि सीहोर की इच्छावर में रहने वाले 32 वर्षीय सुनील कुमार चौहान को करंट लगा है। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। जेपी अस्पताल में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि जेपी नगर स्थित संजय त्यागी के सागर कॉलोनी स्थित मकान पर काम कर रहे थे। निर्माणाधीन मकान पर लोहे और कुछ और सामान रखा हुआ था। इसी बीच सुनील खुले तार में उलझ गया एक तार काटा हुआ था। जिससे करंट लग गया और बेहोश होकर सुनील गिर गया। सुनील को होश में लाने की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया लेकिन डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चिरायु में इलाज के दौरान मौत

### गुलाब उद्यान पार्क के पास बुजुर्ग को अज्ञात वाहन में मारी टक्कर

भोपाल। राजधानी के गुलाब उद्यान पार्क के पास बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद बुजुर्ग को इलाज के लिए चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया। सिर और हाथ में गंभीर चोट होने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। टीटी नगर पुलिस के मुताबिक 56 वर्षीय श्रीकांत मिश्रा पुत्र राम सिया मिश्रा भीम नगर इलाके में रहते हैं। शाम 5 सोमवार को किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चलाक के फरार हो गया। आसपास निकल रहे लोगों ने एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी। बुजुर्ग को अस्पताल इलाज के लिए भेजा गय। इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। डॉक्टरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस चिरायु अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी टीटी नगर का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही अधिक जानकारी सामने आएगी। परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई है। उनके बयान पर ही जानकारी सामने आएगी कि आखिर बाइक सवार बुजुर्ग कहां जा रहे थे। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी अज्ञात वाहन चालक की पहचान की जाएगी।

एसपीएम कॉलेज में तीन दिवसीय परिचर्चा का समापन

## विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के तहत कई विषयों पर साझा किए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सोमवार को शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में तीन दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय तेलंग के मार्गदर्शन में सशक्त भारतीय, संपन्न एवं सुदृढ अर्थव्यवस्था, नव प्रवंतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा विश्व में भारत विषयों पर यह परिचर्चा 13 से 18 दिसंबर के बीच आयोजित हुई। इसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. जीपी यादव, डॉ. सुषमा जैन, डॉ. एकता पाल, डॉ. पुष्पादेवी साहू, डॉ. एसडी सिंह, डॉ. वीपीएस गौर, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. इला जैन, डॉ. एसके मल्होत्रा ने शिक्षा के क्षेत्र से जोड़कर विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला व उससे जुड़े संभावित अभिमत और सुझाव विद्यार्थियों से साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार प्रॉपर्टी डीलर घायल

भोपाल। अवधपुरी इलाके ऑटो की टक्कर से बाइक सवार प्रॉपर्टी डीलर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक संतोष यादव (33) रचना विहार अवधपुरी में रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। शुक्रवार की शाम को वह अपने साइट ऑफिस से घर लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े छह बजे संतोष बीडीए रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सड़क क्रास कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर

भोपाल। कोहेफिजा में सड़क क्रास कर रहे एक युवक को बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक मंगलवारा निवासी रोहित प्रजापति प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया बड़े भाई धीरज प्रजापति (40) शुक्रवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन पहुंचे थे। रात करीब डेढ़ बजे धीरज गार्डन के सामने सड़क क्रास कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बिलखेड़ी एवं पारखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

## महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

विकासखंड के जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम बिलखेड़ी एवं पारखेड़ी में खंड स्तर के सभी विभागों की उपस्थित में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार एवं हितग्राहियों को विभिन्न योजनागत लाभार्थ को पुष्प-हार पहना कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायतों में यात्रा के आगमन पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।



### स्टॉल के माध्यम से लोगों के आवेदन-पत्र प्राप्त किए

स्टॉल के माध्यम से लोगों के आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। महिला बाल विकास एनआरएलएम ,पंचायत विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सीईओ युक्ति शर्मा, तहसिलदार प्रीति नागेन्द्र, जनपद अध्यक्ष प्रीति ब्रजेश चौकसे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवनारायण चौहान, जीतेन्द्र चतुर्वेदी, जअप समन्वयक निशा पटेल, पीसीओ-वरूण अवस्थी,राकेश पाण्डे ,नवांकुर संस्था से वीर सिंह चौहान, सरपंच सचिव सहित जन सेवा मित्रों के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

### जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर बधाई

औबेदुल्लागंज। मध्य प्रदेश कांग्रेस की कमान युवा नेता जीतू पटवारी को मिलने पर और विपक्ष का नेता युवा आदिवासी उमंग सिंगार के बनने और उपनेता हेमंत कटारे को बनाने पर कांग्रेस नेता और कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। जिसमें नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को पदभार ग्रहण करेंगे।



जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर देवेंद्र सिंह राजू, रमेश गौर, विनोद इरपाचे, हरजीत सिंह मंगू, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेश खटीक, संजय सिंह, बसंत साहू, निलेश गौर, संजय सिंह चौहान, परेश नागर, पंकज नागरानी, खेत सिंह चौहान तामोट, पूर्व जनपद अध्यक्ष कमलेश चौहान तामोट, मनोज खटीक, अमर पेठारी, सोहन, डॉ. सुनील गुप्ता, बंदना मालवीय, पवित्र कौर आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



## भाजपा जिला उपाध्यक्ष शर्मा की माता को पटवा ने दी श्रद्धांजलि

### विधायक पटवा ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की

औबेदुल्लागंज। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा की माता विद्या देवी शर्मा के निधन के बाद सोमवार को उनके निवास पर पहुंचे विधायक सुरेंद्र पटवा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर जयप्रकाश किरार, पूर्व विधायक संजय शर्मा, तेंदूखेड़ा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, अशोक पटेल इटाया, युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, दीपू परमार, माधव यादव, रामेश्वर नागर सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड की दी धमकी, केस दर्ज

भोपाल। कोलार पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा की शिकायत पर साथ पढ़ने वाले छात्र पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। छात्रा का आरोप है कि सहपाठी करीब पांच महीने से उसका पीछा कर परेशान कर रहा है। वह कह रहा है कि तुम्हारी फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर दूंगा। आरोपी ने एक फोटो एडिट कर उसके किसी दोस्त को भी भेजी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 15 साल की नाबालिग इलाके में रहती है। वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके साथ रमीज खान पढ़ता है। रमीज खान उसे करीब पांच महीने से परेशान कर रहा था। वह स्कूल और कोचिंग जाते समय उसका पीछा करता था।

दो कक्षाओं में एक साथ 80 प्रशिक्षणार्थी हो सकेंगे शामिल

# महानगरों के बाद अब राजधानी में विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजा भोज हवाई अड्डा, भोपाल पर नवनिर्मित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान (एएसटीआई), बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रयोगशालाओं के मामले में भाविप्रा का एक आधुनिक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है। यह अंतरराष्ट्रीय नगर विमानन संगठन (आईसीएओ) मानकों के अनुसार, विमानन सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण देता है।

बीसीएएस-आईसीएओ द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले प्रशिक्षण पैकेज के द्वारा विमानन मानक के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। शीघ्र ही उक्त संस्थान में विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण का पहला बैच शुरू होने जा रहा है। इस संस्थान में दो कक्षाओं में एक साथ 80 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इसमें कंप्यूटर लैब, प्रोजेक्शन सिस्टम, डिस्प्ले इंटरैक्टिव स्क्रीन और लेन कनेक्टिविटी के साथ-साथ हाई-स्पीड वाई-फाई सहित नवीनतम सुविधाएं उपलब्ध सीट की क्षमता वाली दो कक्षाएं एक आईईडी मॉडल कक्ष, मॉडल एसएचए कक्ष, कैफेटेरिया और पुस्तकालय सुविधाएं उपलब्ध हैं। कंप्यूटर लैब प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी अत्याधुनिक हार्डवेयर के साथ-साथ आवश्यक सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध है।

### इन कोर्सों का मिलेगा प्रशिक्षण

1) विमानन सुरक्षा इंडक्शन कोर्स - 05 days
2) विमानन सुरक्षा बेसिक कोर्स (प्रारंभिक) - 14 days
3) एनसीएएसपीटी-2018 के अनुसार एवसेक बेसिक रिफ्रेशर कोर्स - 03 days
4) स्क्रीनर्स प्री सर्टिफिकेशन कोर्स (स्टैंडअलोन) - 03 days
5) महानिदेशक, बीसीएएस द्वारा एएसटीआई, भाविप्रा, भोपाल को आवंटित कोई अन्य विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण एएसटीआई का उपयोग एनसीएएसटीपी, 2018 के अनुसार पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करके विमानन सुरक्षा की दुनिया में योगदान देने में किया जाएगा।

### कुछ महानगरों में है प्रशिक्षण संस्थान

यह मध्य भारत का पहला प्रशिक्षण संस्थान है, जहां देशभर से प्रशिक्षणार्थी समय-समय पर विमानन सुरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। अभी तक इस प्रकार के प्रशिक्षण संस्थान कुछ महानगरों तक ही सीमित थे, परन्तु अब भोपाल शहर में यह सुविधा के होने से कम व्यय में अधिक लोगों को प्रशिक्षण सरलता से दिलवाया जा सकेगा। साथ ही, इससे लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# बुजुर्ग इलाज के लिए परेशान, आयोग ने स्वास्थ्य आयुक्त से मांगा जवाब

## भोपाल जिले के तीन मामलों में लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि प्रदेश के जिला अस्पताल में जीरियाटिक सेंटर अब तक नहीं खुलने से बुजुर्गों को इलाज के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के सभी सात जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जीरियाटिक सेंटर खोलने का प्लान तैयार किया गया था, जिस पर अभी तक कोई अमल शुरू नहीं किया गया है। मामले में आयोग ने आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.), भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

### आयोग ने इन मामलों में भी किया जवाब तलब

आयोग ने जहांगीराबाद स्थित रसूल अहमद पल्मोनरी मेडीसिन सेंटर में सीवेज की समस्या से डॉक्टरों के परेशाान होने के मामले में आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.), भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है। वहीं कोलार क्षेत्र में कजलीखेड़ा स्थित बोरदा में बनी चिनार 7 माइल कॉलोनी का बिल बिल्डर द्वारा नहीं भरने पर रहवासियों को पिछले 25 दिनों से अंधेरे में रहा पड़ रहा है। मामले में आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्यक्षेत्र विद्युत वि.क.लि. भोपाल एवं कलेक्टर, भोपाल से मामले की जांच कराकर रहवासियों की समस्या के समाधान हेतु उचित कर्यावाही कराकर तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।


## चिंतन

# सांसदों का निलंबन हंगामे का हल नहीं

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने कड़ा एक्शन लिया है। हालांकि यह अपरिहार्य था और इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था, यह बहस का विषय है, पर अभी बीते दो दशक से विपक्षी दलों ने संसद में हंगामे को अपना धर्म जरूर बना लिया है। इससे संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संसद हंगामे का पर्याय बन गई है। लोकसभा और राज्यसभा से सोमवार को 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इनमें 33 लोकसभा व 45 राज्यसभा के हैं। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक सस्पेंड रहेंगे। बाकी तीन-को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक सस्पेंड किया गया है। इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बीते सप्ताह भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था। अभी कुल 92 सांसद निलंबन झेल रहे हैं। इसके बाद से विपक्ष पर सरकार का हमला बढ़ गया है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही कई दिनों से बाधित हो रही है और कई बार स्थगित करनी पड़ रही है। सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां लहराते रहे हैं और सदन की अवमानना करते रहे हैं। यह सांसद के आचरण के अनुरूप नहीं है। पहली बार नहीं है, जब इतने व्यापक स्तर पर सांसदों को सत्र के दौरान हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया हो, आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार सस्पेंड किया गया था। वर्ष 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया था। ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे। ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी। इसी पर हंगामा हुआ था। इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वाकआउट कर दिया था। वर्ष 2013 में लोकसभा की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को पांच दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। ये सांसद आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1962 से ही संसद से सांसदों के निलंबन का इतिहास है। तीन सितंबर 1962 को गोदे मुरहारी को संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2012 के बाद से सांसदों का निलंबन सत्र के दौरान बढ़ा है। इसका कारण यह भी है कि विपक्ष में जो भी पार्टी हो, संसद सत्र के दौरान हंगामा कर संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है। अभी संसद में विधेयकों पर सारगर्भित बहस ना के बराबर होती है, विपक्ष हमेशा सरकार के हर कदम का विरोध करने व उस पर हंगामा खड़ा करने के मूड में रहता है। राज्यसभा के रूल बुक के नियम 255 व लोकसभा रूल बुक के नियम 373 व 374 के तहत सांसदों का निलंबन होता है। सांसदों का सामूहिक निलंबन हंगामा बंद कराने का हल नहीं है, इसका लोकतांत्रिक तरीका ही निकले।

## प्राथमिक शिक्षा

अखिलेश आर्येन्दु



# सरकारी स्कूलों के कब बहुरेंगे दिन


पिछले महीने नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय ने एक आदेश में देश के सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों के लिए उनकी संख्या के अनुपात में शौचालय का राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने व सैनेटरी नैपकिन वितरण योजना पर केंद्र सरकार को अपनी नीति को चार सप्ताह में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। यह मामला कोर्ट में इसलिए लाया गया, क्योंकि इनके अभाव में हजारों लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। यह तब है जब केंद्र व राज्य सरकारें अपने यहां शिक्षा-क्षेत्र में प्रगति के बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन इनके दावों के बावजूद इनकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। करोड़ों बच्चे स्कूल जाते नहीं या प्राथमिक कक्षाओं में ही स्कूल छोड़ देते हैं, तो इनके पीछे के कारणों को समझने और उन्हें सुलझाने में वैसी रुचि केंद्र या राज्य सरकारें क्यों नहीं लेती जैसे दूसरे तमाम मामलों में? आजादी के 76 साल बाद यदि भारत की प्राथमिक शिक्षा-व्यवस्था सवालों के घेरे में है, तो क्या यह सोचने की जरूरत नहीं है कि अभी देश का भविष्य अंधकार में है या विकास की नई सुबह के साथ गरीब घर के बच्चे व उनके अभिभावक अभी शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं हो पाए हैं? यानी केंद्र और राज्य सरकारों को बगैर किसी स्वार्थ के इन उपेक्षित नौनिहालों के लिए शिक्षा के लिए वह माहौल बनाने की जरूरत है जिससे कोई छात्र या छात्रा शिक्षा पाने के लिए जिद करते दिखें। यह जानना क्या जरूरी नहीं है कि आजादी के बाद प्राथमिक शिक्षा किस दिशा में और कहां तक आगे बढ़ सकी है?

दिल्ली सहित सभी राज्यों के सरकारी क्षेत्र की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था, इनकी प्रगति, शिक्षा का स्तर, बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास जैसे तमाम क्षेत्रों की हालात आजादी के 76 सालों के बाद भी दयनीय है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों की शारीरिक व मानसिक हालात बेहतर नहीं हैं। इसका खुलासा दिल्ली सरकार के पायलट परियोजना के तहत बीस सरकारी स्कूलों में कराए गए सर्वे में हुआ है। इसमें 69 फीसदी बच्चे कमजोर पाए गए। सर्वे में बाइस हजार बच्चों की जांच की गई। जांच के दौरान पन्द्रह हजार बच्चों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) रेड जोन में मिला। इसकी एक वजह नही थी, लेकिन बड़ी वजह बच्चों में जंक फूड की बढ़ती लत देखने को मिली।

शिक्षा की गुणवत्ता में सरकारी स्कूल आज भी अच्छे नहीं हैं। बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे तमाम राज्यों के सरकारी स्कूलों की हालात किसी से छिपी नहीं है। यूनेस्को की 2021 की भारत की प्राथमिक शिक्षा की हालात पर जो रिपोर्ट आई उसके मुताबिक एक लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में एक या इससे कम शिक्षक हैं। रिपोर्ट बयां करती है 2022 में शिक्षकों की औसत उपस्थिति 80 प्रतिशत है यानी 12 प्रतिशत शिक्षक गैरहाजिर रहे। और पिछले कई वर्षों से औसतन 72 प्रतिशत छात्र गैरहाजिर रहे। लड़के-लड़कियों का स्कूल जाने को लेकर जो असमानता वर्षों से रही है, उसमें सुधार तो आया है, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं आ पाया है। इसकी वजह वे मान्यताएं हैं जो लड़कियों को लड़कों से कमतर बताती हैं। पिछले कुछ सालों में इस दिशा में सुधार तो हुआ है, लेकिन ग्रामीण इलाकों के पिछड़े परिवारों में इस तरह की मान्यताएं आज भी लड़कियों के विकास, प्रगति और शिक्षा के जरिए आगे बढ़ने में रुकावट बनी हुईं हैं। ऐसे परिवारों की लड़कियों के विकास के लिए सरकारी स्तर पर जो कोशिशें हुई हैं उससे कुछ बदलाव तो आया है लेकिन अभी ऐसा बदलाव नहीं आ पाया है कि ग्रामीण बच्चे शहरी क्षेत्रों के बच्चों के मुकाबले के काबिल बन जाते।

पिछले कुछ सालों से राज्य सरकारों ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने के दौरान हाई स्कूल व इंटर के छात्रों को लैपटाप और टैबलेट बंटवाए। इससे बच्चों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के प्रति रुचि बढ़ी, लेकिन उनकी शिक्षा में कोई ऐसा बदलाव देखने को नहीं मिला कि जिससे वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के साथ प्रतियोगिता करने के काबिल बनते। हां, ओडिशा, तमिलनाडु और केरल जैसे कुछ राज्यों ने सरकारी स्कूलों को सुधारने की बेहतर पहल की है। मिसाल के तौर पर पिछड़े राज्यों में शुमार किए जाने वाले ओडिशा में राज्य सरकार की तरफ से 5 टी हाई स्कूल पारदर्शिता कार्यक्रम व प्रौद्योगिकी कार्यक्रम वहां की शिक्षा में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने व विकास की दिशा में दूरगामी परिणाम देने वाले हैं। वर्ष 2021 में ओडिशा सरकार की ओर से शुरू की गईं शिक्षा क्षेत्र की योजनाओं के जरिये किये गए बदलाव देश के बीमारू राज्यों के लिए एक नजीर की तरह हैं।

(लेखक शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



जीडीपी ग्रोथ

डॉ. अश्वनी महाजन

# 2026 तक जर्मनी से आगे होंगे हम

जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपए यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।

गत 30 नवम्बर को भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही, जुलाई से सितम्बर के दौरान भारत की जीडीपी 7.6 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी, जो 2022-23 की दूसरी छमाही की संवृद्धि दर 6.2 प्रतिशत से कहीं ज्यादा रही। गौरतलब है कि इस तिमाही में भारत की चालू कीमतों पर जीडीपी 71.66 लाख करोड़ रही, जिसका मतलब यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय इस तिमाही में 2.01 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। सितंबर माह में डॉलर की औसत बाजार कीमत 82.5 रूपए प्रति डालर के हिसाब से आज भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2436 डॉलर प्रतिवर्ष है। यदि जीडीपी की अर्ध-वार्षिक ग्रोथ के आँकड़े देखें तो 2023-24 मार्च से सितंबर की जीडीपी 2022-23 के वर्ष के पूर्वार्ध की तुलना में ग्रोथ 7.7 प्रतिशत रिकॉर्ड की गयी। यदि जीडीपी ग्रोथ की यह रफ़्तार जारी रहती है तो जनसंख्या की अनुमानित वृद्धि के साथ सितंबर 2030 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3600 अमेरिकी प्रति वर्ष पहुँच सकती है। ग़ौरतलब है कि वर्ष 2014 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 1500 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष ही थी।

भारत में जीडीपी की संवृद्धि में हालांकि सभी क्षेत्रों का योगदान रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तिमाही की मूल्य संवृद्धि में ग्रोथ का सबसे बड़ा हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग का रहा है, यानि 13.9 प्रतिशत। ग्रोथ की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा ग्रोथ का क्षेत्र कंस्ट्रक्शन का रहा है, जहां 13.3 प्रतिशत की दर से संवृद्धि देखी गई है। तीसरा क्षेत्र बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवा का है, जहां 10.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। उसके बाद खनन है, जहां 10 प्रतिशत की दर से संवृद्धि दर्ज की गई। देखा जाए तो सेवा क्षेत्र में ग्रोथ बहुत उल्लेखनीय नहीं है। चिंता का विषय यह है कि इस तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी ग्रोथ बहुत कम 1.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। लेकिन यह किसी मौलिक दोष के कारण नहीं, बल्कि मानसून की कमी के कारण है।

मैन्युफैक्चरिंग में ग्रोथ भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की नीति की सफलता की ओर इंगित करती है। बड़ी संख्या में नई उत्पादन इकाइयां हर क्षेत्र में लग रही हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक, टेलीकॉम, मशीनरी, सोलर, प्रतिरक्षा, केमिकल, खिलौने, वस्त्र सहित विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। भारत सरकार की उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की नीति के कारण अब जल्द ही लैपटॉप, सेमीकंडक्टर इत्यादि का उत्पादन भी शुरू हो सकता है। डिजिटल क्षेत्र में भी नए उद्यम लग रहे हैं।

यदि कुछ खास संकेतकों को देखा जाए तो कोयला, स्टील, सीमेंट, खनन, बिजली उत्पादन इत्यादि में भी खासी संवृद्धि दर दिखाई दे रही है। कोयले के उत्पादन में 16.3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है, तो सीमेंट उत्पादन में 10.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है। स्टील उत्पादन में 19.5 प्रतिशत वृद्धि दिखाई दे रही है। खनन में भी 11.5 प्रतिशत संवृद्धि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की भी संख्या बढ़ी है और रेलवे के भी यात्रियों के आंकड़े




बेहतर संख्या बता रहे हैं। हवाई यात्रियों की संख्या में 22.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। बैंकों में जमा भी 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों में 13 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज हुई है। ये सभी आंकड़े देश में बेहतर होते आर्थिक वातावरण की ओर इंगित कर रहे हैं। समझना होगा कि मैन्युफैक्चरिंग की ग्रोथ का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कहीं ज्यादा होती है। भारत में जहां आर्थिक संवृद्धि की दर 7.6 प्रतिशत है, चीन में यह मात्र 4.9 प्रतिशत दर्ज की गई है, रूस में 5.5 प्रतिशत और संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 5.2 प्रतिशत। गौरतलब है कि जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपए यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।

हमारे ग्रोथ का अनुभव कुछ खट्टा-मीठा रहा है। पिछले तीन दशको में जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े तो उत्साहजनक रहे लेकिन रोज़गार के मोर्चे पर हम पिछड़ते रहे। उसका कारण यह रहा कि हमारी जीडीपी ग्रोथ में सेवाओं का योगदान ज़्यादा, लेकिन मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान कहीं कम रहा। देखा जाए तो 1995-96 में जहां जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान 21.5 प्रतिशत था, वह 2017-18 तक घटकर मात्र 16.5% ही रह गया। मैन्यूफ़ैक्चरिंग में जहाँ रोज़गार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कई गुना ज़्यादा होती है, का हिस्सा जीडीपी में घटने का असर रोज़गार वृद्धि पर भी पड़ा। युवा भारत की जनसांख्यिकी का फ़ायदा मिलने की बजाए देश में युवा जनसंख्या को रोज़गार न मिलने के कारण समस्याएँ और ख़तरे बढ़ने लगे। ग़ौरतलब है कि देश में बेरोज़गारी की दर लगातार बढ़ती रही। कोविड 19 के प्रकोप के बाद यह समस्या पहले से ज़्यादा विकट हो गई थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मैन्यूफ़ैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने के कारण इस क्षेत्र में कुछ ग्रोथ दिखाई देने लगी है। हालाँकि नई श्रृंखला के हिसाब से जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का हिस्सा 2020-21 में 18.3% से बढ़ता हुआ वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही तक सिर्फ़ 18.7% तक ही पहुँचा है, लेकिन इस दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी की दर में जुलाई-सितंबर 2022 में 7.7 प्रतिशत से घटती हुई जुलाई-सितंबर 2023 में 6.6% ही रह गई है। कार्मिक जनसंख्या का अनुपात भी शहरी क्षेत्रों में 44.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 46 प्रतिशत तक पहुँच गया है। शहरों में बढ़ते रोज़गार के आंकड़े मैन्यूफ़ैक्चरिंग ग्रोथ के सुपरिणामों की तरफ़ इंगित कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सभी ग्लोबल रेटिंग एजेंसियां का रुख भी सकारात्मक है। संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन आदि सभी ग्लोबल संगठन भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ को लेकर आशान्वित हैं, ये सभी भारत की आर्थिक नीतियों के समर्थक हैं। हमारी जीडीपी दर सबसे तेज है।

(लेखक जानेमाने अर्थशास्त्री व दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है




संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।-आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## सटाका




## आज की पाती

### पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए

हमारा देश गांवों का देश है। यहां पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांवों की दशा सुधारने के लिए कहा था कि अगर पंचायती राज संस्थाएं उचित तरीकों से काम करती हैं और आम जन विकास के कामों में भाग लेता है, तो देश में माओवादी खतरे का मुकाबला भी किया जा सकता है।पंचायतें लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी और आधार होती हैं। गांवों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा जिम्मेदारी पंचायतों की होती है। पंचायतों से यही उम्मीद होती है कि वे अपने-अपने गांव में अच्छा बदलाव और विकास करेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेंगी।

*-राकेश गुप्ता, कांकेर*

## ट्रेंड

### उत्साह बढ़ाने वाला



वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हमारी माताओं और बहनों ने बताया कि किस तरह उज्ज्वला और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से उनका जीवन आसान हुआ है। किस तरह से उन्हें लाभ मिल रहा है। यह हम सभी के उत्साह बढ़ाने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं



जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करना हर नागरिक का सांविधानिक अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेकर सत्ता चलाने वालों को याद दिलायी जाए। नियमों के उल्लंघन पर यदि दुर्भावना आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### एक उत्कृष्ट सीख



मेरे पिता कभी सख्त नहीं थे। उन्होंने मुझे यह चुनने दिया कि मैं जीवन में क्या करना चाहता हूं और समर्थन किया। जिस तरह से उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण किया और आज़ादी दी। वह पालन-पोषण के लिए एक उत्कृष्ट सीख है।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### गाने में जान भर दी



तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा, वादों का, इरादों का और अपने यारों का यार, एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया ने किया लंबी दूरी मिसाइल परीक्षण



उत्तर कोरिया ने लगभग पांच के अंतराल के बाद सोमवार को अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। इसे परमाणु गतिविधियां रोकने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उठाये गये कदम के बदले दबाव की रणनीति के तौर पर उत्तर कोरिया का जवाब माना जा रहा है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उत्तर कोरिया की 'ह्वासोंग-18 आईसीबीएम' का संदर्भ देते हुए मिसाइल को ठोस ईंधन वाला हथियार बताया है। कहा जाता है कि तरल-ईंधन वाले हथियारों की तुलना में विरोधियों के लिए इसके प्रक्षेपण का पता लगाना बेहद मुश्किल होता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुछ समय पहले 'ह्वासोंग-18' को अपने परमाणु आयुध का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया था। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। उसने कहा कि मिसाइल का प्रक्षेपण उंचाई की तरफ किया गया था। इससे साफ है कि पड़ोसी देशों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए ऐसा किया गया था।

## ऑफ बीट

# गरीब इलाकों में कैंसर से मृत्यु का खतरा अधिक



राष्ट्रीय स्तर पर, अधिकांश तरह के कैंसर से मरने का जोखिम कम हो रहा है और यह उचित जांच, निदान और उपचार में सुधार से संभव हुआ है। लेकिन नए शोध से पता चलता है कि जब कैंसर की देखभाल की बात आती है तो इंग्लैंड में अभी भी गंभीर स्वास्थ्य असमानताएं मौजूद हैं। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग इंग्लैंड के सबसे गरीब हिस्सों में रहते हैं, उनमें अधिक समृद्ध क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की तुलना में कैंसर से मरने का जोखिम 70% से अधिक है। अपने अध्ययन का संचालन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने इंग्लैंड के 314 जिलों में 2002-2019 के बीच सबसे अधिक मौतों का कारण बनने वाले दस कैंसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के डेटा का विश्लेषण किया। किसी व्यक्ति की मृत्यु के समय पोस्टकोड का उपयोग प्रत्येक कैंसर से होने वाली मृत्यु को एक जिले के साथ निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता था। प्रत्येक जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को अभाव के अंग्रेजी सूचकांकों के डेटा का उपयोग करके मापा गया था। यह कम आय के कारण अभाव का अनुभव करने वाली जनसंख्या के अनुपात का अनुमान लगाता है। टीम ने अपने अध्ययन में केवल 80 वर्ष की आयु से पहले कैंसर से हुई मौतों को शामिल किया।

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### विवांता इंडस्ट्रीज लाएंगी बिजनेस में परिवर्तन

**अहमदाबाद।** विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने नेक्स्ट जनरेशन तकनीकी व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ संचालन में परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ड्रोन, इंफार्मेशन टेक्नोलोजी, एआई और रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों में कदम रख रही है। कंपनी ने पहले ही ड्रोन और ईवी बिजनेस पर काम शुरू कर दिया है और आने वाले समय में इसे बड़ा बनाने का लक्ष्य है।कंपनी ने विवांता ड्रोन रिसर्च सेंटर तंजानिया लिमिटेड के साथ इन-प्रिंसिपल एमओयू किया था।



### आईपीआरएस और केओएमसीए में करार

**मुंबई।** भारतीय परफॉर्मिंग राइट्स सोसायटी (आईपीआरएस) और कोरिया संगीत कॉपीराइट एसोसिएशन (केओएमसीए) ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए है, जिसके अंतर्गत संरचित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य कॉपीराइट के क्षेत्र में जागरूकता, ज्ञान, और सहयोग को बढ़ावा देना हैं ,संगीत सृजन और सामूहिक प्रबंध के लिए संगीत सृजनकर्ताओं के बीच सहयोग को बढ़ाना। भारत और कोरिया के बीच सीमाओं को पार करते हुए संगीत को प्रोत्साहित करना।

# पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का मिला अतिरिक्त समय

## फाडा ने मांगा था 15 फरवरी तक का समय, मिला 15 जनवरी 2024 तक का समय

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पूर्व पंजीकृत (पुराने) वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने संबंध में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (फाडा), डीलर्स एवं विभिन्न शहरों के वाहन विनिर्माताओं के अधिकृत डीलरों ने परिवहन विभाग से मांग की थी कि पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए 15 फरवरी 2024 तक अतिरिक्त समय दिया जाए है। लेकिन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने 15 जनवरी तक का ही समय दिया है।

फाडा के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पांडेय ने बताया कि पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने की समय 15 दिसंबर थी। फाडा की मांग पर परिवहन विभाग ने राहत प्रदान करते हुए 15 जनवरी 2024 तक की समय-सीमा निर्धारित करते हुए अतिरिक्त समय दिया। पांडेय ने अपील की है कि वाहन स्वामियों स्वेच्छा से केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 का पालन करें। सभी लोग जिनके पास दो पहिया या चार पहिया वाहन उपलब्ध है और ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए।

### लगभग 40 हजार से अधिक प्रकरण लंबित




पुराने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने के अधतन प्रगति की समीक्षा की गई। सोसायटी फॉर इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर ;सियामद्ध द्वारा हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए अधिकृत डीलर के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति की समीक्षा में यह पाया गया कि हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट बुक कराए जाने के बाद वितरण एवं मिलान में एक सप्ताह का समय लग रहा है एवं लगभग 40 हजार से अधिक प्रकरण लबित है।

### समय सीमा बढ़ाने के साथ प्रचार-प्रसार किया जाए

विनिर्माता कंपनियों द्वारा भी एचएसआरपी लगाए जाने की चरणबद्ध प्रक्रिया में समय लगना निवेदित किया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत जनसुविधा के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि पुराने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाए जाने की समय सीमा बढ़ाई जाए एवं समाचार पत्रों एवं अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से प्रचार.प्रसार किया जाएए ताकि वाहन स्वामियों द्वारा स्वेच्छा से केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 का पालन सुनिशचित हो सके।

### 15 जनवरी 2024 के बाद की जाएगी चालानी और दंडात्मक कार्यवाही

*अतः सभी श्रेणी के दिनांक 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी लगाने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 निर्धारित की जाती है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा वर्तमान में एमएसपी लगाए जाने का लगातार जारी रखकर सभी वाहनों में एचएसआरपी लगाए जाने की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण की जाए । यदि 15 जनवरी 2024 के बाद किसी वाहन पर एचएसजारपी लगाया जाना नहीं पाया जाता है तो चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।*



आशीष पांडेय

## एक जनवरी को देशव्यापी हल्ला बोल

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आंदोलन करेंगे 12 लाख केमिस्ट

### केंद्र सरकार ने नहीं बनाया इनकी जांच और निगरानी के लिए कोई सिस्टम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बिना किसी नियम और कानून के भारत में दवाएं ऑनलाइन बेची जा रही हैं। कई वेबसाइट ऑनलाइन डाक्टर्स भी उपलब्ध करवा रही हैं। केंद्र सरकार ने इनकी जांच और निगरानी के लिए कोई सिस्टम नहीं बनाया है। हमने केंद्र सरकार से मांग की है कि यदि दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और डाक्टर्स का ऑनलाइन कंसल्टेशन बंद नहीं हुआ तो देश के 12 लाख 50 हजार से अधिक केमिस्ट और ड्रगिस्ट आंदोलन शुरू करेंगे। 1 जनवरी 2024 को इस दमनकारी नीति के खिलाफ देशव्यापी हल्ला बोल आंदोलन किया जाएगा। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल सहित केमिस्ट्स ने दवाइयों की ऑन लाइन बिक्री को लेकर गुस्सा जाहिर किया है। केमिस्टों ने दवाइयों की ऑन लाइन ब्रिकी को पूरी तरह अवैध करार दिया है।

ऑनलाइन दवा बिक्री, ई-फार्मेसी द्वारा प्रीडेट्री प्राइसिंग और नेशनल फार्मेसी कमीशन के प्रस्तावित गठन पर एआईओसीडी ने विरोध दर्ज कराया है। एआईओसीडी ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों के नाम पर खुले में बिना नियमों के बिक रही एलोपैथिक दवा और ऑनलाइन बिक रही दवाओं पर हम कई बार विरोध दर्ज करा चुके हैं। सरकार इस पर ध्यान नहीं देती। ऑन लाइन बिक्री के नाम इसमें कॉर्पोरेट सेक्टर केमिस्ट मार्केट को खत्म करने का षडयंत्र रच रहा है। शिंदे और सिंघल ने कहा कि कुछ दवाओं का उपयोग नशे के रूप में भी किया जाता है। ऑनलाइन वेबसाइट्स के माध्यम से इस तरह की दवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। इन दवाओं को मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदा जा सकता। इससे अपराध बढ़ रहे हैं और लोगों को नुकसान हो रहा है। शिंदे और सिंघल ने कहा कि कई वेबसाइट्स ने इन दिनों डाक्टर्स का ऑनलाइन कंसल्टेशन शुरू किया है। इसमें सामने वाला डाक्टर है भी या नहीं है यह कैसे पता चलेगा। कोई भी सफेद कोट पहनकर दवा लिख देता है और वह दवा उसी वेबसाइट से ऑनलाइन बुलाई जा सकती है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा 'बॉब ब्रो बचत' से बनाएगा 16 से 25 साल के विद्यार्थियों को सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब ब्रो बचत खाते की शुरुआत की है यह एक ऐसा शून्य शेष बचत खाता जो विशेष रूप से 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरंभ किया गया है। विद्यार्थियों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप निर्मित बॉब ब्रो बचत खाते को इस्तेमाल करना आसान और सरल है, इसमें न्यूनतम शेष की आवश्यकता नहीं है, जीवनभर के लिए मुफ्त डेबिट कार्ड और कई अन्य लाभों के साथ यह विद्यार्थियों तक बैंकिंग की पहुंच को आसान बना रहा है। बॉब ब्रो बचत खाता विद्यार्थियों के लिए कई ऑफ़र लेकर आया है, जिसमें कोई न्यूनतम शेष की आवश्यकता नहीं है, शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 15 बेसिस प्वाइंट्स तक की छूट है, शिक्षा ऋण पर प्रक्रिया शुल्क में पूर्ण छूट और इलेक्ट्रॉनिक्स, उपभोक्ता वस्तुओं, यात्रा, फूड, फैशन, मनोरंजन, लाइफस्टाइल, किराना और स्वास्थ्य जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों पर विशेष ऑफर के साथ जीवन भर मुफ्त रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड भी शामिल है। बैंक ने आईआईटी मुंबई के वार्षिक छात्र उत्सव और एशिया के सबसे बड़े कॉलेज सांस्कृतिक उत्सव मूड इंडिगो के साथ व बैंकिंग भागीदार के रूप में समझौता किया है।

# वनस्पति तेल का आयात नवंबर में 25 प्रतिशत घटाः एसईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का वनस्पति तेल आयात तेल सत्र 2023-24 के पहले महीने नवंबर में 25 प्रतिशत घटकर 11.60 लाख टन रहा। जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 15.45 लाख टन था।

तेल उद्योग संगठन एसईए ने कहा कि नवंबर के महीने में कुल वनस्पति तेल आयात में से खाद्य तेल 11.48 लाख टन और अखाद्य तेल 12,498 टन रहा। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है और यह खाद्य तेल श्रेणी में परिष्कृत एवं कच्चे वनस्पति तेलों का आयात करता है। तेल वर्ष की गणना नवंबर से शुरू होकर अक्टूबर तक की जाती है।

## बिजनेस न्यूज

### बचपन प्ले स्कूल का अनामिका नगर गुलमोहर में शुभारंभ




**भोपाल।** शहर गुलमोहर अनामिका नगर के लिए एक नए युग की शुरुआत जहां ज्ञान संस्कार कौशल खेलकूद व सकारात्मक विकास के लिए प्रसिद्ध बचपन प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि चिंतामन मालवीय भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा दीपोत्सव व सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। उन्होंने बच्चों ब अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहाकि उच्च शिक्षा के लिए एक मजबूत नींव की आवश्यकता होती है जो बचपन प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को शुरुआत में संस्कार खेलकूद मनोरंजन व उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास आवश्यक है जिससे छात्र आगे चलकर अपने क्षेत्र प्रदेश एवं देशहित में काम करने के लिए प्रेरित होंगे। बचपन प्ले स्कूल आज के इस परिवर्तित युग में शिक्षा मनोरंजन खेलकूद कौशल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण संगम है जहां बच्चे अपने प्रतिभा का कौशल विकास, सकारात्मक सोच एवं खेल कूद के साथ- साथ शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष बल दिया जाएगा।

### एलएनसीटी इनक्यूबेशन सेंटर के स्टार्टअप व विद्यार्थियों को नए उद्यम स्थापित करने का दिया मंत्र



**भोपाल।** रायसेन रोड एलएनसीटी कॉलेज में सूक्ष्म लघु एवं उद्यम मंत्रालय कार्यालय विकास आयुक्त एमएसएमई इंदौर के द्वारा कलचुरी इनक्यूबेशन सेंटर एलएनसिटी भोपाल में एकदिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जॉइंट डायरेक्टर जॉइंट डायरेक्टर एमएसएमई डीडी गज्बिया साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर गौरव गोयल एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर से मौजूद रहे। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जिला उद्योग और व्यापार केंद्र भोपाल से भट्ट साथी एमपीसिएसटी के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉक्टर चौबे और मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य पैकेजिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.राजीव अग्रवाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनसीटी के प्रिंसिपल डॉक्टर वीके साहू द्वारा की गई। साथ ही इसमें एलएनसीटीई के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल सक्सेना डॉ.अरविंद सिंह एलएनसीटी मैनेजनेंट कॉलेज के डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल डॉ.एके सचान भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से डॉक्टर डीडी गज्बिया जो की जॉइंट डायरेक्टर एमएसएमई है उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने और विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत में जानकारी दी।

### भाभा विवि में फार्मेसी वीक का समापन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के सभागार में फार्मेसी वीक 2023 का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाभा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ.दिलीप कुमार डे, रजिस्ट्रार डॉ.श्याम पाटकर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.नमिश मेहता और विभिन्न विभाग के डीन, प्रोफेसर, प्रिंसिपल्स, स्टाफ और स्टूडेंट उपस्थित रहे। संस्था के वाईस चांसलर डॉ.दिलीप कुमार डे ने फार्मासिस्ट की जिम्मेदारियां से छात्रों को अवगत कराया । वही रजिस्ट्रार भाभा यूनिवर्सिटी डॉ.श्याम पाटकर ने फार्मासिस्ट को समाज के लिए अद्भुत कार्य के लिए सराहा। इसी मौके पर फैकेल्टी आफ फार्मेसी के डीन डॉ.सत्कार प्रसाद ने पांच दिवसीय प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी और छात्रों को दवाइयां के बारे में जानकारी बताया । संस्था के डिप्लोमा के प्रिंसिपल डॉक्टर अमित दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया अंत में भाभा पॉलिटेक्निक फार्मेसी की प्रिंसिपल मिस रजनी देशपांडे ने सभी का धन्यवाद किया।

### आईआईएम ने एआईआरसी और डॉक्टोरल कार्यशाला की मेजबानी की



**भोपाल।** भारतीय प्रबंधन संस्थान ने हाल ही में अपना प्रभावशाली 3-दिवसीय वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन (एआईआरसी)और डॉक्टोरल वर्कशॉप 2023 संपन्न किया। आयोजित सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे, यूनाइटेड किंगडम, सऊदी अरब और वियतनाम सहित विभिन्न देशों के उत्सुक अनुसंधान विद्वानों के साथ-साथ भारत के प्रतिभागियों ने भाग लिया । इस सम्मलेन में विचारोत्तेजक विचारों का आदान-प्रदान, विभिन्न व्यावसायिक कार्यों में मुद्दों पर चर्चा में चर्चा करने के लिए 75 सेअधिक शिक्षाविदों की उपस्थिति देखी गई। सम्मेलन का थीम डिजिटल युग में व्यवसाय और प्रबंधन में बदलाव ने समसामयिक और आधुनिक दृष्टिकोण से व्यावसायिक रणनीतियों पर चर्चा की सुविधा प्रदान की। प्रतिष्ठित वक्ताओं में बेंटले यूनिवर्सिटी से प्रो. संदीप पुराओ, मिनेसोटा यूनिवर्सिटी से प्रो. आलोक गुप्ता, मिशिगन टेक यूनिवर्सिटी से प्रो. मनीष के श्रीवास्तव, नॉर्थ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी से प्रो.चेरिल वाचेनहेम, यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. डॉ. सुभाष झा शामिल थे।

### कॅरियर कालेज में कॅरियर एक्सीलेंस अवॉर्ड का शुभारंभ



**भोपाल।** कॅरियर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में कॅरियर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेंद्र शुक्ला डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र संगठन, भोपाल मध्य प्रदेश, कॅरियर ग्रुप के अध्यक्ष मनीष राजोरिया, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति राजोरिया ,प्राचार्य डॉ. चरनजीत कौर, नर्सिंग प्राचार्य, प्रोफेसर सोनी टोपो एवं ग्रुप डायरेक्टर प्रो. प्रदीप जैन किया गया। अध्यक्ष मनीष राजौरिया ने कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है और गुरु के बिना कोई भी सफल राह नहीं पा सकता। उन्होंने विभिन्न स्कूलों से पधारे लगभग 100 से ज्यादा प्राचार्य एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए कॅरियर महाविद्यालय में शिक्षा के साथ संचालित विभिन गतिविधियों से अवगत कराया साथ ही उन्होंने बताया कि कॅरियर डिजाइन स्कूल के द्वारा एनीमेशन, वी एफ एक्स और गेमिंग में अनेकों स्किल बेस्ड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिसमें एडमिशन लेकर युवा अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं। अतिथि डॉ. सुरेंद्र शुक्ला ने कहाकि 55 वर्षों से निरंतर कॅरियर कालेज द्वारा युवाओं को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा रही है जो प्रशंसनीय है। करियर एक्सीलेंस अवॉर्ड संचालित कर कालेज ने शिक्षकों की योग्यता को एक नई उड़ान दी है।

### नवनीत एजुकेशन कर रही प्रदेश में क्रिएटिविटी को प्रेरित



**भोपाल।** नवनीत एजुकेशन के यूवा स्टेशनरी ने हाल ही में मध्य प्रदेश के तीन प्रमुख शहरों-ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में आर्ट वर्कशॉप की एक श्रृंखला को आयोजित किया। विल इंडिया चेंज फाउंडेशन एनजीओ के सहयोग से आयोजित इन वर्कशॉप की थीम वसुधैव कुटुम्बकम थी, जो युवाओं को 'एक विश्व एक परिवार' से परिचित कराता है। समर्पित गुरुओं के मार्गदर्शन में हर शहर में नौ आकर्षक वर्कशॉप हुए और पूरे मध्य प्रदेश में कुल 27 वर्कशॉप आयोजित हुए। हर शहर में लगभग 2,300 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरे राज्य भर में इसमें शामिल होने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7,000 तक पहुंच गई।


### नवरचना यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जीता प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार



**वडोदरा ।** नवरचना युनिवर्सिटी के बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क), स्कूल ऑफ एनवायर्नमेंटल डिजाइन एंड आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों ने एक्सीलेंस इन डोक्यूमेन्टेशन ऑफ आर्किटेक्चरल हेरिटेज 2023 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार) जीता है। प्रोफेसर मनाली भद्रा द्वारा मार्गदर्शित 'उरु' वुडन बोट मेकिंग क्राफ्ट ऑफ केरल में इन समुद्री जहाजों में समाविष्ट गहन इतिहास और उत्कृष्ट शिल्प कारीगरी एवं कौशल हाइलाइट किया गया है। जूरी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए नाव के विस्तृत मॉडल की अत्यधिक सराहना की, जिसने जहाज की जटिल संरचना का प्रदर्शन किया। इसके मॉडल और चित्र केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा 9-15 दिसंबर तक आयोजित इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिज़ाइन बिएननेल, 2023 में प्रदर्शित किए गए थे।

### थिंक गैस ने भोपाल से 12 युवा विद्यार्थियों की पहचान की

**भोपाल।** थिंक गैस ने 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर भोपाल में अवॉर्ड समारोह के दौरान एक अंतर विद्यालयी पेंटिंग प्रतियोगिता आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट के विजेताओं की घोषणा की। यह आयोजन



भोपाल के रायसेन में ओरिएंट स्कूल में किया गया। थिंक गैस की इस पहल में 20 स्कूलों के कक्षा 6 से 8 के 4500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। इन 60 रचनाओं में से सबसे उत्कृष्ट 12 रचनाओं को छांटा गया और इन्हें थिंक गैस कैलेंडर 2024 में जगह दी गई। थिंक गैस के अध्यक्ष, मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट संदीप त्रेहान ने कहाकि हम आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट पहल को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया को लेकर रोमांचित हैं। विद्यार्थियों द्वारा जो अद्भुत प्रतिभा और जुनून दिखाया गया।

### अनमोल बोर्ड ने बनाई जैविक और अकार्बनिक विकास की योजना

**नई दिल्ली।** अनमोल इंडिया लिमिटेड बोर्ड ने कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और अधिग्रहणों को पूरा करने के लिए क्यूआईबी से धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी अगले पांच वर्षों के लिए जैविक और अकार्बनिक रूप से कंपनी के विकास के लिए विभिन्न तरीकों की योजना बना रही है। कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए गए थे। 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए, परिचालन से राजस्व 63.95 फीसदी की वृद्धि से, तिमाही 2 वित्तीय वर्ष 23 में रु. 130.64 करोड़ से बढ़कर तिमाही 2 वित्तीय वर्ष 24 में 214.19 करोड़ रुपए हो गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. इटी/टीआरएस/डब्ल्यू/09/23-24

दिनांक 15.12.2023

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टी.आर.एस.), विद्युत लोको शेड, पश्चिम मध्य रेल, न्यू यार्ड, इटारसी, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके सामने दर्शाई दिनांक को 15:00 बजे तक ई-टेण्डर निम्नानुसार आमंत्रित करते है। निविदा क्रमांक- इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/09/23-24, कार्य का नाम लोकेशन सहित – ओवर हॉलिंग ऑफ पेन्टोग्राफ टाईप एएम – 12 /आई.आर 01 एम/आईआरएएम /फिटेड इन डब्ल्यूएपी-4, डब्ल्यूएपी – 7, डब्ल्यूएजी – 9 लोकोमोटिव (टोटल क्वांटिटी 612 नोस) (ए पीरियड ऑफ 03 इयर्स) निविदा अनुमानित लागत – 58,37,476.32, निविदा प्रपत्र का मूल्य – निल, बयाना राशि– 1,16,800.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि– 03 (तीन) वर्ष, ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय– दिनांक 12/01/2024 समय 15:00 बजे तक, नोटः 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई-निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं कार्यालय वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) इटारसी के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। 2. निविदा के लिए डेफिनेशन ऑफ सिमिलर नेचर वर्क फॉर मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया इज मेनुफेक्चर/सप्लाई/रिपेयरिंग/रिहेबिलिटेशन /ओवरहॉलिंग ऑफ पेंटोग्राफ ऑफ बीजी इलेक्ट्रिक/ ईएमयूस/ मेईएमयूस ट्रेन सेट"

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर
विद्युत लोको शेड, इटारसी
पश्चिम मध्य रेलवे, इटारसी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2435/अ-6/2023-24

-: उद्घोषणा पत्र :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अभय मसारकर पुत्र स्व. अरविन्द मसारकर व अन्य निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम शाहपुरा प.ह.नं.- ....... स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक ई-8/149 जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट का फौती नामांतरण के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 27/12/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 10/12/2023 को जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील कोलार जिला-भोपाल



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कोलार, भोपाल**

क्रमांक /अ-6/ 2023-24

-: इश्तहार :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक जे.पी. तिवारी आ. वी.पी. तिवारी निवासी-लक्ष्मीनगर, बरखेडा भोपाल के द्वारा ग्राम बोरदा खसरा क्रमांक 17/9 मे.से 2500 व.फु. पर के अंश भाग का फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 27.12.2023 तक न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील कोलार जिला-भोपाल



**कार्यालय नगर परिषद सुठालिया, जिला राजगढ़ (म.प्र.)**

E-MAIL ID - CMONPSUTH@GMAIL.COM

क्रमांक/4065/ लोक निर्माण/2023 दिनांक -15.12.2023

// ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. स. | निर्माण कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण क्रम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | पूर्णता अवधि (माह) | ऑनलाइन निविदा क्र. | एनआईटी क्रमांक | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अमृत 2.0 योजना अंतर्गत पार्क निर्माण | द्वितीय | 11.84 | 8880/- | 2000/- | 06 | 2023_UAD _319179_1 | 4049 दिनांक 11.12.2023 | C & Above |
| 02 | अमृत 2.0 योजना अंतर्गत तालाब (बन्दा नाला) सौन्दर्यकरण | द्वितीय | 32.57 | 24278/- | 5000/- | 12 | 2023_UAD _319199_1 | 4050 दिनांक 11.12.2023 | C & Above |

उक्त कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 12.12.2023 समय प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 26.12.2023 समय सायं 05:30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे।

निविदा में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समचार पत्र में नही।

उपरोक्त कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

लक्ष्मी बाई लोधी
अध्यक्ष
नगर परिषद् सुठालिया

इकरार अहमद
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् सुठालिया



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् शिवपुरी (म.प्र.)**

email : cmoshivpuri@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा.प./निविदा/23/5995 शिवपुरी, दिनांक -15.12.23

:- निविदा सूचना -:

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। टेण्डर परचेस ऑनलाईन कर सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | निविदा जारी दिनांक | कार्य का नाम / आमंत्रित दर | 1. कार्य की लागत 2. धरोहर राशि 3. निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2023_UAD _318853_1 | 08/12/2023 | BATTERY SUPPLY WORK | 1. रू. 4,10,000.00 2. रू. 4100.00 3. रू. 2,000.00 | 22.12.2023 | 1 माह |
| 2 | 2023_UAD _299879_1 | 08/12/2023 | TYRE TUBE PURCHASE WORK | 1. रू. 3,60,000.00 2. रू. 3,600.00 3. रू. 2,000.00 | 22.12.2023 | 12 माह |
| 3 | 2023_UAD _318841_1 | 08/12/2023 | WORK SHOP MATERIAL SUPPLY WORK | 1. रू. 15,58,000.00 2. रू. 11,685.00 3. रू. 2,000.00 | 22.12.2023 | 1 माह |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शिवपुरी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड नर्मदापुरम**

दूरभाष क्रमांक 07574-252571 (फेक्स) 07574-253119 Email Address - eephedhos@mp.nic.in

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 27.12.2023 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू. में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47/23-24 Date 13-12-2023 | 2023_ PHED_ 319630_1 | Labour work for major and minor repairing of handpump in various villages/ habitations of Block - Bankhedi, District - Narmadapuram including transportation and using departmental spares/ materials of 12 months (total Nos. of handpump installed in block bankhedi - 965) | 1026500/- | 20530/- | 2000/- | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | - |

जी-21880/23

जब तक करोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नर्मदापुरम



**बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई- नीलामी विक्रय सूचना**

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस [illegible]

| क्र. | शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | बैंक ऑफ बड़ौदा, रेलवे सोसायटी अरेरा कालोनी शाखा : भोपाल | | | | |
| 1 | ऋणी- मेसर्स एमपी बायोकेयर साल्यूशन प्रोपराइटर- दिनेश राजपूत पुत्र हुकुम सिंह राजपूत जमानतदार- [illegible] | [illegible] (म.प्र.) क्षेत्रफल- 968.40 वर्गफिट [illegible] भौतिक कब्जा | ₹ 14,25,000/- ₹ 1,42,500/- ₹ 10,000/- | 10-01-2024 दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक | 03.06.2021 25-09-2023 ₹ 9,62,550/- + ब्याज एवं अन्य खर्च |

विक्रय के नियमन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। [illegible]

कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट / ibapi पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।

तारीख : 19.12.2023, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## कोर्ट से मुस्लिम पक्ष बोला लीक नहीं हो अंदर की बात

# एएसआई ने ज्ञानवापी की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपी, याचिकाकर्ताओं को 21 दिसंबर को मिलेगी कॉपी

*ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। एएसआई ने इसकी रिपोर्ट सोमवार को वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी। रिपोर्ट के साथ दी गई सामग्री जिलाधिकारी के संरक्षण में दे दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी की काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोमवार को एएसआई ने जिला जज की अदालत में सौंप दी। कोर्ट के आदेश पर पूरी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है। सर्वे में जुटाई गई सामग्री डीएम को सौंपी गई है।

रिपोर्ट को लेकर मुस्लिम पक्ष ने भी एक अर्जी दाखिल की है। इसमें रिपोर्ट के साथ ही बिना हलफनामे के किसी को भी सार्वजनिक नहीं करने की इजाज़त न देने की मागं की गई है। अब अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

1. अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी
2. सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी के सर्वे की मंजूरी मिली थी



### रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी

*दिल्ली की राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से श्रृंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई के तहत जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दिया था। जिला जज की अदालत ने एएसआई को सर्वे कर सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करने का आदेश एएसआई को दिया था। पहले यह रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी। लेकिन बारिश और अन्य कारणों का हवाला देते हुए एएसआई लगातार रिपोर्ट जमा करने के लिए समय मांगता रहा।*

### 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था


वाराणसी जिला जज के आदेश पर 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था। लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट फिर हाईकोर्ट पहुंचने से रुक गया था। इसके बाद 4 अगस्त को दोबारा सर्वे शुरू हुआ और 16 नवंबर तक चला।जिला जज का आदेश मिलते ही 24 जुलाई को एएसआई की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। हालांकि, मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। इसके बाद उसी दिन यानी 24 की शाम को सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगा दी थी । इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी सर्वे की मंजूरी मिली। 4 अगस्त से एएसआई के देशभर से आए विशेषज्ञों ने सर्वे शुरू किया। 4 अगस्त से जारी सर्वे 16 नवंबर को पूरा हो गया। वाराणसी कोर्ट ने शुरुआत में सर्वे के लिए 28 दिन का वक्त दिया था। उसके बाद एएसआई की मांग पर कोर्ट ने सर्वे का वक्त 3 बार बढ़ाया।

## खबर संक्षेप



### मेथामफेटामाइन जब्त, 69 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस ने पिछले पांच महीनों में 150 करोड़ रुपए मूल्य के 252 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किए हैं। इसके साथ ही 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस अवधि के दौरान करीब 10 करोड़ रुपए मूल्य की 1 किलो कोकीन, मारिजुआना (49 किलो), भांग के पौधे (3 किलो), कफ सिरप की 497 बोतलें और एंटी-एंग्जाइटी टैबलेट अल्प्राजोलम की 583 गोलियां जब्त कीं। जिनकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस द्वीप को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।



### बदलेगी सूरत, मुंबई में बसेगी 'थर्ड मुंबई'

**मुंबई।** बढ़ती आबादी को देखते हुए लोगों को बेहतर हाउसिंग, इंस्फ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट सुविधाएं देने के मकसद से महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए तहत एक नया शहर बसाने का फैसला लिया गया है, इसे थर्ड मुंबई नाम दिया गया है। यह नया शहर नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास विकसित होगा। मुख्य शहर से इसका जुड़ाव मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के जरिए होगा। सूत्रों के मुताबिक पिछले हफ्ते प्रदेश सरकार ने इस प्रस्ताव के लिए हामी भर दी थी। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को एमएमआर के अंतिम छोर को नया रूप देने की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। साथ ही समय पर काम पूरा करने के निर्दश दिए जा रहे हैं।

### योगी की हंसी का वीडियो हो रहा शेयर

**नई दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद के पाकिस्तान में जहर देने की खबर के बाद सोशल मीडिया पर मीम की बाढ़ आ गई है। लोग दाऊद की तस्वीर के साथ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की एक हंसी वाला वीडियो शेयर कर रहे हैं। इस वीडियो में योगी खिलखिलाकर हंसते दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो से साफ लग रहा है कि ये यूपी विधानसभा का वीडियो है। लेकिन लोग मजे के लिए इसे सीएम योगी और दाऊद इब्राहिम की माला चढ़ी तस्वीर के साथ जमकर शेयर कर रहे हैं। वीडियो में योगी आदित्यनाथ जमकर हंसते दिख रहे हैं। आपको बता दें कि रविवार को देर रात इंडिया का मोस्ट वांटेड दाऊद इब्राहिम को जहर देने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इस खबर के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तुरंत मीम्स चलना शुरु हो गए थे।



## लाभार्थियों से संवाद: चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं सर...

# पीएम मोदी ने दर्शक दीर्घा में बैठकर सुना भाषण...फिर पूछा चुनाव 'लड़ोगी' क्या?

*पीएम नरेंद्र मोदी ने सेवापुरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विकास योजना की लाभार्थी बहनों के साथ 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान एक महिला के भाषण ने पीएम मोदी को हैरान कर दिया। दर्शक- दीर्घा में बैठे पीएम ने उनसे ऐसा सवाल किया, सब हैरान रह गए।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी संसदीय क्षेत्र के सेवापुरी गांव पहुंचे। यहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम नरेंद्र मोदी दर्शक-दीर्घा में बैठे। मंच पर विकास योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं ने अपनी- अपनी कहानियां सुनाईं। इस मौके पर एक भाषण ने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। वह भाषण था चंदा देवी का। विकास योजनाओं की लाभार्थी चंदा देवी ने सरकारी योजनाओं के बारे में अपने विचार रखे। पीएम नरेंद्र मोदी बड़े ध्यान से उनका भाषण सुनते रहे। इसके बाद पूछा, आप चुनाव लड़ी हो क्या? इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हमने कभी भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सवाल कर लिया कि क्या आप आगे चुनाव लड़ना चाहती हो?

### चंदा ने कहा आपके सामने आना ही मेरा सौभाग्य






इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हम चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं। आप जो प्रयास कर रहे हैं, हम उससे कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। इस कारण ही कुछ हासिल कर पाए हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हम आपके सामने दो बात कहने में सफल हुए हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस पर पीएम ने कहा कि आपकी बातों पर महिलाएं तालियां बजाएंगी।

### आप लखपति दीदी बन गई हैं

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि चंदा देवी जी, आप लखपति दीदी बन गई हैं। हमारा सपना है कि देश में हम दो करोड़ लाखपति दीदी बनाएं। आपकी बात जब वे सुनेंगी तो उन्हें विश्वास हो जाएगा कि लाखपति दीदी बन सकते हैं। इस पर चंदा देवी ने कहा कि हमलोग बोल नहीं पाते हैं। यहां पर ही कई महिलाएं हैं जो समूह से जुड़कर लखपति बनी हैं। यहां पर हर किसी को बोलने का मौका नहीं मिलता है। इस पर पीएम ने पूछा कि कितनी लखपति महिला गांव में है? इस पर चंदा ने कहा कि हमारे यहां दो से तीन महिलाएं हर ग्रुप में लखपति दीदी बनी हैं। इस पर पीएम मोदी ने उनसे एक काम करने के बारे में पूछा।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है सपना

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा सपना और संकल्प है कि गांवों की दो करोड़ माताओं और बहनों को लखपति बनाना है। उन्होंने चंदादेवी से कहा कि क्या वह इस काम में मदद करेंगी? इस पर चंदादेवी ने पूरा सहयोग देने का वादा किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने ये भी कहा कि आजकल देशभर में शादी और ब्याह में खड़े-खड़े होकर खाना खाने का रिवाज बन गया है। दोबारा खाना मिलेगा या नहीं इस चक्कर से बचने के लिए लोग थाली पूरी भर लेते हैं। और फिर खाना छोड़ देते हैं। इससे खाना बहुत बर्बाद हो रहा है।




### पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**वाराणसी।** वाराणसी-नई दिल्ली रिवर्स वंदेभारत एक्सप्रेस का सोमवार को पीएम मोदी ने शुभारंभ किया। ये दोनों स्टेशनों के मध्य चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है। यह ट्रेन शाम को छह बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। यहीं उसका स्वागत किया जाएगा। डीसीएम हिमांशु शुक्ल ने बताया कि इस रिवर्स वंदेभारत ट्रेन के शुरू होने से वाराणसी से सुबह प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को तेज रफ्तार व आधुनिक सुविधा मिलेगी। इसका लाभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं, वाराणसी व दिल्ली जाने वाले व्यापारियों को मिलेगा।इसके अलावा सोमवार को पीएम मोदी ने वाराणसी को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें सड़कों और पुलों, स्वास्थ्य और शिक्षा, पुलिस कल्याण, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास परियोजनाएं, रेलवे और हवाई अड्डों पर परियोजनाएं शामिल हैं. साथ ही न्यू पंडित दीनदयाल उपाध्याय को न्यू भाऊपुर से जोड़ने वाली 10,000 करोड़ रुपए की फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का भी उद्घाटन शामिल है।

## चीन का विरोध दरकिनार

# भारत ने सीमा पर रिकॉर्ड समय में बनाया हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के भारत-चीन सीमा पर बसे गांवों में बिजली नहीं होने से विकास की गति धीमी पड़ रही थी।

केंद्र सरकार, अरुणाचल प्रदेश सरकार और भारतीय सेना ने महसूस किया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले गांवों के लोगों तक बिजली पहुंचानी होगी। केंद्र सरकार ने प्रथम गांव काहो से करीब तीन किमी ऊपर जंगलों में समुद्र तल से करीब 9 हजार फुट से भी ऊपर दिचु नाले से पानी लेकर 100 किलोवाट का दिचु नाला माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने का फैसला किया।

चीन को यह मंजूर नहीं था। भारत ने उसकी गीदड़ भभकी को दरकिनार करते हुए सात महीने के रिकॉर्ड समय में दिचु हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कर दिया। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से वॉलोंग और किबिथू सर्कल के करीब 30 से अधिक गांवों को 24 घंटे रोशनी मिल रही है। इस प्रोजेक्ट का इसी वर्ष अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया था।

### चीन को हटना पड़ा पीछे

*प्रोजेक्ट से जुड़े एक उच्चाधिकारी ने बताया कि जब इसे शुरू किया जाने लगा तो चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने इसका विरोध शुरू कर दिया। वे ऊपर पहाड़ी पर आकर इसे बंद करने की धमकी देते। जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और उनके विरोध के बावजूद काम जारी रखा। भारतीय सेना ने इसके लिए चीनी सेना के अधिकारियों के साथ कई बॉर्डर पर्सनल मीटिंग (बीपीएम) की। भारत ने चीन को सख्त लहजे में संदेश दिया कि यह प्रोजेक्ट बनकर रहेगा, उसका विरोध बेकार है। इसके बाद चीन पीछे हटा। इस प्रोजेक्ट को सात महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में कुल लागत 3.8 करोड़ रुपए आई।*

## चंदा मांगने निकली कांग्रेस

# महात्मा गांधी के तिलक स्वराज कोष से प्रेरित कांग्रेस का डोनेट फॉर देश कैंपेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव-2024 से पहले देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चंदा जुटाने के लिए 100 साल पुराने अभियान को याद किया है। कांग्रेस ने धन जुटाने के लिए सोमवार से 'डोनेट फॉर देश' नाम से ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को दिल्ली में ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरुआत करते हुए कहा कि डोनेट फॉर देश अभियान, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और पूंजीवाद लोगों का पक्ष लेने वाली, तानाशाही सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज कोष' से प्रेरित है। भारतीय संविधान के मूल्यों को सुरक्षित रखने एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को संजोए रखना है।




- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक लाख 38 हजार रुपए का दिया चंदा

### क्या है कांग्रेस का चंदा मांगने वाला प्लान

बता दें पार्टी पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीती है और अब 2024 की तैयारी में जुट गई है। फंडिंग के मामले में कांग्रेस अपनी प्रतिद्वंदी भाजपा के आगे कहीं नहीं टिक रही है। भाजपा की संपत्ति कांग्रेस से आठ गुना ज्यादा है। वहीं सभी राष्ट्रीय पार्टियों से दो गुना ज्यादा है। कांग्रेस पार्टी ने 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों से न्यूनतम 138 रुपए या 1380 रुपए या 13,800 रुपए इसी तरह के गुणकों में दान मांगा है। पार्टी ने सदस्यों को कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा।

### मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले 2 नवंबर को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस को गैरकानूनी बताकर इसे वापिस लेने की मांग की थी। केजरीवाल इसी दिन मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर रोड शो में शामिल हुए थे।

## कांग्रेस से गठबंधन पर टीएमसी का रुख साफ

# गठबंधन पर ममता बोलीं: किसी को बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर अपना रुख साफ कर दिया है। उनसे पूछा गया कि क्या वह पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहती है, बेनर्जी ने कहा कि किसी को तो बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी... अगर उनके पास सही कारण हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल में उनके पास सिर्फ दो सीटें हैं।

मैं बात करने और चर्चा करने के लिए तैयार हूं...'' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन बिल्कुल संभव है। बता दें यह बात आज मंगलवार को इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले सीएम ममता बेनर्जी ने कही है।

### आज गठबंधन की बैठक एक बेहतर अवसर



सीएम ममता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का पीएम उम्मीदवार 2024 के चुनाव के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन निश्चित रूप से संभव है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सभी साथ होंगे। इस (सीट बंटवारे) मामले पर चर्चा का अवसर मंगलवार की बैठक में मिलेगा। इस पर ज्यादातर राजनीतिक दल एक-एक सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हो सकता है कि एक या दो सहमत न हों... मेरा कोई विरोध नहीं है।

### सदन सर्वोच्च तो डरते क्यों हैं?

संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 33 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मुख्यमंत्री बेनर्जी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सामूहिक रूप से उन्हें सभी को निलंबित करना होगा। अगर वे सोचते हैं कि सदन सर्वोच्च है तो क्यों डरते हैं?

## 240 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है अयोध्या का रेलवे स्टेशन

# राम की नगरी का रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से होगा लैस

*अयोध्या में पिछले चार साल से बन रहे रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या का कायाकल्प करने के लिए लगातार योगी सरकार काम कर रही है। एक तरफ सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एयरपोर्ट की भी शुरुआत इसी महीने होने वाली है। इसके साथ ही पिछले चार सालों से अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर के तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 31 दिसंबर तक हो जाएगा काम पूरा

**खास बातें**

- यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं
- 10 हजार वर्गमीटर में फैला है स्टेशन



### इस तरह की होंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

अयोध्या रेलवे स्टेशन का काम 31 दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। नए भवन में फिनिशिंग का काम चल रहा है। यहां बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर, एसी वेटिंग रूम, वॉशरूम, पेयजल बूथ, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाएं तैयार हो चुकी हैं। पूरे भवन को वातानुकूलित बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था होगी। स्टेशन करीब तीन किलोमीटर लंबा होगा।

### रेलवे स्टेशन के फेज 1 का काम हुआ पूरा

इसमें पहले चरण में अयोध्या स्टेशन के विस्तार को लेकर रेलवे की तरफ से 240 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है। स्टेशन को नया लुक दिया जा रहा है। इसमें खूबसूरत भवन, पार्किंग, कर्मचारियों के लिए आवास, रेलवे पुलिस के लिए कार्यालय, तीन नए प्लेटफार्मों का निर्माण, रोड निर्माण, ड्रेनेज संबंधी कार्य सहित अन्य काम हो रहे हैं। बिल्डिंग की बात करें तो यह 10 हजार वर्गमीटर में फैला है।

## दिल्ली मेट्रो में महिला की हुई मौत

# परिवहन मंत्री ने डीएमआरसी से मांगी घटना की पूरी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो के दरवाजे में फंसकर महिला के घसीटने और बाद में उसकी मौत को लेकर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने नोटिस जारी कर डीएमआरसी से इस घटना की पूरी जानकारी मांगी है। इस बारे में मिली जानकारी अनुसार मंत्री गहलोत ने सोमवार को बोलते हुए कहा कि ऐसी दुखद घटना से बहुत दुख होता है।

इस मामले पर मैंने डीएमआरसी को पत्र लिखकर कहा है कि उक्त घटना की जांच से जुड़ी पूरी रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे। हमने डीएमआरसी के एमडी सतीश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि इस मामले की पूरी जांच रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भी भेजी जानी चाहिए। गहलोत ने कहा कि हमने डीएमआरसी से पूछा है कि यह बताएं कि वह डीएमआरसी की मुआवजा नीति के बारे में भी पूरा विवरण भेजा जाए।



केंद्रीय मंत्री रिजिजू दिखाएंगे हरी झंडी

# भारत शुरू करेगा आज से आर्कटिक के लिए पहला शीतकालीन विज्ञान अभियान

*केरल के शेख हसन खान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन के शिखर पर तिरंगा फहराकर कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य अंटार्कटिका में हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाना है। विज्ञानियों की टीम 30 से 45 दिनों तक न्यालेसुंड के अनुसंधान केंद्र में रहेगी और अध्ययन करेगी।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अपने अनुसंधान स्टेशन हिमाद्रि में पूरे वर्ष उपस्थिति बनाए रखने के प्रयासों के तहत आर्कटिक क्षेत्र में अपना पहला शीतकालीन विज्ञान अभियान मंगलवार को शुरू करेगा। हिमाद्रि भारत का पहला स्थायी आर्कटिक अनुसंधान स्टेशन है। यह नार्वे के स्वालबार्ड में स्थित है। आर्कटिक क्षेत्र के लिए चार विज्ञानियों वाले पहले शीतकालीन अभियान को पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू हरी झंडी दिखाएंगे। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आर्कटिक के लिए यह पहला शीतकालीन अभियान है। विज्ञानियों की टीम 30 से 45 दिनों तक न्यालेसुंड के अनुसंधान केंद्र में रहेगी। उसके बाद उनकी जगह दूसरी टीम लेगी।



**खास बातें**

- विज्ञानियों की टीम 30 से 45 दिनों तक न्यालेसुंड के अनुसंधान केंद्र में रहेगी
- हिमाद्रि भारत का पहला आर्कटिक अनुसंधान स्टेशन
- अंटार्कटिका में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाना

## माउंट एकांकागुआ हिमालय के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी

*उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अंटार्कटिका में हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह पांचवीं सबसे ऊंची चोटी है जिसे 36 वर्षीय शेख हसन ने फतह किया है। केरल सरकार के कर्मचारी शेख हसन इससे पहले चार अन्य ऊंची चोटियों - माउंट एवरेस्ट (एशिया), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), और माउंट एल्ब्रस (यूरोप) पर चढ़ाई कर चुके हैं। अगले कुछ दिनों में वह चिली और फिर अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे जहां वह माउंट एकांकागुआ पर चढ़ाई करेंगे, जो हिमालय के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी भी है।*

## भारत की अब आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान स्टेशन पर साल भर रहेगी मौजूदगी

भारत की अब आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान स्टेशन पर साल भर मौजूदगी रहेगी, जैसा कि दक्षिणी ध्रुव के पास अंटार्कटिक में है। भारत ने आर्कटिक जलवायु और भारतीय मानसून के बीच संबंधों का अध्ययन करने के उद्देश्य से 2007 में अपना आर्कटिक अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया था। सरकार ने पिछले साल आर्कटिक नीति के तहत इस क्षेत्र में अधिक अनुसंधान स्टेशन और सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन बनाने की योजना साझा की थी।

## माउंट विंसन के शिखर पर फहराया तिरंगा

केरल के शेख हसन खान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन के शिखर पर तिरंगा फहराकर कीर्तिमान स्थापित किया है। अंटार्कटिका के शिविर से हसन ने कहा कि 12 दिसंबर को रात 8.40 बजे (स्थानीय समय) शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने भारतीय ध्वज फहराया।

**खबर संक्षेप**

### पाकिस्तान में समय पर ही होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** चुनावी सीमाओं के परिसीमन पर उठाई गए आपत्ति के खिलाफ पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया है। अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार रात पाकिस्तान में आम चुनावों का कार्यक्रम जारी किया गया है। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने चुनाव आयोजन निकाय द्वारा किए गए परिसीमन को बदलने के खिलाफ ईसीपी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई की।



### कारगिल में भूकंप के झटके पाक तक हिली धरती

**कारगिल।** लद्दाख के कारगिल में सोमवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद उत्तर भारत और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में उसके झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 थी और यह भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजकर 48 मिनट पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप धरती की सतह से 10 किमी की गहराई पर आया। भूकंप के झटके पाकिस्तान के इस्लामाबाद और आसपास के कई इलाकों में महसूस किए गए।



### मारा गया आतंकी सरगना हाफिज सईद का राइट हैंड हबीबुल्लाह

# पुलवामा और उरी अटैक के आतंकी हबीबुल्लाह को गनमैन ने मारी गोली

*आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था। आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था।*

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक और बड़े आतंकवादी की हत्या हो गई है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हबीबुल्लाह का पाकिस्तान में एक अज्ञात गनमैन ने कत्ल कर दिया। हालांकि, लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह की गोली मारकर किसने हत्या की है, इसका पता नहीं चल पाया है। आतंकवादी हबीबुल्लाह लश्कर चीफ हाफिज सईद का काफी करीबी था और उसकी हत्या सईद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था।



आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात बंदूकधारियों यानी गनमैन ने अब तक लगभग 23 आतंकवादियों को मार गिराया है।

**खास बातें**

- पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी
- वह पाकिस्तान में अवाम को आतंकी बनने के लिए करता था मोटिवेट
- अब तक 23 से ज्यादा आतंकी मारे जा चुके हैं

**कौन था हबीबुल्लाह?**

- *आतंकी हबीबुल्लाह को खान बाबा के नाम से भी जाना जाता था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा के लिए युवाओं को भर्ती करने और प्रशिक्षण देने और उन्हें भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सीमा पार भेजने के लिए जिम्मेदार था।*
- *वह 2016 के उरी हमले में लगभग 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए थे।*
- *वह 2019 के पुलवामा हमले में भी शामिल था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।*

## दाऊद इब्राहिम की मौत की वायरल खबर के बाद समधी क्रिकेटर जावेद नजरबंद



पाकिस्तान से बड़ी खबर आ रही है। मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है और कराची के अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। पाकिस्तान में कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

दाऊद से समधी पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरी परिवार सहित हाउस अरेस्ट किया गया है। दाऊद इब्राहिम भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। सोमवार को भी दिनभर ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं, लेकिन किसी ने सरकारी एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है वह मर चुका है। दाऊद को कथित तौर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहर दे दिया और उसे कराची के एक अस्पताल में ले जाया गया। पाक मीडिया में आ रही रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दाऊद की हालत गंभीर है और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। कुछ रिपोर्ट्स में बताया कि दाऊद ठीक है, और कराची के घर में रह रहा है। दाऊद के समधी पूर्व पाकिस्तान दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरे परिवार सहित हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।

### मुंबई हमले का मोस्ट वांटेड है दाऊद इब्राहिम

दाऊद इब्राहिम का कनेक्शन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज क्रिकेटरों में से एक से है। इस क्रिकेटर के बेटे की शादी दाऊद की बेटी से हुई है और जब यह शादी हुई तो भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में भारी हंगामा हुआ। दाऊद पर 1993 के मुंबई बम धमाकों की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें करीब 250 लोग मारे गए थे। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए थे। इन धमाकों ने मुंबई और पूरे देश में कई दंगों को जन्म दिया।

...'अंत तक लड़ने' की कसम खाई

## अमेरिका का इजराइल से संयम बरतने का आह्वान



एजेंसी ⏭ तेल अवीव

अमेरिका ने इजराइल से गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध में संयम बरतने का आह्वान किया है। अमेरिका के इस दबाव से इजराइल बेफ्रिक है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को साफ-साफ संदेश दिया है। उन्होंने गाजा में 'अंत तक लड़ने' की प्रतिज्ञा दोहराई है। अमेरिका के अनुसार, पिछले सप्ताह इजराइल के तीन बंधकों की हत्या से उनके देश में गुस्सा फैल रहा है।

बंधकों को गलती से इजराइली सेना ने गोली मार दी थी। यह बंधक सफेद झंडा लहरा रहे थे। इजराइल के अनुसार, नेतन्याहू ने कहा कि यह पत्र गाजा में लड़ते हुए मारे गए इजराइली सैनिकों के परिवारों से आया है। इसमें कहा गया है कि तुम्हारे पास लड़ने का जनादेश है। आपके पास बीच में रुकने का आदेश नहीं है। बाइडेन प्रशासन इजराइल पर बड़े पैमाने पर शुरू किए गए जमीनी और हवाई अभियान को कुछ हफ्तों के भीतर समाप्त करने का दबाव डाल रहा है।

### ईरान पर साइबर हमला 70% गैस स्टेशन ठप

*इजराइल हमास युद्ध के दौरान फिलिस्तीन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आ रहे ईरान को तगड़ा झटका लगा है। ईरान के 70 प्रतिशत गैस स्टेशनों ने एकाएक काम करना बंद कर दिया है। इसके पीछे इजराइल का हाथ बताया जा रहा है। ईरान के लोग इस वक्त सड़कों पर हैं और पेट्रोल की किल्लत के चलते स्टेशनों पर लंबी कतारें लगाए हुए हैं। मामले ने तूल पकड़ा तो स्वयं पेट्रोलियम मंत्री को आगे आकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करनी पड़ी। दरअसल, हुआ कुछ यूं कि कथित तौर पर इजराइल से जुड़े एक हैकिंग समूह "गोंजेश्के दारांडे" या "शिकारी गौरैया" ने ईरान के पेट्रोल गैस स्टेशनों पर साइबर अटैक कर दिया, जिसके चलते देश भर के करीब 70 प्रतिशत गैस स्टेशनों ने काम करना बंद कर दिया। यह साइबर हमला क्षेत्र में उसके प्रतिनिधियों की आक्रामकता के जवाब में किया गया है।*

### गैस स्टेशन नहीं जाने की अपील

दावा किया गया कि उसने पूरे ईरान में अधिकांश गैस पंपों को निष्क्रिय कर दिया। समूह ने फारसी और अंग्रेजी में बयानों में कहा खमेनेई, आग से खेलने की एक कीमत होती है। ईरान के तेल मंत्री जवाद ओवजी ने भी पुष्टि की कि व्यवधान से देश के 70 प्रतिशत ईंधन स्टेशन प्रभावित हुए हैं। कम से कम 30 प्रतिशत गैस स्टेशन काम कर रहे हैं, बाकी धीरे-धीरे सेवाओं में व्यवधान को हल कर रहे हैं। लोगों से गैस स्टेशन नहीं जाने की अपील की है।

## सिंगापुर में 56 हजार कोरोना के नए मामले

एजेंसी ⏭ सिंगापुर सिटी

कोरोना वायरस का प्रकोप दुनिया में एक बार फिर बढ़ने लगा है। सिंगापुर में हालात बहुत खराब हैं। इसी महीने 3 दिसंबर से 9 दिसंबर के बीच सिंगापुर में कोरोना के 56,043 मामले सामने आए हैं। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वह भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। इसके अलावा मंत्रालय ने लोगों को घर के अंदर भी मास्क लगाने की सलाह दी है।

यात्रियों को हवाई अड्डों पर विशेष तौर पर मास्क पहनने के लिए कहा गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी जो अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय आंकड़े उपलब्ध हैं, उसके आधार पर ये नहीं कहा जा सकता कि बीए.2.86 या जेएन.1 अन्य प्रसारित वेरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक हैं या अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं।

### हादसे से बाल-बाल बचे राष्ट्रपति बाइडेन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डेलावेयर स्थित विलमिंग्टन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया। बाइडेन अपनी पत्नी जिल के साथ कार्यक्रम से लौट रहे थे, उसी दौरान काफिले से एक कार टकरा गई। हादसे में राष्ट्रपति और प्रथम महिला को कोई चोट नहीं आई। सीक्रेट सर्विस ने मौके से ही दोनों को रेस्क्यू कार में बिठाकर रवाना कर दिया। घटना के बाद यह कार चौराहे की तरफ बढ़ रही थी कि सुरक्षाकर्मियों ने हथियार दिखाते हुए उसे घेर लिया और कार चालक को पकड़ लिया।

### श्रीलंकाई से 14 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

***कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली गई है। नौसेना ने बयान में कहा कि इन मछुआरों को रविवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से गिरफ्तार किया गया। इस साल करीब 240 भारतीय मछुआरों को 35 ट्रॉलरों के साथ अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 6 दिसंबर को मन्नार और कोविलन के पास पूर्वोत्तर जल क्षेत्र से 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था।*

स्पेस स्टेशन पर पहुंचाएगा सामान

## 13 साल बाद अमेरिका फिर शुरू करेगा अपना स्पेस शटल प्रोग्राम

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अगले साल यानी 2024 में अमेरिका फिर से अपना स्पेस शटल प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है। इसके लिए उसने निजी कंपनी सिएरा स्पेस को चुना है। इस कंपनी का यान ड्रीम चेसर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर सामान लेकर जाएगा। यह उड़ान पूरी तरह से मानवरहित होगी। सिएरा स्पेस ने यात्रियों वाले स्पेसक्राफ्ट को ड्रीम चेसर और कार्गो सामान ले जाने वाले यान को शूटिंग स्टार नाम दिया है। यात्रियों और सामान के हिसाब से इंटीरियर में थोड़ा बदलाव है।

### ड्रीम चेसर की सफल लैंडिंग कराई गई थी

पिछले साल फरवरी में ड्रीम चेसर की सफल लैंडिंग कराई गई थी। अमेरिका के कॉमर्शियल स्पेस ट्रांसपोर्टेशन ने सिएरा स्पेस को केप केनवरल स्पेसपोर्ट शटल लैंडिंग फैसिलिटी में अपना स्पेस प्लेन ड्रीम चेसर लैंड कराने की अनुमति दे चुका है। स्पेस प्लेन ड्रीम चेसर दुनिया का इकलौता ऐसा स्पेसप्लेन है जो किसी भी रनवे पर लैंडिंग कर सकता है।



भगवान श्रीराम-जानकी का विवाह

## नेपाल में राममयी जनकपुर नगरी झांकी पर हैलीकॉप्टर से बरसाए फूल


एजेंसी ⏭ जनकपुर

नेपाल के जनकपुर के जानकी मंदिर में रविवार को भगवान श्रीराम और जानकी का विवाह हुआ। जहां एक ओर अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरशोर से चल रही है।

वहीं उत्तर प्रदेश के अयोध्या से नेपाल के जनकपुर पहुंची बारात के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जनकपुरवासी जुटे। 12 दिसंबर को शुरू हुए 7 दिन के विवाह पंचमी उत्सव का यह भव्य नजारा है। पारंपरिक विवाह महोत्सव के साक्षी देश विदेश के आए करीब 10 लाख श्रद्धालु बने।

### उत्तर जनकपुर में हुआ विवाह समारोह

*सीतामढ़ी के भीट्ठा मोड़ बॉर्डर से 25 किमी उत्तर जनकपुर की धरती पर पौराणिक रीति रिवाज से भगवान श्रीराम और माता जानकी के संग विवाह समारोह किया गया। राम जानकी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। स्वयंवर की शुरुआत होने पर हेलिकॉप्टर से भी फूल बरसाए गए। भगवान श्रीराम और सीताजी की झांकी, डोला को जानकी मंदिर परिसर में मड़वा पर लाया गया।*



### त्रेतायुग में जनकपुर में हुआ था सीता और राम जी का विवाह

राजा जनक जी की पुत्री होने के नाते मां सीता को जनकी माता कहते हैं। वहीं प्रेम से मिथिलावासी और अयोध्यावासी उन्हें जनक नंदनी भी बुलाते हैं। जिस जगह मां सीता और प्रभु श्री राम का विवाह हुआ था। वह आज वर्तमान समय में नेपाल के जनकपुर में स्थित है और आज उस जगह पर एक भव्य जानकी महल है।

आतंकियों पर एनआईए बड़ा एक्शन, प्रतिबंधित संगठनों के 8 संदिग्ध गिरफ्तार

# आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ एनआईए की 4 राज्यों में छापेमारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आतंकरोधी एजेंसी एनआईए एक्शन में है। जांच एजेंसी ने आईएसआईएस नेटवर्क मामले में देश के 4 राज्यों में 19 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में एक बहुत ही खतरनाक कट्टरपंथी जिहादी आतंकी समूह का भंडाफोड़ हुआ है। एनआईए ने कर्नाटक में 11, झारखंड में चार, महाराष्ट्र में तीन और दिल्ली में एक स्थान पर छापेमारी की है।

**खास बातें**

- सबसे ज्यादा कर्नाटक के 11 ठिकानों पर रेड
- आरोपी 'विदेशी हैंडलर' के निर्देश पर भारत में कर रहे थे काम
- आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे आठों आरोपी



*भारत में चल रहे कई आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए एनआईए चौबीसों घंटे काम कर रही है। देश में कई स्थानों पर सक्रिय रूप से छापेमारी कर रही है।*

### छापेमारी में बेनामी नकदी और धारदार हथियार मिले

*छापेमारी के दौरान, जांच एजेंसी ने कच्चा माल भी जब्त किया, जिसका इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री विकसित करने में किया जाता था। एनआईए ने बेनामी नकदी, सल्फर, पोटेशियम नाइट्रेट, चारकोल, गनपाउडर, चीनी और इथेनॉल जैसे रसायन भी जब्त किए। छापे में जब्त की गई अन्य चीजों में तेज धार वाले हथियार, बेहिसाब नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज के साथ स्मार्टफोन और अन्य डिजिटल डिवाइस भी थे।*

### संदिग्धों पर एनआईए रख रही बारीकी से नजर

वहीं, 13 दिसंबर को एनआईए ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े कथित संदिग्धों के खिलाफ बेंगलुरु में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। एक सूत्र ने कहा कि ये ऑपरेशन आईएसआईएस को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के निरंतर प्रयासों का अभिन्न अंग हैं।

### भारत में आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई

*बता दें भारत में चल रहे कई आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए एनआईए चौबीसों घंटे काम कर रही है। 9 दिसंबर को एजेंसी ने छापेमारी कर 44 को गिरफ्तार किया था। ये छापे अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों द्वारा समर्थित कट्टरपंथी और हिंसक विचारधारा के समर्थकों की साजिशों से संबंधित थे।*

### कहां से कितने लोगों को गिरफ्तार किया?

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान-मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान और बल्लारी के सैयद समीर के रूप में की गई है। वहीं मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी और मोहम्मद मुजम्मिल को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया है।

नेतन्याहू सरकार ने दी मंजूरी

## रूवेन अजार भारत में होंगे इजराइल के नए राजदूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूवेन अजार भारत ने इजराइल के नए राजदूत होंगे। इजराइली सरकार ने रविवार को भारत में नए राजदूत के रूप में रूवेन अजार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। इजराइली विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि अजार श्रीलंका और भूटान में अनिवासी राजदूत के रूप में भी काम करेंगे। उनकी नियुक्ति उन 21 नए मिशन प्रमुखों में से एक है जिन्हें इजराइली सरकार ने जल्द ही सेवा ग्रहण करने के लिए मंजूरी दे दी है। विदेश मंत्री कोहेन ने नई नियुक्तियों को शुभकामनाएं दी।

### वर्तमान में रोमानिया में कार्यरत

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अजार वर्तमान में रोमानिया में इजराइल के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं। अभी यह पता नहीं है कि वह नई दिल्ली में कब कार्यभार संभालेंगे। अजार ने पहले विदेश मंत्रालय में इजराइल-अमेरिका-चीन आंतरिक टास्क फोर्स के प्रमुख के रूप में कार्य किया है, तीन साल के कार्यकाल के तुरंत बाद कई अन्य पदों पर भी काम किया है।





# 'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style



# जया 'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# 'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

## टीवी मसाला



# दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोडूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# 'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।



### 'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कईं कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

### *किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक*

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*

# पहली बार दुबई में होगी आईपीएल मिनी नीलामी, 333 खिलाड़ी शार्टलिस्ट, 77 के भविष्य का होगा फैसला




## सभी टीमों के पर्स में कुल 262.95 करोड़

## 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़

**फ्री में देखें ऑक्शन**

- ऑक्शन इस बार दुबई में मंगलवार को होने वाली है।
- ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू हो जाएगी।
- ऑक्शन को फैन्स स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनल्स पर लाइव देख सकेंगे।

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 मिनी ऑक्शन को लेकर क्रिकेट फैन्स का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। यह नीलामी मंगलवार को दुबई में होने वाली है। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा, जब नीलामी विदेश में होगी। इस नीलामी में 333 खिलाड़ियों की बोली लगने वाली है। इस बार यह मिनी ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे शुरू होगी। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर हैं। साथ ही इस लिस्ट में 111 कैप्ड और 215 अनकैप्ड प्लेयर हैं। बता दें कि आईपीएल 2024 के लिए सभी 10 टीमों के पास कुल 77 खिलाड़ियों की ही जगह है। यानी शॉर्टलिस्ट किए गए प्लेयर्स में से अधिकतर 77 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। सभी टीमों के पर्स में कुल मिलाकर 262.95 करोड़ रुपए हैं। लिस्ट में 23 प्लेयर ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। जबकि 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपए रखा गया है। इनके अलावा 1 करोड़, 50 लाख, 75 लाख, 40 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपए बेस प्राइस वाले प्लेयर भी लिस्ट में शामिल हैं।



### स्टार्क, रचिन पर लग सकती है बड़ी बोली

*आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पर इस बार सबसे बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पर भी टीमें करोड़ों लुटा सकती हैं। रचिन का बेस प्राइस सिर्फ 50 लाख है, लेकिन वनडे विश्व कप के प्रदर्शन को देखते हुए उन पर बड़ी बोली लगना तय है।*

### 215 अनकैप्ड खिलाड़ी

आईपीएल नीलामी की बात करें तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

### टीमों के पर्स में बची राशि

| टीम | राशि |
|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 31.4 करोड़ |
| दिल्ली कैपिटल्स | 28.95 करोड़ |
| गुजरात टाइटंस | 38.15 करोड़ |
| कोलकाता नाइटराइडर्स | 32.7 करोड़ |
| लखनऊ सुपरजाएंट्स | 13.15 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | 17.75 करोड़ |
| पंजाब किंग्स | 29.1 करोड़ |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 23.25 करोड़ |
| राजस्थान रॉयल्स | 14.5 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 34 करोड़ |




### मल्लिका सागर कराएगी ऑक्शन

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक इस बार खिलाड़ियों की नीलामी मल्लिका सागर कराएंगी। देखा जाए तोआईपीएल इतिहास में पहली बार किसी महिला को ये जिम्मेदारी मिली है। मल्लिका सागर महिला प्रीमियर लीग की शुरुआती दो नीलामी में भी ऑक्शनर रह चुकी हैं। मल्लिका आर्ट की दुनिया की एक जानी-मानी हस्ती हैं और वह कई आर्ट ऑक्शन कंडक्ट कर चुकी हैं।

### अनजान खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा

*आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बीसीसीआई अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए एक प्रोत्साहन योजना शुरू करने जा रहा है। इस इंटेसिव प्लान का मकसद अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों की सैलरी को बढ़ाना है। अभी तक ऐसा होता है कि कोई अनकैप्ड प्लेयर आईपीएल ऑक्शन में जिस कीमत पर खरीदा जाता है तो उसे तीन सालों तक वही सैलरी मिलती है। लेकिन अब नए नियम के तहत आईपीएल ऑक्शन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर नीलाम हुआ खिलाड़ी एक सीजन से दूसरे सीजन के बीच जितने इंटरनेशनल मैच खेलेगा, उसकी सैलरी फ्रेंचाइजी को उसी हिसाब से बढ़ानी होगी। उदाहरण के लिए कोई खिलाड़ी यदि ऑक्शन में 50 लाख से कम कीमत में बिकता है और फिर वो कम से कम एक इंटरनेशनल मैच खेलता है तो फ्रेंचाइजी उसकी सैलरी बढ़ाकर 50 लाख रुपए करेगा। 5-9 इंटरनेशनल मैच खेलने पर फ्रेंचाइजी को उस खिलाड़ी की सैलरी 75 लाख रुपए करनी होगी। वहीं अगर खिलाड़ी दो आईपीएल सीजन के बीच 10 इंटरनेशनल मैच खेल लेगा तो उसकी सैलरी 1 करोड़ रुपए कर दी जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### तारीखों पर फीफा ने जताई निराशा

**जेद्दा।** विश्व फुटबॉल के शासी निकाय फीफा ने रविवार को कहा कि अमेरिका में फीफा क्लब विश्व कप के पहले सत्र का आयोजन 15 जून से 13 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। फुटबॉल खिलाड़ियों के संघ 'फीफप्रो' ने हालांकि फीफा के इस फैसले की आलोचना की है।

### प्रणवी अंतिम चरण में संयुक्त 5वें स्थान पर

**माराकेश।** भारत की प्रणवी उर्स सोमवार को यहां लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं। दो दौर के बाद प्रणवी का कुल स्कोर नौ अंडर है। उन्होंने पहले दौर में अल मादेन कोर्स पर 68 का स्कोर बनाया था। प्रणवी ने दूसरा दौर रॉयल गोल्फ डि माराकेश कोर्स पर खेला।



**क्रिकेट : तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच दोपहर 4.30 बजे**

# पाटीदार या रिंकू को मिलेगा पदार्पण का मौका, अफ्रीका के खिलाफ वनडे आज

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा। अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे श्रृंखला में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गए जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी।



### रजत का दावा मजबूत

टीम में हालांकि फिलहाल रिंकू की भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते है। पाटीदार 2022 में भी भारतीय वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था। टीम ने इस श्रृंखला में मैच फिनिशर की भूमिका अनुभवी संजू सैमसन को दी है जो राहुल के बाद छठे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे।

### तिलक या सैमसन होंगे बाहर

*लिस्ट ए क्रिकेट में रिंकू का औसत लगभग 50 का है ऐसे में टीम प्रबंधन दोनों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगा। इस मैच में पाटीदार और रिंकू दोनों को पदार्पण का मौका मिल सकता है लेकिन इसके लिए तिलक वर्मा या सैमसन को बाहर होना होगा जिसकी संभावना कम दिखती है। पहले मैच में तिलक को सिर्फ तीन गेंद खेलने का मौका मिला जबकि सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।*

### डिकॉक की खल रही कमी

*दक्षिण अफ्रीका के लिए दिग्गज क्विंटन डिकॉक के संन्यास के बाद टीम में सामंजस्य बैठाने की चुनौती है। डिकॉक की प्रवाहमय बल्लेबाजी के कारण रासी वैन डेर डुसेन, हेनरिक क्लासेन्स और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका मिलता था। उनकी गैरमौजूदगी में टीम के शीर्ष क्रम के सामने भारत के स्विंग गेंदबाजों के खिलाफ सतर्कता से बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी।*

# मानसी-तुलसी को स्वर्ण भगत को दो रजत पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन ने यहां पांचवें फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशल 2023 टूर्नामेंट में महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता जबकि टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो रजत पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता का आयोजन यूएई में 11 से 17 दिसंबर तक किया गया। विश्व पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया की दूसरे नंबर की मानसी और मुरुगेसन की जोड़ी ने एसएल3-एसयू5 महिला युगल वर्ग के फाइनल में लियानी रातरी ओकतिला और खालिमातुस सादिया की इंडोनेशिया की जोड़ी को 15-21, 21-14, 21-6 से हराया। पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक



विजेता भगत को हालांकि एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल के खिलाफ 17-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल एसएल3-एसयू-4 वर्ग में भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी को फाइनल में हिकमत रामदानी और लियानी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## स्थानीय खेल समाचार

**मप्र की टीम एक स्वर्ण, 4 रजत, 10 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर**

# 34वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंटमें 4 गोल्ड 2 सिल्वर, दो कांस्य पदकों के साथ उड़ीसा पहले स्थान पर

### एसएससीबी भारतीय सेना की टीम 10 स्वर्ण एक रजत पदक के साथ दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ तथा मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय संजीव कुमार सिंह आईपीएस की स्मृति में आयोजित 34वीं सीनियर महिला पुरुष राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के तीसरे दिन 5000 मी. महिला पुरुष, और 500 मी. मिक्स के इवेंट संपन्न कराए गए।





### विशाल और मंजीत की जोड़ी ने कयाक में मप्र को दिलाया गोल्ड

*राजधानी के छोटे तालाब पर चल रही 34वीं नेशनल कयाकिंग-केनोइंग नेशनल चैंपियनशिप में सोमवार को मप्र के विशाल और मंजीत की जोड़ी ने 5000 मीटर कयाक के-2 में मप्र को स्वर्ण पदक दिला दिया। वहीं 5000 मीटर केनो सी-2 वूमंस में मासूमा यादव और परमिंदर की जोड़ी ने ब्रांज मैडल जीता। इसके साथ ही महिलाओं के 5000 मीटर कयाक के-1 में ही आस्था दांगी ने सिल्वर मैडल पर कब्जा जमाया।*



### अतिथियों ने विजेताओं को पहनाए मेडल

*500 मीटर की रेसेस इवेंट के मेडल विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मेडल सेरेमनी के समय भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन गुलरिया एडीजी साजिद फरीद शापू, पीएस बुंदेला, संतोष सिंह राजपूत, विश्वामित्र अवार्ड विनोद मिश्रा, सचिव एमपीकेसीए मयंक ठाकुर, वरिष्ठ आईएएस सोफिया फारुकी, कमिश्नर हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट के कर कमलो द्वारा मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। अन्य अतिथि मंजरी झारुहार प्रथम महिला आईपीएस, डीजीपी बिहार पुलिस, अभिषेक सिंह चौहान निदेशक भारतीय खेल प्राधिकरण भोपाल, श्रीलंका कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष तथा एडमिरल नेवल चिदंबगा कुमार शिंदे, कनाडा के कोच जकरिया महमूदी, पूर्व खेल संचालक बलबीर सिंह कुशवाहा मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य भारतीय ओलंपिक संघ, एडिशनल एसपी राजेश भदौरिया आदि मौजूद रहे।*

### समापन समारोह आज

19 दिसंबर को प्रतियोगिता का समापन समारोह किया जाएगा। कल प्रतियोगिता में 200 मीटर की महिला, पुरुष, मास्टर्स, की फाइनल रेसेस कराई जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर व अन्य विशेष अतिथियों की उपस्थिति में आयोजन संपन्न कराया जाएगा।

**7वीं मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स कप (वेटरन) क्रिकेट प्रतियोगिता**

# उद्घाटन मुकाबला: मैत्री मैच में बार एसोसिएशन भोपाल रेड ने मीडिया इलेवन को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 7वीं मास्टर्स कप (वेटरन) क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 18 दिसम्बर से ओल्ड कैंपियन खेल मैदान पर शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ध्रुव नारायण सिंह और मशरूम वर्ल्ड के डायरेक्टर हर्षित शर्मा ने किया। इस अवसर पर भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रजत मोहन वर्मा,



सह सचिव शांति जैन, उपाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर, पूर्व रणजी टीम कप्तान मध्यप्रदेश बृजेश तोमर, वरिष्ठ क्रिकेटर इकबाल सिद्दीकी, सादउद्दीन, हेमंत कपूर, संदीप कुरापा समेत शहर के सभी वरिष्ठ खेल प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

सोमवार को खेले गए उद्घाटन मैच एक मैत्री मैच के रूप मे मीडिया इलेवन और बार एसोसिएशन भोपाल रेड के मध्य खेला गया, जिसमें भोपाल रेड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल रेड ने 19 ओवर में 157 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### आज के मैच

*एमसीसीए विरुद्ध वीएस क्रिकेट अकादमी*

*फेथ क्रिकेट क्लब विरुद्ध अरेरा क्रिकेट अकादमी*

## श्रमोदय आवासीय विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव शुरू

**भोपाल।** श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में वार्षिक खेल महोत्सव 2023 का शुभारंभ किया गया जो आगामी तीन दिवस तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिक खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बाधा दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में भी श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल से कला एवं खेल के क्षेत्र में प्रतिभागियों का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। प्राचार्य विजय सिंह महोबिया एवं प्रभारी उप प्राचार्य कल्पना कटकवार ने मशाल प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया गया तथा विद्यार्थियों को खेल भावना से प्रोत्साहित कर आशीर्वचन दिए।



**अमित और अंकुश चुने गए मैन ऑफ द मैच**

# वीसीएस रेड और फेथ की टीमों ने जीता राजा अली टी-20 खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

वीसीएस और फेथ की टीमों ने राजा अली टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब जीत लिए हैं। बाबे आली मैदान में वेटरन वर्ग के फाइनल में वीसीएस की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए। जवाब में आईपीसीए भोपाल 11 की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन ही बना पाई और 17 रन से मैच गंवा बैठी। टीम के लिए एकमात्र बल्लेबाज जमरान जावेद ने 98 रनों की अहम पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके सके। अमित पाल



को प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। वहीं क्लब स्तर के दूसरे फाइनल में फेथ ने डीसीए सीहोर को 65 रनों से हराया। फेथ ने 20 ओवर में 207 रन बनाए. अंकुश सिंह ने 66 पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 42 रनों की उपयोगी पारी खेली।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

*अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेंशंस।*



दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।

**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**न भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। या फिर ट्वॉयज भी दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

## फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930